सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 20 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,190.28 |
| निफ्टी | 25,355.25 |
| सोना | 98,670 |
| चांदी | 1,04,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 | 27 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 193, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



लद्दाखी मॉडल से सीखेगा हिमाचल: रोहित

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### 5 देशों की यात्रा कर स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के बाद वापस लौट आए हैं। उनका विमान वीरवार सुबह पालम एयरपोर्ट पर उतरा। पीएम मोदी ने अपने आठ दिवसीय दौरे के दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया सहित पांच देशों की यात्रा की। उन्होंने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### इमरजेंसी से सबक लेना जरूरी : थरूर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक आर्टिकिल में लिखा कि इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया। शशि थरूर ने मलयालम भाषा के अखबार 'दीपिका' में अपना आर्टिकल लिखा है। यह वीरवार को प्रकाशित हुआ है। उन्होंने लिखा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक के सीएम की पत्नी को नोटिस

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एमयूडीए में अवैध भूमि आवंटन घोटाले के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने वीरवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की ओर से दायर उस अपील पर सुनवाई की, जिसमें राज्यपाल की ओर से एमयूडीए घोटाले की जांच की अनुमति को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सुनवाई 4 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में 10 सेकंड तक कांपी धरती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में वीरवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकंड तक झटके आए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बीपीएल चयन की नई गाइडलाइंस को ग्रामीणों ने बताया अन्यायपूर्ण -पेज 2
- पौंग बांध में पहुंची हजारों टन लकड़ी, वन विभाग बेखबर -पेज 3
- सरकारी लैब में तीन माह से नहीं हो रहे टेस्ट, मरीज बेहाल -पेज 6
- सर्दियों से पहले हो बेघर लोगों के लिए अस्थायी घरों का निर्माण -पेज 9
- अंबुजा कंपनी को जाने वाली सड़क पर हो रहा ट्रैफिक जाम -पेज 12

# श्रीखंड महादेव के दर्शनों को 800 श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना

## मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए भोलेनाथ के भक्त

### 23 जुलाई तक चलेगी यात्रा

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** कठिनतम धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव यात्रा वीरवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने प्रातः करीब 5.30 बजे पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष कुल्लू पंकज परमार, निरमंड के एसडीएम मनमोहन सिंह, डीएसपी चंद्रशेखर कायथ भी मौजूद रहे। हर साल की तरह इस साल भी श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

**यात्रा मार्ग पांच सेक्टरों में विभाजित पांच बेस कैंप भी किए हैं स्थापित**

इस दौरान एसडीएम मनमोहन सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग को 5 सेक्टरों में विभाजित किया गया है और 5 बेस कैंप स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सिंहगाड़, थाचड़ू, कुंशा, भीमडवारी और पार्वतीबाग में बनाए गए इन बेस कैंपों में स्वास्थ्य, पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ, अभिमास मनाली की टीम तैनात होगी एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

#### सिंहगाड़ में हो रहा श्रद्धालुओं का पंजीकरण और स्वास्थ्य की जांच

**एसडीएम** मनमोहन सिंह ने बताया कि सिंहगाड़ में यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का पंजीकरण और स्वास्थ्य जांच की जा रही है। किसी कारणवश जिनका ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पाया है, ऐसे श्रद्धालुओं के लिए सिंहगाड़ में ही ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी दी गई है। सभी बेस कैंपों में नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किए गए हैं।



श्रीखंड महादेव यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मिल्क फेडरेशन के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर।

**मिल्कफेड** के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने इस दौरान कहा कि इस बार यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक बेस कैंप में सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस, राजस्व, बचाव दल और मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा में बदलाव करते हुए ट्रस्ट ने निर्णय लिया कि प्रतिदिन 800 श्रद्धालुओं का ही जत्था रवाना होगा। उन्होंने श्रीखंड जा रहे श्रद्धालुओं से यात्रा में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया और यात्रा में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन न करने की अपील की। उन्होंने श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलमय होने की कामना भी की। वहीं, निरमंड के एसडीएम मनमोहन सिंह ने कहा कि प्रशासन की ओर से यात्रा के दौरान खाने की दरें तय की गई हैं। इसके अलावा कुछ स्थानों पर लंगर की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि बिना पंजीकरण के यात्रा पर न जाएं और प्रशासन का सहयोग करें। यह यात्रा आगामी 23 जुलाई तक चलेगी।

# आपदा प्रभावितों के लिए सेटलमेंट पॉलिसी लाएगी सरकार : मुख्यमंत्री

## दूसरे दिन भी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, सराज को कुल 7 करोड़ देने का ऐलान

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को दूसरे दिन भी मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों थुनाग, बगस्याड़, देजी गांव, बाड़ा और स्यांज का दौरा किया। देजी गांव में बादल फटने के कारण 11 लोग अभी भी लापता हैं, जबकि बाड़ा में दो लोगों की मृत्यु हुई है। स्यांज गांव में चार व्यक्तियों की मौत हुई है, जबकि पांच व्यक्ति अभी भी लापता हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों के साथ संवेदनाएं व्यक्त कीं।

**राजस्व विभाग को जल्द नुकसान का आकलन करने के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री ने बाड़ा में कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को फिर बसाने के लिए वन टाइम पॉलिसी (सेटलमेंट पॉलिसी) लाने पर विचार करेगी। सुक्खू ने कहा कि सराज के लिए दो करोड़ रुपए पहले ही प्रदान कर दिए हैं और अब लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभागों को दो-दो करोड़ तथा बीडीओ को एक करोड़ रुपए और दिए जाएंगे, ताकि बहाली कार्यों में और गति लाई जा सके। मुख्यमंत्री ने राजस्व अधिकारियों को सभी तरह के नुकसान का आकलन तुरंत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन घरों में गाद भरी है या बड़े-बड़े पत्थर आ गए हैं अथवा जो घर अब रहने के लिए असुरक्षित हो चुके हैं, उनको पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों की श्रेणी में डाला जाए, ताकि प्रभावितों को अधिक से अधिक मुआवजा मिल सके।



सराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावितों एवं बच्चों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

#### छात्राओं से कहा-थुनाग में खोलेंगे सीबीएसई स्कूल

**थुनाग** विश्राम गृह में आपदा प्रभावितों की सहायता कर रही एनसीसी की छात्राओं ने भी मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें स्कूल को हुए नुकसान के बारे में अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से वादा किया कि थुनाग में सरकार सीबीएसई स्कूल खोलेगी।

#### राहत कार्यों में डटे जवानों एवं अन्य की सेवाएं सराहीं

**भारतीय** सेना के ब्रिगेडियर यजुवेंद्र सिंह ने थुनाग में चलाए जा रहे राहत कार्यों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। सीएम ने राहत एवं बचाव कार्यों में डटे एसडीआरएफ जवानों का हौसला बढ़ाया और उनके काम की सराहना की। मुख्यमंत्री ने सेना के सभी जवानों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व होमगार्ड के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं का मदद के लिए आभार व्यक्त किया।

# शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर को अगले आदेश तक के लिए टाल दिया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं की सटीक संख्या से संबंधित नवीनतम जनगणना डाटा की अनुपलब्धता के कारण लिया गया है।

**जनगणना का नया डाटा उपलब्ध न होने की वजह से रुकी प्रक्रिया**

प्रदेश के शहरी विकास विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर बताया है कि जनगणना में देरी की वजह से इन समुदायों के वास्तविक आंकड़ों की कमी है, जिसके चलते यूएलबी चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर जारी करने और उसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया को फिलहाल रोक दिया गया है। जानकारी के अनुसार इस स्थगन का मुख्य कारण जनगणना में हुई देरी और उसके परिणामस्वरूप एससी, एसटी और ओबीसी मतदाताओं की अद्यतन संख्या का उपलब्ध न होना है। सरकार का यह कदम सुनिश्चित करेगा कि आरक्षण का निर्धारण निष्पक्ष और नवीनतम आंकड़ों के आधार पर हो। प्रधान सचिव शहरी विकास विभाग देवेश कुमार की ओर से जारी इन आदेशों में लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य जिला उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे आगामी शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए सीटों और रोस्टर का आरक्षण तब तक जारी न करें, जब तक अद्यतन जनगणना डाटा आधिकारिक तौर पर जारी नहीं हो जाता।

#### प्रदेश चुनाव आयोग ने ऑर्डर तत्काल वापस लेने के दिए आदेश

**उधर,** स्टेट इलेक्शन कमीशन ने इन आदेशों पर कड़ा संज्ञान लिया है। इलेक्शन कमीशन ने शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव द्वारा रिजर्वेशन-रोस्टर के संदर्भ में जारी ऑर्डर को तत्काल वापस लेने के आदेश दिए हैं। कमीशन ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर स्पष्ट किया कि संवैधानिक प्राधिकरण द्वारा जारी कार्यक्रम को स्थगित की शक्तियां अर्बन डवलपमेंट डिपार्टमेंट के पास नहीं है। इसलिए तत्काल आदेश वापस लेकर इलेक्शन कमीशन को सूचित किया जाए।

# थुनाग से सुंदरनगर शिफ्ट होगा औद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल में भारी प्राकृतिक आपदा के बाद, राज्य सरकार ने छात्रों के भविष्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राजस्व, बागवानी और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने वीरवार को शिमला में घोषणा की कि थुनाग स्थित औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय को सुंदरनगर स्थानांतरित किया जाएगा। थुनाग में आई भीषण आपदा के चलते कॉलेज को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वहां पढ़ रहे लगभग 300 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया था। मंत्री ने बताया कि कॉलेज के पास अपना कोई ठोस आधारभूत ढांचा नहीं है और अधिकांश छात्र नदी के पास बने किराए के घरों या पीजी में रहते थे, जो आपदा में पूरी तरह तबाह हो गए। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण विकास विभाग के आधे भवन और स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कुछ कमरों में संचालित हो रहा है।

**सरकार ने 300 विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए लिया फैसला**

लड़कियों के लिए एकमात्र छात्रावास की क्षमता भी केवल 60 छात्रों की है। आपदा के बाद थुनाग में छात्रों को सुरक्षित आवास प्रदान करना असंभव हो गया है। मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा और कई छात्रों व अभिभावकों की लगातार मांगों के बाद यह तत्काल और आवश्यक कदम उठाया गया है।

### कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग



**एजेंसी, ओटावा।** कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई। तीन दिन पहले ही कैफे का उद्घाटन हुआ था। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने कैफे पर कई राउंड गोलियां चलाईं। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कपिल शर्मा का यह कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में स्थित है। इसका नाम 'कप्स कैफे' है। इस कैफे के जरिए कपिल शर्मा ने रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में कदम रखा है। उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ भी इससे जुड़ी हैं। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। (अनंत ज्ञान)

# बिहार में जारी रहेगा वोटर लिस्ट रिवीजन

## सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार

**एजेंसी, पटना**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन जारी रखने की अनुमति दे दी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल भी उठाए।

बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई के लिए तय की है। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन पर अदालत में करीब 3 घंटे सुनवाई हुई।



याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है। वोटर की नागरिकता जांची जा रही है। यह कानून के खिलाफ है, इसलिए इस पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से वकील गोपाल शंकर नारायण, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी दलील दीं, वहीं चुनाव आयोग की पैरवी पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह ने की। (अनंत ज्ञान)

#### आधार-वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें

**सुप्रीम** कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को पहचान के तौर पर शामिल करें। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा, 'हम एक संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसका दायित्व है, लेकिन साथ ही हम यह भी नहीं होने देंगे कि वह ऐसा कुछ करे, जो उसका दायित्व नहीं है।

**खतरा** पैतृक गांव तांदी में धंसने लगी जमीन, तिरपाल से ढंका आंगन

# पूर्व सीएम जयराम के पुश्तैनी मकान में आईं दरारें

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मंडी जिले में 30 जून और 1 जुलाई को हुई मूसलाधार बारिश ने सराज घाटी को गहरे जख्म दिए हैं। इस भयावह आपदा से पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा विधायक जयराम ठाकुर का तांदी गांव स्थित पुश्तैनी घर भी अब खतरे की जद में आ गया है। गांव के जिस हिस्से में उनका पुराना घर स्थित है, वहां जमीन धंसने लगी है। बारिश के चलते घर के साथ बनी गोशाला और टॉयलेट ढह चुके हैं, जबकि घर की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं। प्रशासन ने वहां तिरपाल बिछाकर भूस्खलन से बचाव की कोशिशें शुरू कर दी हैं, लेकिन जमीन का लगातार खिसकना चिंता बढ़ा रहा है। इस पुश्तैनी घर में फिलहाल जयराम ठाकुर के छोटे भाई बीरी सिंह अपने परिवार सहित रह रहे हैं, जबकि बड़े भाई अनंत राम का घर भी नजदीक ही है, जो अब इस प्राकृतिक कहर की जद में आता दिख रहा है। आपदा के 10 दिन बाद वीरवार को जयराम ठाकुर स्वयं तांदी गांव पहुंचे और अपने परिवार से मुलाकात कर घर की स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पूरे क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा भी लिया। बताया जा रहा है कि जैसे ही बारिश तेज होती है, दोनों भाई सुरक्षित रहने के लिए जयराम ठाकुर के नए घर में शरण लेते हैं। सराज घाटी की यह त्रासदी न केवल बर्बादी की तस्वीर है, बल्कि उस धरती की पीड़ा भी है, जहां कभी हर आंगन में रौनक थी और अब हर कोने में सन्नाटा पसरा है।

**बारिश के कारण घर के साथ बनी गोशाला और शौचालय ढहे**





# नादौन से सराज पहुंची आपदा राहत सामग्री, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत कार्यों में जहां प्रशासन जुटा हुआ है, वहीं सामाजिक संस्थाएं और आमजन भी बड़ी संख्या में लोगों को राहत सामग्री प्रदान करने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में हमीरपुर जिले के नादौन विधानसभा का बड़ा जोन से भी राहत सामग्री भेजी गई है।

राहत सामग्री आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को थुनाग में औपचारिक रूप से सौंपी गई। राहत सामग्री में 5 बोरी आटा, 11 बोरी चावल, एक क्विंटल चीनी, 60 किलो चने की दाल, 60 किलो माह, 45 लीटर तेल, 50 किलो आलू, 10 बाल्टियां, 10 मग, 90 जोड़ी जूते-चप्पल, 3700 प्लेटें व गिलास, प्रेशर कुकर, बच्चों के दूध की बोतलें और स्नान व कपड़े धोने का साबुन शामिल हैं। एसबीआई के सेवानिवृत्त प्रबंधक सुदर्शन जरियाल, पूर्व उपप्रधान राजेश कुमार, 20 सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य कुलदीप कुमार, जीत सिंह, निखिल कुमार, अतुल पटियाल और बलवीर सिंह ने मुख्यमंत्री के सराज दौरे के दौरान आज मुख्यमंत्री को यह सामग्री सौंपी।

मुख्यमंत्री ने इस पुण्य कार्य के लिए सभी दानी सज्जनों का आभार जताया और कहा कि यह समाज में संवेदनशीलता और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह राहत सामग्री उपयुक्त मंडी के माध्यम से आपदा प्रभावित परिवारों को वितरित की जाएगी।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को थुनाग में औपचारिक रूप से राहत सामग्री सौंपी गई।

# ‘एक युद्ध नशे के विरुद्ध’ अभियान हो रहा सफल

## जिला पुलिस के कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नशे के खात्मे के लिए रखे विचार

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कहा है कि जिला पुलिस द्वारा आरंभ किए गए 'वॉर अगेंस्ट ड्रग्स' यानि 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के काफी सराहनीय परिणाम सामने आ रहे हैं। वीरवार को यहां टाउन हॉल में आयोजित इसी अभियान के दूसरे चरण के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने बताया कि इसका पहला चरण पिछले वर्ष 15 अक्तूबर से शुरू किया गया था। इस दौरान जिला पुलिस ने सभी पांचों थानों के अंतर्गत आने वाली पंचायतों, शिक्षण संस्थानों और गणमान्य नागरिकों तक पहुंचने का प्रयास किया तथा नशे के खात्मे के लिए आम लोगों, विशेषकर युवाओं एवं बच्चों को अभियान से जोड़ने की विशेष पहल की है।

एसपी ने बताया कि जिला पुलिस ने नशे के कई बड़े सौदागरों को पकड़ा है तथा गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अभी तक 6 गुणा ज्यादा चिट्टा बरामद किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन या तस्करी में संलिप्त लोगों को खुला नहीं छोड़ा जा रहा है। इन्हें या तो जेल में या नशा निवारण केंद्रों में रखा जा रहा है। नशे में फंसे युवाओं का पता लगाने के लिए ड्रग्स टेस्टिंग किट्स के माध्यम से टेस्टिंग भी की जा रही है। अभी तक 280 लोगों की टेस्टिंग में लगभग 125 ऐसे लोग पाए गए हैं, जो कि नशीले पदार्थों के आदी हो सकते हैं। ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार जिले के पुलिस अधिकारियों ने 41 स्कूलों को गोद भी लिया है और इन स्कूलों के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने नशे को पूरी तरह खत्म करने के लिए सभी जिलावासियों से सक्रिय सहयोग की अपील भी की तथा अभियान के दूसरे चरण के शुभारंभ समारोह में प्रतिभागिता के लिए सभी वक्ताओं, अधिकारियों, प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार जताया।

इससे पहले, मेडिकल कालेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. अनिल चौहान, कार्यकारी सीएमओ डॉ. अजय अत्री, सेवानिवृत्त जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सतीश शुक्ला ने भी नशे की समस्या पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। समारोह में हिमाचल प्रदेश परिवहन अपील प्राधिकरण के न्यायधीश राजेश तोमर, जिला न्यायवादी संदीप अग्निहोत्री, विजिलेंस की एएसपी रेणु शर्मा, एसडीएम संजीत सिंह और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।


'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में एसपी भगत सिंह ठाकुर के साथ गणमान्य व स्कूली बच्चे।

### हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दिखाई दमदार उपस्थिति

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश जिला पुलिस हमीरपुर के सौजन्य से 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व अभिभावकों का गौरव बढ़ाया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे की भयावहता से अवगत कराना तथा समाज में उनकी सक्रिय भूमिका को प्रोत्साहित करना था। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले के 9 स्कूलों से आए 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने भाषणों में तथ्यों, तर्कों और भावनाओं के माध्यम से श्रोताओं को नशे के विरुद्ध एकजुट होने का प्रेरणादायक संदेश दिया। इस मंच पर हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के छात्र सात्विक श्रेय निरंकारी ने अपने प्रभावशाली, ओजस्वी एवं जागरूकता से भरपूर वक्तव्य द्वारा प्रथम स्थान 2000 रुपए की राशि प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

वहीं, अनन्या को उनकी सशक्त प्रस्तुति के लिए सांत्वना पुरस्कार 500 रुपए की राशि प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस. भगत सिंह ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ निडर होकर आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग ने विद्यार्थियों को नशे से संबंधित विभिन्न सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्परिणामों की जानकारी भी दी तथा सभी से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग की अपील की। विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल एवं अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए प्रेरित करता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन ने जिला पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा जताई कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकेगा।

# सरकार जानबूझकर परियोजना का लटका रही काम : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पटलांदर के तहत चौरी के साथ आंसला में 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा 33 केवी सब स्टेशन का शिलान्यास किया गया था, जो अब पूरी तरह से तैयार हो चुका है। क्षेत्र की जनता को नियमित बिजली आपूर्ति देने के उद्देश्य से इसे स्वीकृत किया गया था, ताकि 10 पंचायतों को राहत मिल सके, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों बीत जाने के बाद भी यह सब स्टेशन शुरू नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा कि तेज हवाओं या सामान्य मौसम बदलाव के साथ ही क्षेत्र में बिजली की सप्लाई ठप हो जाती है, जिससे जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इसके समाधान के लिए ही सब स्टेशन बनवाया गया था, लेकिन आज वह सिर्फ एक बंद ढांचे के रूप में खड़ा है। प्रदेश सरकार को कई बार इस विषय में पत्राचार किया गया, लेकिन हर बार सिर्फ यह कहकर टाल दिया गया कि, मैनपावर की कमी है। यह कोई जवाब नहीं, बल्कि जनता को गुमराह करने की नीति है। राणा ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर इस परियोजना को लटका रही है ताकि लोगों को लाभ न मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### केकेसी का विशाल रोजगार मेला 18 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) प्रदेश चेयरमैन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष 18 जुलाई को प्रातः 9 बजे से होटल सन स्काई बैलग बस्सी में एक विशाल रोजगार मेला आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले मे हिंदुस्तान की प्रतिष्ठित कंपनियां आ रही हैं, जिसमें 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक व फार्मासिस्ट व अन्य कोर्स बी कॉम, बीबीए, एमबीए, बीडीएम फार्मा, बी टेक, बीएस सी-एमएससी-आईटी, बीएससी-एमएससी-एग्री आदि के लिए नौकरी पाने का सुनहरा मौका है। प्रदेश के चेयरमैन राजीव राणा ने कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहा क्षेत्र की जनता के लिए सकारात्मक तरीके से कार्य करना और आप सभी के सहयोग, स्नेह, आशीर्वाद से यह कार्यक्रम हमेशा कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि जो भी युवा इस रोजगार मेले में भाग लेना चाहता है, वह अपने साथ बायोडाटा, दो फोटो व समस्त शिक्षा प्रमाण पत्र सहित भाग ले सकते हैं।

### आपदा के समय प्रदेश ने पेश की नजीर : कौशल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि बारिश और बाढ़ से प्रदेश में हुए जानमाल के नुकसान के उपरांत राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम देने की दृष्टि से प्रदेश ने देश में एक नजीर स्थापित की है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री ने बेहद संवेदनशीलता का परिचय दिया, वहीं प्रदेश के अनेक सामाजिक तथा राजनीतिक संगठन और समाचार पत्र समूह भी खुले मन से जनता को राहत पहुंचने के लिए सक्रिय रूप से अपना अमूल्य योगदान देने का कार्य कर रहे हैं। कौशल ने कहा कि सुक्खू तथा विक्रमादित्य सिंह के साथ नेता प्रतिपक्ष का होना भी आपदा के समय विकट एवं दुखद परिस्थितियों में साथ मिलकर प्रभावितों का सहारा बनने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश है।

### नादौन के शिक्षकों को मिला ‘संस्कृत गौरव सम्मान’



**अनंत ज्ञान, नादौन ।** नादौन क्षेत्र के दो संस्कृत शिक्षकों ने संस्कृत शिक्षण के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय कार्यों के लिए राज्य स्तरीय' संस्कृत गौरव सम्मान' प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन के संस्कृत आचार्य नरेश मलोटिया तथा कोटला कल्लर विद्यालय के डॉ. अमित शर्मा को यह प्रतिष्ठित सम्मान हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् द्वारा प्रदान किया गया। परिषद द्वारा सोलन के अर्की में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में विधायक एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने प्रदेश के 19 शिक्षकों को संस्कृत गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

### गोरक्षक दल भरेड़ी ने प्रभावितों के लिए भेजा सामान



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत कार्यरत गोरक्षक दल भरेड़ी ने एक बार फिर समाज सेवा की मिसाल कायम की है। दल ने हाल ही में मंडी जिले में आई आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए घरेलू सामान प्रदान किया है। इस नेक कार्य में गोरक्षक दल से अभिमन्यु कालिया, मुनीश चौहान, बिक्की शर्मा, दीपक कुमार, आशीष और शंभु शर्मा, जमना देवी, निर्मल कुमार, वार्ड पंच गंजू, प्रेमी देवी, सिमरो देवी, अशीष ठाकुर, अजय सोनी इत्यादि जैसे समर्पित सदस्यों ने विशेष भूमिका निभाई। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीण जनता ने गोरक्षक दल की इस पहल की सराहना की है और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया।

### ले. कर्नल विनय ने जन्मदिन पर खिलाड़ियों को दिए 30 हजार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भरेड़ी के समीप धामरोल गांव के निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल विनय चंद्र ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कोर्फबॉल के खिलाड़ियों को 30,000 रुपए पौष्टिक आहार के लिए दान किये। हमीरपुर जिले से इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर का पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसका आयोजन 23-28 जुलाई को चेन्नई में होगा। इसमें जूनियर वर्ग के चार और सब जूनियर वर्ग के दो खिलाडी शामिल है। बिनय चंद्र ने इस अवसर पर 20,000 रुपए जिला कोर्फबॉल एसोसिएशन हमीरपुर को भी दान किए। इस प्रोत्साहन राशि के लिए जिला कोर्फबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेआर भाटिया और उपाध्यक विजय डोगरा ने विनय चंद्र का आभार व्यक्त किया और उनकी इस अनोखी पहल की सराहना की।

### गाइड्स सरहद पर वीर सपूतों को भेजेंगी राखियां



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** रक्षाबंधन पर्व का यह वर्ष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी की गाइड्स छात्राओं के लिए केवल एक पारंपरिक त्योहार नहीं, बल्कि देशभक्ति और भावनात्मक समर्पण की एक अनोखी पहल बन गया है। इस बार गाइड्स छात्राओं ने सरहद पर तैनात अपने वीर भाइयों को राखियां, ग्रीटिंग कार्ड और आत्मीय संदेश भेजने का निर्णय लिया है, लेकिन इस वर्ष यह प्रयास और भी गहराई लिए हुए है क्योंकि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद पूरे देश में सैनिकों के प्रति एक नई संवेदना और सम्मान की लहर उठी है, ऐसे में यह रक्षाबंधन केवल रक्षा-सूत्र का पर्व नहीं, बल्कि सैनिकों के बलिदान को कृतज्ञता पूर्वक नमन करने का अवसर भी बन गया है। इसी भावना को जीवंत करते हुए, टौणी देवी की गाइड्स छात्राओं ने गाइड कैप्टन कुसुम लता के मार्गदर्शन में 50 राखियँ, ग्रीटिंग कार्ड और पत्र तैयार किए हैं। हर एक राखी के साथ एक बहन का स्नेह, एक माँ की चिंता, एक बेटी का गर्व और एक पत्नी की प्रार्थना जुड़ी हुई है।

# प्रदेश की सुक्खू सरकार कर रही जनभावनाओं का निरादर : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



ब्लॉक पुनर्गठन को लेकर भाजपा की जिला इकाई ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। भाजपा ने कहा है कि यदि बमसन की आठ पंचायतों को भोरंज में मिलाने की जहमत उठाए रखी, तो पार्टी लोगों की समस्या को लेकर सड़कों पर उतरेगी। विधायक का घेराव भी करेगी। इकाई ने कहा है कि जिस तरीके से सरकार ने यह कदम उठाया है, वह बेमानी है तथा लोगों के हित में नहीं है। ऐसा भी लगता है कि इस सरकार को लोगों की जन भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है। केवल राजनीति को लक्ष्य रखकर सुक्खू की सरकार काम कर रही है।

भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभ्यावीर सिंह लवली, पंजोत पंचायत के प्रधान चमन ठाकुर, बराड़ा पंचायत के प्रधान अनिल परमार, समीरपुर पंचायत के प्रधान चंद्र मोहन, अंजना ठाकुर, नीलम अरोड़ा और अन्य भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा है पुनर्गठन के पश्चात बमसन ब्लॉक से 17 पंचायतों को निकालकर भोरंज में मिला दिया गया। इनमें से 9 पंचायतें डाडू, चंवोह, कोटला, बजड़ोह, बधानी, कंजयां, केहरवीं, अमन, ढनवान पहले ही भोरंज खंड में मिलने हेतु अपनी सहमति दे चुकी थीं, लेकिन आठ पंचायतें दाढ़ी, बगवाड़ा, समीरपुर, पंजोत, टिक्करबुला, दरव्यार, दीमी और बराड़ा लगातार सरकार और प्रशासन को अवगत करवा रही थीं कि उन्हें बमसन खंड में ही रखा जाए, क्योंकि बमसन खंड इन पंचायतों से मात्र 7-8 किलोमीटर दूर है और । परिवहन सुविधा भी बेहतर है। दूसरी ओर, भोरंज खंड की दूरी 12 किमी है, परिवहन की भी उचित सुविधा नहीं है।

# विधायक आशीष ने लगाए पौधे




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत गसोता महादेव मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण करवाया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी दीपमाला ठाकुर के निर्देशन में हुआ। इस अभियान में स्थानीय विधायक आशीष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर के बगीचे में बेल और मोरिंगा के पौधे लगाए। उन्होंने उपस्थित जनता को कम से कम एक पौधा अपने मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है, ताकि कल को हमारा भविष्य हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। जिला युवा अधिकारी दीपमाला ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के नाम पर पौधरोपण को प्रोत्साहित करके उन्हें सम्मानित करना तथा पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के प्रति श्रद्धांजलि के साथ जोड़ना, जो यह दर्शाता है कि माताएं भी पेड़ों की भांति जीवन का पोषण और संरक्षण करती हैं। विधायक आशीष शर्मा का इस कार्यक्रम को सफल बनाने और आम जन को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण का संदेश देने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम में किशोर चंद एमटीएस माय भारत, सहारा यूथ क्लब रोपा के प्रेजिडेंट शशि पाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अंडर-14 गर्ल्स में डीएवी हमीरपुर ने ओवरऑल ट्रॉफी पर किया कब्जा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**डीएवी क्लस्टर लेवल एथलेटिक मीट का सफलतापूर्वक समापन**

डीएवी क्लस्टर लेवल एथलेटिक मीट 2025- 26 का समापन हमीरपुर के अणू सिंथेटिक ग्राउंड पर हुआ। इस अवसर पर क्लस्टर हेड डीएवी भड़ोली के प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह राणा, ऑब्जर्वर स्पोर्टर्स मीट सुरेश कुमार शर्मा प्रिंसिपल डीएवी कांगू, प्रिंस ठाकुर प्रिंसिपल डीएवी लड़भड़ोल तथा मेजबान स्कूल डीएवी हमीरपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। एथलीट मीट में अंडर 14 ब्वॉयज, अंडर-17 ब्वॉयज एंड गर्ल्स के नाम रही तो वहीं अंडर-14 ब्वॉयज, अंडर 17 ब्वॉयज एंड गर्ल्स, अंडर 19 ब्वॉयज एंड गर्ल्स की ओवरआल ट्राफियां डीएवी देहरा के छात्रों ने अपने नाम की।

समापन समारोह में पहुंचने पर क्लस्टर हेड का कार्यक्रम स्थल का भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें शॉल टोपी तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतियोगिताओं के समापन के बाद विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

इसमें विभिन्न वर्गों अंडर-14 अंडर-17, अंडर 19 गर्ल्स और ब्वॉयज को गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17 तथा अंडर 19 वर्ग के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर 4म100 रिले रेस, 4म400 रिले रेस के साथ-साथ हाई जंप, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट तथा जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गौरतलब है कि प्रतियोगिता में डीएवी के 10 स्कूलों के 165 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में सुभाष सदन की संस्कुति अव्वल

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में दो दिवसीय अंतर सदन खेल प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें एसएमसी सदस्य आरती कटोच ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया। प्रतियोगिता चार सदनों सुभाष, अंबेडकर, टैगोर एवं रमन हाऊस में करवाई गई। अध्यापकों ने खेल प्रतियोगिता में रैफरी की भूमिका गौरव, अमित, अंजू , निशा कटोच और कमेंट्री की भूमिका निखिल ने निभाई।

बैडमिंटन (लड़कियों) में प्रथम स्थान सुभाष सदन आठवीं कक्षा की संस्कुति कोंडल, छठीं कक्षा की पुष्टि अवस्थी व बैडमिंटन (लड़कों) अंडर-14 में प्रथम स्थान टैगोर सदन छठीं कक्षा के अर्नव परमार, सातवीं कक्षा के अभिराज बैडमिंटन (लड़कों) अंडर-19 में प्रथम स्थान सुभाष सदन बारहवीं कक्षा के युवराज, निशांत, आदित्य। कबड्डी (लड़को) अंडर-14 मे प्रथम स्थान अंबेडकर सदन सातवीं कक्षा के मयंक, दिव्यांशु, नक्ष, अमन, अरूण, आदित्य व अरुष रहे।

वॉलीबाल (लड़कों) अंडर-19 मे प्रथम स्थान अंबेडकर सदन बारहवीं कक्षा वंश, अक्षित, अनिकेत, तुषार, आदित्य, अंश वॉलीबाल (लड़कियों) अंडर-14 मे प्रथम स्थान सुभाष सदन आठवीं कक्षा की पखुडी, अंशिका, संस्कृति, सोजल, सानवी, काव्यांशी। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को खेल भावना से खेलने का व खेल अनिवार्य रूप से अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए अब स्वयं भी कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए आवेदन को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ की गई है।

तहसील कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि अब पात्र लोग स्वयं मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप या नजदीकी लोक मित्र केंद्र के माध्यम से वेब पोर्टल हिम परिवार.एचपी.जीओवी.इन कल्याण पर लॉग इन करके सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन करने के बाद इन्हें वेब पोर्टल पर अपलोड करके आवेदन किया जा सकता है।

लोग अब घर बैठे ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांग व्यक्तियों, एकल नारियों और अन्य पात्र लोगों को काफी सुविधा होगी। तहसील कल्याण अधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए नए पात्र लोगों से ऑनलाइन आवेदन की अपील की है।

# आज सोलर प्लांट का उद्घाटन करेंगे बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू शुक्रवार से हमीरपुर के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। शुक्रवार को वह सुबह साढ़े दस बजे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में सोलर प्लांट का उद्घाटन करेंगे। शनिवार को सुनील शर्मा बिट्टू बस स्टैंड के पास शॉपिंग कांप्लेक्स में बनने वाली अतिरिक्त दुकानों और अपनी मंडी ‘ग्रामीण हाट’ का शिलान्यास करेंगे। रविवार को वह हमीरपुर स्थित अपने कार्यालय में जन समस्याएं सुनेंगे।

# भरेड़ी में पौधरोपण कार्यक्रम में छात्रों और सीनियर सिटीजन ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को हरित भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से भरेड़ी में एक व्यापक पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में डीएवी स्कूल लाजयानी के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय सीनियर सिटीजन ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस पौधरोपण कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिफ गेस्ट (हमीरपुर) इशांत मल्होत्रा, वन आरण्य पाल, उपस्थित रहे। उनके साथ इस अभियान में हमीरपुर डीएफओ अंकित सिंह, डीएफओ हेड क्वार्टर हमीरपुर डॉ. योगेंद्र शर्मा, वन खंड अधिकारी भरेड़ी पवना कुमारी तथा अन्य वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शुभम शर्मा, दीपक कुमार, योगराज और वन मित्र भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत टिकरी, गुरला और नगरोटा विट क्षेत्रों में देवदार के सैकड़ों पौधे रोपे गए।

डीएवी स्कूल लाजयानी के छात्रों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर आधारित स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों को पेड़ों के महत्व, उनकी देखभाल, और लंबे समय तक उन्हें सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी।

# बाइक-थ्री व्हीलर की टक्कर, युवक घायल

**संजीव कुमार, अनंत ज्ञान, भोटा।** डिडवीं-टिक्कर कस्बे में वीरवार सायं एक बाइक और थ्री व्हीलर के बीच तेज भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है और घायल युवक को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया गया है।

घायल युवक का नाम सन्नी निवासी लदरौर बताया गया है। बाइक का नंबर एचपी-23 बी-4397 तथा थ्री व्हीलर का नंबर एचपी-67-7090 बताया गया है । पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल है और युवक फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# कोहला जंगल में लगाए जाएंगे 400 औषधीय पौधे

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हमीरपुर जिले के उपमंडल बड़सर के कोहला जंगल में वनं महोत्सव का आयोजन किया गया। पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से कोहला बीट में 2 हेक्टेयर वन भूमि में 400 के करीब औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। वीरवार को इसकी शुरुआत कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने शीशम का पौधा लगाकर की है। यह कार्यक्रम एक पौधा मां के नाम से शुरुआत की गई है। इस दौरान हरड़, बहेड़ा, आंवला शीशम के पौधे लगाकर की गई।

वीरवार को स्कूली बच्चों के साथ वन विभाग की टीम ने लगभग 100 के करीब पौधे लगाए गए। बीओ वन विभाग विनोद राणा ने बताया कि यह कार्यक्रम दो हेक्टेयर भूमि में शुरू किया गया है तथा बरसात भर में 400 के करीब पौधे लगाए जाएंगे, साथ में उनके बचाव के लिए चारों तरफ से बाड़बंदी कर दी गई है तथा वन विभाग की एक टीम इन पौधों की देखभाल करेगी।

इन औषधिय पौधों को अगर कोई नुकसान पहुंचता पकड़ा गया तो उन्हें भारी जुर्माना किया जाएगा। औषधीय पौधे लगाए जाने से एक तरफ जहां पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है, वहीं आम जनता के लिए भी यह स्वस्थ हवा देते हैं।

इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, वन निगम के निदेशक कृष्णा चौधरी, स्कूली बच्चे तथा वन विभाग की टीम उपस्थित रही।


बड़सर विस में वन महोत्सव पर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने शीशम का पौधा लगाकर की शुरुआत।

# लिंगानुपात में सुधार पर दें जोर : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और अन्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फील्ड के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के अंतर्गत संरक्षण अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योजना के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चैहान ने संरक्षण अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल लिंगानुपात में सुधार हेतु आम लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मिशन शक्ति की जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर ने भी जागरूक किया।

**असंतुष्ट** पपलाह पंचायत के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, बीपीएल की गाइडलाइंस पर हो पुनर्विचार

# बीपीएल चयन की नई गाइडलाइंस को ग्रामीणों ने बताया अन्यायपूर्ण

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की पपलाह पंचायत के प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) चयन प्रक्रिया की नई गाइडलाइंस को पूर्णतः अव्यवहारिक और अन्यायपूर्ण बताते हुए एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि इन गाइडलाइंस के कारण सैकड़ों जरूरतमंद परिवार सूची से बाहर हो गए हैं, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा।

ज्ञापन में बताया गया कि पहले विकलांग, विधवा, वृद्ध व असहाय लोग स्वतः ही बीपीएल में शामिल होते थे, लेकिन नई गाइडलाइन के अनुसार यदि विकलांगता 50 प्रतिशत से कम है या कोई व्यक्ति दिहाड़ी मजदूरी कर रहा है, तो उसे बीपीएल में नहीं माना जा रहा, भले ही उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ परिवारों के पास मात्र दो पक्के कमरे हैं, जिन्हें उनके पूर्वजों द्वारा या सरकारी सहायता से बनाया गया था, उन्हें अमीर मान लिया गया है, जबकि ऐसे परिवार आज भी कर्ज में डूबे हुए हैं और बच्चों की पढ़ाई व बुजुर्गों की दवा तक मुश्किल से कर पा रहे हैं, वे इससे बंचित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई वृद्धजन, बीमार या अस्पताल में भर्ती लोग आवेदन की प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाए, जिससे वे सूची से बाहर रह गए हैं। ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

ग्रामीणों ने चेताया कि यदि ऐसी ही गाइडलाइंस लागू रही तो न केवल गरीबों की शिक्षा और स्वास्थ्य प्रभावित होगा, बल्कि स्वरोजगार योजनाएं जैसे मुर्गी पालन, बकरी पालन, डेयरी इत्यादि से मिलने वाला लाभ भी समाप्त हो जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पंचायत प्रधान अंकुश सैणी, उपप्रधान अनूप शर्मा, जमना देवी, रीना देवी, अजुध्या देवी, शकुंतला देवी, सरोज कुमारी, सुमन देवी, राकेश कुमार, अनीता देवी, मीना कुमारी, कमला देवी, अमरनाथ, सुषमा देवी, अनीता देवी सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गाइडलाइंस की पुनः समीक्षा कर वास्तविक गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया जाए ताकि वे आवश्यक सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि उनकी शिकायत सरकार को भेजी जाएगी।


पपलाह पंचायत के प्रतिनिधि एसडीएम से बीपीएल सूची की नई गाइडलाइंस का विरोध जताते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. मुकेश चड्ढा बने यूरोलॉजी सुपर स्पेशलिस्ट

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश का नाम चिकित्सा जगत में एक बार फिर रोशन हुआ है। बिलासपुर जिला की घुमारवीं विधानसभा के गांव बम निवासी डॉ. मुकेश चड्ढा ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपॉर्टेंस सुपर स्पेशलिस्ट टेस्ट को उत्तीर्ण कर देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान एम्स दिल्ली में सुपर स्पेशलिस्ट कोर्स इन यूरोलॉजी में चयन प्राप्त किया है। डॉ. मुकेश हिमाचल के उन चंद डॉक्टरों में शामिल हो गए हैं जिन्हें यह दुर्लभ अवसर मिला है। वे इस कोर्स के लिए चयनित प्रदेश के केवल तीसरे डॉक्टर हैं, जिससे पूरे क्षेत्र और राज्य में गर्व की लहर दौड़ गई है। डॉ. मुकेश अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, पत्नी और गुरुजनों को देते हैं। उनका कहना है, 'यदि संकल्प, मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।'



### कालका का युवक चिट्टे समेत दबोचा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना परवाणू के अंतर्गत रात्रि को जब पुलिस टीम गश्त पर थी तो उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक रॉकी कुमार नामक युवक जो शनिदेव मंदिर मैदों की सेर टिपरा कालका का रहने वाला है, एसी पार्क ग्राउंड में बैठा हुआ है, जो काफी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन अपने साथ बेचने के लिए लाया है। जिसे वह परवाणू क्षेत्र में युवाओं को बेचने की फिराक में है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को 25 ग्राम चिट्टे समेत काबू कर लिया। जिस पर पुलिस थाना परवाणू में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय में पेश करके 6 दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है।



### केंद्र ने हिमाचल को दिए 5000 करोड़ से अधिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर आपदा राहत राशि को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश सचिव और विधायक विनोद कुमार और मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार ने आपदा से निपटने के लिए हिमाचल को 5000 करोड़ से अधिक की राशि प्रदान की है। उन्होंने कांग्रेस और उनके मंत्रियों के दावों को 'झूठा' करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ लगातार खड़ी है और भविष्य में भी खड़ी रहेगी। भाजपा नेताओं ने केंद्र द्वारा दी गई विभिन्न वित्तीय सहायता का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर 2024 को प्रदेश को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल से 189 करोड़ की मदद मिली थी। गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5858.60 करोड़ जारी किए थे। इसमें हिमाचल को भी हिस्सा मिला। 3 अगस्त 2024 को केंद्र ने हिमाचल को 61 करोड़ की वित्तीय सहायता दी थी, जो वर्ष 2021 की शेष राशि थी, जिसे अब केंद्र सरकार ने जारी किया है। इसके अलावा, 30 अप्रैल 2025 को केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि के तहत हिमाचल प्रदेश को 107.15 करोड़ की आर्थिक सहायता जारी की थी। राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि-1 के अंतर्गत 42 करोड़ 80 लाख 16 मई 2023 को प्राप्त हुए थे।



कांग्रेस के दावों को भाजपा ने बताया झूठा

# लद्दाखी मॉडल से सीखेगा हिमाचल : रोहित

## हिमाचल का शिक्षा दल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में पहुंचा लेह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने व नवाचारों को अपनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय शैक्षणिक दल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दौरे पर है। यह दौरा समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित किया गया है, जिसका मुख्य लक्ष्य लद्दाख की अनूठी भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों में विकसित शिक्षण मॉडल का बारीकी से अध्ययन करना है। इस दल में समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा, स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली सहित विभिन्न डाइट संस्थानों के शिक्षक शामिल हैं।

इस दल ने वीरवार को लेह के विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया और प्री-प्राइमरी से लेकर अन्य कक्षाओं में चल रही शिक्षण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों के नामांकन, शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) के उपयोग और स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। शिक्षा मंत्री ने स्वयं विद्यार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव और सीखने की प्रक्रिया को समझा। इस अध्ययन दौरे का मकसद उन पद्धतियों को समझना है, जो लद्दाख में सीमित संसाधनों के बावजूद प्रभावी साबित हुई हैं।

यह दल लेह जिले में अपनाई गई मल्टीग्रेड शिक्षण प्रणाली का विशेष रूप से अध्ययन करेगा। यह प्रणाली उन दूर-दराज के गांवों में शिक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी साबित हुई है जहां जनसंख्या कम है और संसाधनों की सीमितता है। इसके अतिरिक्त, लद्दाख द्वारा पर्यावरणीय संरक्षण को पाठ्यक्रम से जोड़ने के प्रयास भी इस दौरे का एक प्रमुख हिस्सा हैं। यहां के विद्यालयों में जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, ईको-टूरिज्म और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विषयों को न केवल पढ़ाया जा रहा है, बल्कि विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या में इनका अभ्यास भी शामिल है। सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और सतत विकास के सिद्धांतों को शिक्षा में समाहित करना लद्दाख की एक बड़ी विशेषता है।



लेह-लद्दाख में बच्चों व शिक्षकों के साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

### एलजी व शिक्षा अधिकारियों से करेंगे अहम बैठकें

**शिक्षा** मंत्री अपने लद्दाख दौरे के दौरान वहां के लेफ्टिनेंट गवर्नर से एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य और राज्य सरकार द्वारा शिक्षा सुधारों के लिए किए गए प्रयासों की संक्षिप्त जानकारी देंगे। शैक्षणिक दल का यह अध्ययन दौरा केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रहेगा। यह दल लेह के ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण करेगा, जहां शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत का सुंदर मेल देखने को मिलता है।

# बच्चों ने मुख्यमंत्री से पूछा कब खुलेंगे हमारे स्कूल

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को सराज विधानसभा क्षेत्र के बाड़ा पंचायत घर और जलशक्ति विभाग को निरीक्षण कुटीर स्थित अनाह गांव के आपदा राहत शिविर का दौरा किया। उन्होंने यहां पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी और शिविर में रह रहे प्रभावित बच्चों के साथ लंच किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से आपदा में बह गए उनके घरों के बारे में पूछा। इस दौरान बच्चे मुख्यमंत्री से बोले, हमारे स्कूल कब खुलेंगे। बच्चों की यह बात सुनकर मुख्यमंत्री ने डीसी मंडी से जाना कि स्कूल कब तक बंद हैं। डीसी ने उन्हें बताया कि आपदा के कारण 14 जुलाई तक स्कूल बंद रखे गए हैं। मुख्यमंत्री ने डीसी को हालात की समीक्षा करने के बाद स्कूल खोलने के निर्देश दिए। सीएम सुक्खू ने बच्चों से पूछा कि वे स्कूल जाना चाहते हैं, तो सबने हां कहा। इस पर उन्होंने कहा कि जल्दी आपके स्कूल खोल दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बातें-बातों में राहत शिविर में सुविधाओं की टोह भी ली। बच्चों ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन वे अपने घर जाना चाहते हैं। रेस्ट हाउस में नहीं रहना चाहते।



बच्चों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**बच्चे बोले, सुविधाएं सभी मिल रहीं पर रेस्ट हाउस में नहीं रहना चाहते**

मुख्यमंत्री बच्चों से बोले कि घर तो अब रहा नहीं फिर कैसे रहेंगे। इस पर बच्चे बोले कि टैंट में रह लेंगे। मुख्यमंत्री ने उन्हें समझाया कि टैंट में नहीं रह सकते। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वह घर बनाकर देंगे। चिंता नहीं करनी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने आसपास बिठाकर खाना खाया व उन्हें सलाद दिया। उनके साथ ढेर सारी बातें कीं, उनसे आपबीती सुनी और अपनेपन का अहसास करवाया।

# स्नेह मिलन के बहाने एकजुटता का पाठ पढ़ा गए राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने दून व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा एक बार पुन: प्रदेश भाजपाध्यक्ष बनने के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर बिंदल ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत करने के लिए बहुत-बहुत आभार। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। मंडल अध्यक्षों से कहा कि सभी नेताओं और पदाधिकारियों को बूथों का प्रवास करवाएं और अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत अपना अपना बूथ मजबूत करें। उन्होंने कहा कि आने वाले 2 साल चुनौती पूर्ण रहने वाले हैं और मैं पार्टी अध्यक्ष होने के नाते 24 गुना 7 निरंतर कार्य करूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर दिन-रात पार्टी को मजबूत करने का काम करना है। 2027 के लिए कार्यकर्ताओं को संकल्प भी दिलाया। इस दौरान दून विधानसभा, नालागढ़ विधानसभा, जिला परिषद, महिला मोर्चा आदि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी, लखविंदर राणा आदि आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

### दाड़ में सांप के डसने से बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** ग्राम पंचायत कश्मीर के तहत गांव दाड़ निवासी दक्ष कुमार (10) की सांप के डसने से मौत हो गई। दक्ष कुमार रात को अपने कमरे में सोया हुआ था, तो उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया, उसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ ले गए, जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। प्रधान सुरजीत कुमार ने बताया कि परिवार में दो भाई बहन थे। कृष्ण दत्त दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का जीवन निर्वाह कर रहा है। परिवार अनुसूचित जाति से संबंध रखता है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई है।

# पौंग बांध में पहुंची हजारों टन लकड़ी, वन विभाग बेखबर

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** मंडी के पंडोह बांध के बाद अब कांगड़ा का पौंग बांध भी पुष्पाराज बन चुका है। बांध के मेन गेट के आसपास एक ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है जिसने हर किसी को सुपरहिट फिल्म 'पुष्पा' की याद एक बार फिर दिला दी है। इस झील के मेन गेट की सतह पर दूर-दूर तक फैली लकड़ियों का दृश्य ऐसा है, जैसे पुष्पा फिल्म के किसी क्लाइमेक्स शूटिंग का हिस्सा हो। स्थानीय युवाओं ने बांध में बहकर आई लकड़ियों को मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया है और तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। दो साल पूर्व भी लकड़ी इस बांध में पहुंची थी जो अब तक बांध के किनारों पर ही सड़ रही है। सरकार व संबंधित विभाग ने अगर समय रहते उस लकड़ी को अपने काबू में नहीं लिया तो जैसे ही पौंग बांध के बड़े गेट खुलेंगे, यह पानी के साथ ब्यास नदी में समा जाएगी। इस बारे में डीएफओ वाइल्ड लाइफ हमीरपुर रेजिनॉल्ड रॉयस्टन का कहना है कि उनके ध्यान में यह मामला है और लकड़ी को उठाया जा रहा है। अगर कोई भी व्यक्ति लकड़ी उठाते हुए पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी व उसका वाहन भी जब्त होगा। इस पर उनका स्थानीय विभाग नजर बनाए हुए है।



पौंग बांध में सड़ रहा सरकार का लाखों रुपए का राजस्व

# हिमाचल में मानसून का कहर

## अब तक 85 मौतें, कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन 20 जून से अब तक में भारी तबाही हुई है। सरकार की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 85 लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो चुकी है, जबकि 129 लोग घायल हुए हैं और 34 अभी भी लापता हैं। बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण व्यापक क्षति हुई है।

प्रदेश में अब तक 1576 कच्चे-पक्के मकानों और दुकानों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इसके अतिरिक्त, 877 से अधिक गोशालाएं भी प्रभावित हुई हैं और 881 मवेशियों की जान चली गई है। कुल-मिलाकर, नुकसान का अनुमानित आंकड़ा 73,912.48 लाख रुपए को पार कर चुका है। सड़क दुर्घटनाओं में भी 31 लोगों की मौत दर्ज की गई है।



**प्रदेश में 1576 मकान क्षतिग्रस्त, 73,912 लाख रुपए से अधिक का नुकसान**

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार मंडी जिला विशेष रूप से प्रभावित हुआ है, जहां 30 जून और एक जुलाई के बीच आई आपदा में 409 मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि 789 को आंशिक नुकसान हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वयं रीला से देजी और पखरैर गांव तक पैदल चलकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। देजी गांव में बादल फटने से 11 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रीला गांव में पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

### आगामी 6 दिनों का मौसम अलर्ट

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, आगामी दिनों में भी प्रदेश में बारिश जारी रहने की संभावना है। 11, 13, 14 और 15 जुलाई को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 12 जुलाई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं, जबकि 16 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

# गो-सेवा को मिला नया संबल, अब प्रति गोवंश मिलेंगे 1200 रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने बेसहारा गोवंश के कल्याण के लिए चल रही गोपाल योजना के तहत मासिक प्रोत्साहन राशि में बड़ा इजाफा किया है। अब प्रति गोवंश प्रतिमाह 700 के बजाय 1200 की प्रोत्साहन राशि गो सदनों को प्रदान की जाएगी, जो अगस्त 2025 से प्रभावी होगी। पशुपालन एवं कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने गोसेवा आयोग की 6वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की।

**हिमाचल में गोपाल योजना के तहत प्रोत्साहन राशि में हुआ इजाफा**

इस निर्णय से प्रदेश के 276 गो सदनों और गो अभ्यारण्यों में आश्रय पा रहे 21,306 बेसहारा गोवंश को बेहतर देखभाल मिल पाएगी। कांगड़ा, हमीरपुर और ऊना में नए गो सदनों के निर्माण का कार्य भी तेजी से जारी है, जिससे और अधिक गोवंश को आश्रय मिल सकेगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में गो सदनों के संचालन और बेसहारा पशुओं के पुनर्वास पर विस्तृत चर्चा हुई। आयोग ने कृषि विभाग के सहयोग से गो-सदनों में बायोगैस प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया, जिससे ऊर्जा की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

### गो सदनों में नियमित पशु चिकित्सक रखने के निर्देश

**पशुपालन** विभाग को सभी गो सदनों में नियमित पशु चिकित्सक और उचित अभिलेख रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, राज्य की सीमाओं से होने वाली पशु तस्करी और आवारा पशुओं को छोड़ने के मामलों में पुलिस विभाग को सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

### भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ मिलकर करेंगे गो सदनों का निर्माण

**आयोग** ने भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ मिलकर गो सदनों के निर्माण और संचालन के लिए एक ऐसी नीति बनाने का भी निर्णय लिया है, जिसमें सामुदायिक भागीदारी को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।

# आपदा प्रभावितों को घर-द्वार राहत पहुंचा रही अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर की स्वास्थ्य योजना अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की मोबाइल मेडिकल वैनें बाढ़ व बारिश प्रभावित धर्मपुर व थुनाग में घर-घर जाकर पीड़ित जनता को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा, दवाइयां, सेनेटरी पैड और अन्य राहत सामग्री पहुंचाकर उनका दर्द बांटने का कार्य कर रहा है।

अनुराग ने कहा कि देवभूमि हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के चलते काफी नुकसान हुआ है। कई लोग बेघर हो गए हैं। बुरी तरह आपदा से प्रभावित कई स्थानों पर बुनियादी जरूरतों के आभाव को देखते हुए अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की मेडिकल वैनें लोगों के घर-द्वार जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा, दवाइयां, सेनेटरी पैड और अन्य राहत सामग्री पहुंचा रही हैं। मंडी जिले के थुनाग व जंजैहली व धर्मपुर के दुर्गम ग्रामीण इलाकों में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की मोबाइल मेडिकल वैनें पीड़ित परिवारों के घरों तक जाकर सामान वितरित करने का काम कर रही हैं।



अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत प्रभावितों को राहत पहुंचाती टीम।

ठाकुर ने कहा कि मेरे आग्रह पर प्रयास संस्था मंडी जिले के धर्मपुर व थुनाग में अपनी मोबाइल मेडिकल वैनों के माध्यम से राहत कार्यों में अपना सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि मेरी हार्दिक संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं और केंद्र सरकार हिमाचल के नागरिक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।



संसद की कोयला, खान और इस्पात मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर समिति के अन्य सांसदों के साथ कूर्ग प्रवास के दौरान केआईओसीएल व एनएमडीसी प्रतिनिधियों के साथ इस्पात सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड परियोजनाओं की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए।

# मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त परियोजनाओं की रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने के दिए निर्देश

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिला के थुनाग विश्राम गृह में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ बैठक कर आपदाग्रस्त सराज क्षेत्र में हुए नुकसान और राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए सड़कों और बाधित जल एवं विद्युत आपूर्ति योजनाओं की बहाली के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर राज्य के लिए एक विशेष राहत पैकेज देने का अनुरोध करेंगे।

सुक्खू ने संबंधित विभागों को क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों, बिजली और जल परियोजनाओं के लिए अविलंब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत 56 किलोमीटर लंबी चैलचौक-जंजैहली सड़क के अस्थायी रूप से बहाल कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग को आवश्यकतानुसार क्षेत्र में बेली पुलों और सस्पेंशन पुलों का निर्माण कर संपर्क बहाल करने को कहा जिसके लिए राज्य सरकार पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी। सीएम सुक्खू और जयराम ठाकुर ने इस आपदा में अपनी जमीन गंवाने वाले परिवारों के पुनर्वास को लेकर चर्चा की। जयराम ने कहा कि बादल फटने की घटनाओं से क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। ऐसे में जिन लोगों ने सब कुछ खो दिया है, उनके पुनर्वास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



पूर्व सीएम जयराम से बातचीत करते हुए सीएम सुक्खू।

### नेता प्रतिपक्ष के साथ की राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा

सुदृढ़ीकरण कार्य प्रस्तावित किए जाएंगे। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ समन्वय स्थापित कर अंतर-विभागीय सहयोग के माध्यम से प्रमुख योजनाओं की बहाली के लिए राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारी तबाही के बावजूद, 60 प्रतिशत पेयजल योजनाओं को ...

मुख्यमंत्री ने मंडी के उपायुक्त को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों के अस्थायी पुनर्वास के लिए तुरंत सुरक्षित स्थानों की पहचान की जाए, जहां प्री-फैब्रिकेटिड घर बनाकर उन्हें तत्काल आश्रय दिया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को बागवानी से जुड़े किसानों को हुए नुकसान का आकलन करने के भी निर्देश दिए।

**विरोधाभास**

## सेब बागवानी पर मंडराता संकट : आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग उठी

# सोशल मीडिया के फर्जी विशेषज्ञ बागवानों के निशाने पर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** आज, जब सूचना क्रांति अपने चरम पर है और डिजिटल पदचिह्न हर दिशा में फैल रहे हैं, तो एक अजीबो-गरीब विरोधाभास सबके सामने है। तकनीक ने दूरियों को मिटाया है, ज्ञान के द्वार खोले हैं, किंतु इसी विशाल डिजिटल विस्तार के भीतर एक अंधेरा कोना भी पनपा है। यह वो कोना है जहां बिना किसी कृषि-बागवानी विज्ञान की ठोस डिग्री या पर्याप्त अनुभव के, कुछ लोग खुद को विशेषज्ञ या डॉक्टर घोषित कर बैठे हैं।

सोशल मीडिया के चमकदार मंचों पर इनकी सलाहें, मीठे बोलों में लिपटी, दरअसल धीमे जहर का काम कर रही हैं। भोले-भाले बागवान, जो अपनी खून-पसीने की कमाई और सपनों को अपनी सेब की लहलहाती फसलों में सींचते हैं, इन झोलाछाप सलाहकारों के भ्रमजाल में फंस रहे हैं। वे इनके बताए अवैज्ञानिक, मनगढ़ंत रासायनिक मिश्रणों का छिड़काव अपने बागानों पर कर रहे हैं, जिसका सीधा परिणाम विनाशकारी हो रहा है। फसलें बर्बाद हो रही हैं, उपजाऊ मिट्टी की सेहत बिगड़ रही है, और किसान कर्ज के अथाह सागर में धंसते जा रहे हैं। यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं, यह उन बागवानों के हौसले का टूटना है, जिनकी सुबह-शाम सेब के पेड़ों की सेवा में बीतती है।

### डिजिटल गलियारों में पनपता जहर, बागवानों की बढ़ी पीड़ा

### सूचना क्रांति का दोहरा चरित्र पहुंचा रहा व्यापक हानि



जानकारी के अनुसार यह संकट अब केवल व्यक्तिगत क्षति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने पूरे सेब उद्योग की नींव को हिलाना शुरू कर दिया है। इन डिजिटल धोखेबाजों के कारण जो रासायनिक असंतुलन पैदा हो रहा है, वह लंबे समय में पर्यावरण और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

अब समय आ गया है कि इन बिना डिग्री वाले विशेषज्ञों के खिलाफ तत्काल और कठोर आपराधिक कार्रवाई की जाए। इनके खिलाफ केस दर्ज हों, ताकि एक मिसाल कायम हो और कोई भविष्य में किसानों-बागवानों की भावनाओं और मेहनत के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस न कर सके। यह केवल सेब बागवानों की नहीं, बल्कि प्रदेश के बागवानी क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित रखने की लड़ाई है, जिसमें सरकार का सक्रिय हस्तक्षेप अपरिहार्य है।

### झोला छाप विशेषज्ञों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**इस** डिजिटल युग में जहां सूचनाओं का अंबार है, यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि सही और गलत में फर्क कर सकें। सरकार का कर्तव्य है कि वह बागवानों को ऐसे भ्रामक तत्वों से बचाए, जो उनके जीवनयापन और प्रदेश की बागवानी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं।

### जिम्मेदार अधिकारी उठाएं ठोस पग

**बागवानों** का कहना है कि बागवानी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर चुनौती को समझें और शीघ्र ही ऐसे ठोस कदम उठाएं जिससे भविष्य में कोई भी झोलाछाप विशेषज्ञ सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें गुमराह करने की हिम्मत न कर पाए।

## न्यूज ब्रीफ

### मछुई के पास नाले में गिरी कार, चालक सुरक्षित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी-तिनबड वाया कैलाशपुर वैकल्पिक मार्ग पर बुधवार रात को भारी बारिश के कारण एक कार नाले में जा गिरी। चालक को गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकला गया, चालक सुरक्षित है। पंचरुखी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक के बयान दर्ज किए। बताते चलें कि पंचरुखी से तिनबड मुख्य मार्ग करोड़ी की चढ़ाई में भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण जयसिंहपुर व चढ़ियार की ओर आने जाने वाले सभी वाहन मछुई कैलाशपुर वैकल्पिक मार्ग से जा रहे हैं। कैलाशपुर पंचायत के प्रधान ज्ञान चंद डोगरा ने कहा कि यह वैकल्पिक मार्ग बहुत संकरा है। इस रोड में लगातार वाहन चलने के कारण बरसात में यह कभी भी बंद हो सकता है। प्रधान ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया कि जल्द मुख्य सड़क को बहाल किया जाए।

### समलोटी स्कूल में दिया गुरुमुखी लिपि का ज्ञान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समलोटी (कांगड़ा )में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार ने की। भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के समन्वयक प्रवक्ता हिंदी बलवीर सिंह ने बताया कि शिविर में लगभग 88 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा के विषय में ज्ञान प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को गुरुमुखी लिपि में वर्णमाला गिनती, ऐतिहासिक स्थलों के नाम, पंजाबी लोकनृत्य, लोक संस्कृति का ज्ञान प्रदान किया गया। शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### चर्च ऑफ सेंट जॉन वाइल्डरनेस कमेटी का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चर्च ऑफ सेंट जॉन इन द वाइल्डरनेस की नई पास्टर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में प्रदीप सैमुअल को सचिव, रोहित शर्मा कोषाध्यक्ष तथा कृष्णा डेविड, अभिषेक, सुनीता मनोहर व डैनियल सोम प्रकाश को कमेटी का सदस्य मनोनित किया गया।

### रविदास मंदिर फतेहपुर में सत्संग व भंडारा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** गुरु पूर्णिमा पर कंगडा जिले के रविदास मंदिर फतेहपुर में सत्संग और भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तजनों ने सत्संग में भाग लेते हुए गुरुजनों का आशीर्वाद लिया व भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पठानकोट से आए श्रीश्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि महाराज ने संगत को आशीर्वाद दिया। कमेटी ने गुरदीप गिरि महाराज को सम्मानित किया गया। इस सत्संग में अलग अलग क्षेत्रों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। गुरदीप गिरि महाराज ने कहा कि मनुष्य को 'चोला' (शरीर) मिला है, यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस चोले का सदुपयोग करना चाहिए, अर्थात इसे अच्छे कर्मों और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपयोग करना चाहिए।

### अंद्रेटा मच्छयाल मंदिर में भक्तों ने टेका माथा



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अंद्रेटा मच्छयाल मंदिर में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। लोगों ने शीश नवाया व प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। स्वामी प्रेमानंद महाराज जी ने कहा की गुरु हमें सिखाते हैं कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे आचरण, विचार और व्यवहार का मूल आधार है। गुरु से यह सीखें कि सत्य, अहिंसा, संयम, सेवा और कर्तव्य पर आधारित जीवन कैसे जिया जाए, जो व्यक्ति धर्म के अनुसार चलता है, उसके जीवन में किसी भी प्रकार की विपत्ति स्थायी नहीं रह सकती।

## मंड क्षेत्र में अवैध खनन पर हाईकोर्ट सख्त, शाहनहर को हो रहा है नुकसान

# शाहनहर के अधिशाषी अभियंता को हटा कर जिले के बाहर तैनात करने के आदेश

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** कांगड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर व इंदौरा के अंतर्गत निचले मंड क्षेत्र में अवैध खनन से शाहनहर व जमीनों को हो रहे नुकसान पर उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। मंड क्षेत्र की महिला सीमा देवी व अन्य निवासियों ने हाईकोर्ट शिमला में एक जनहित जाचिका दायर की थी, जिसमें हवाला दिया था कि मंड एवं ब्यास क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। इससे सरकार की सबसे बड़ी शाहनहर परियोजना व जमीन को नुकसान हो रहा है।

कोर्ट के आदेशों में साफ लिखा है कि यहां याचिकाकर्ताओं ने शाहनहर की एलबीसी नहर के नीचे अवैध मार्गों के माध्यम से

**23 तक रास्ता बंद कर अन्य अवैध खनन गतिविधियों पर विभाग रखे नजर**

सीमावर्ती राज्य के निवासियों द्वारा किए जा रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया है। सुनवाई की पिछली तारीख पर विद्वान अतिरिक्त महाधिवक्ता को निर्देश दिया था कि सह न्यायालय द्वारा कोई भी अंतरिम आदेश पारित करने से पहले मामले में निर्देश प्राप्त करें। विद्वान उप महाधिवक्ता ने कार्यकारी अभियंता, एसएनपी डिवीजन नं. एक, संसारपुर टैरेस से प्राप्त निर्देशों की प्रति सौंपी, जो निर्देश नीचे उद्धृत हैं, इस संबंध में, निम्नलिखित तथ्य आपके ध्यान में लाए जाते हैं। 23 जुलाई तक रास्ता बंद कर अन्य अवैध खनन गतिविधियों पर भी विभाग को नजर रखने को कहा। इस बीच, मुख्य अभियंता, जल शक्ति विभाग धर्मशाला भी इस मामले को जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता के समक्ष उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि वर्तमान में कार्यरत अधिशाषी अभियंता, शाहनहर परियोजना, प्रभाग संख्या 1, संसारपुर टैरेस को जिला कांगड़ा से हटाकर किसी अन्य जिले में स्थानांतरित किया जाए। इनके कार्यभार को न्यायालय के समक्ष रखा जाए। प्रार्थना के अनुसार, 23 जुलाई को सूचीबद्ध करें। अगली सुनवाई की तारीख तक अनुपालन दाखिल किया जाए।

### अवैध खनन के विरुद्ध लड़ाई जारी : भवानी



**फतेहपुर** के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उनकी अवैध खनन के खिलाफ लड़ाई जारी है। गौर रहे कि कुछ माह पहले विधायक ने प्रशासन सहित अपनी मौजूदगी में इन रास्तो को बंद करवाया था। यह फिर से अवैध खनन करने वालों ने रातोंरात उन्हें खोल दिया था। लगातार विधायक भवानी सिंह पठानिया अवैध खनन के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए हैं।

## मेधावी विद्यार्थियों ने जाना जल संरक्षण का महत्व



सरकारी स्कूलों के मेधावी बच्चों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**शाहपुर** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों, जो वर्तमान में विज्ञान संकाय में 10+1 में अध्ययनरत हैं, ने क्षेत्रीय प्रयोगशाला (आरएल) और क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) डरी धर्मशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों और शिक्षकों को धर्मशाला के सर्वोत्तम एसटीपी प्लांट घमरू का भ्रमण भी करवाया गया।

छात्रों के साथ आरएल डरी की वैज्ञानिक अधिकारी सतविंदर कौर तथा आरको के जूनियर पर्यावरण अभियंता रजत उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को एसटीपी घमरू की तकनीक, कार्यप्रणाली तथा अपशिष्ट जल के शोधन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्रों ने आरएल डरी में जल नमूनों के परीक्षण के लिए उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रदर्शन भी देखा। इसके अलावा वायुमंडलीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली की जानकारी क्षेत्रीय प्रयोगशाला की टीम द्वारा दी गई।

क्षेत्रीय प्रयोगशाला डरी के प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी संजीव शर्मा ने छात्रों को पर्यावरण स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी और प्रत्येक छात्र को कम से कम एक पौधा लगाने की सलाह दी।

## पौंग बांध के जलस्तर पर नजर लोग भी अलर्ट : राकेश पठानिया

### आपदा में जान गंवा चुके लोगों के प्रति जताई संवेदना

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



प्रेसवार्ता करते पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया।

**पूर्व** वन मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पठानिया ने प्रेसवार्ता में कहा कि पौंग बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिस पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब एकदम से डैम का पानी छोड़ा जाता है, तो रियाली, मंड, टटवाली इत्यादि में घरों में पानी घुस जाता है व तबाही मचाता है। बीते दो वर्षों में कई क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है। इस बार बीबीएमबी को हिदायत दी है कि पानी छोड़ने से पहले लोगों को सूचित किया जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि कोई नुकसान न हो। पौंग बांध से समय रहते अभी से ही थोड़ी–थोड़ी मात्रा मे पानी रिलीज किया जा रहा है। पठानिया ने कहा कि आपदा में कई लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, अपनी संपत्ति खोई है। देश व प्रदेश को भी नुकसान उठाना पड़ा है। आज मैं उन सभी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि संकट की इस घड़ी में भाजपा व केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है।हाल ही में केंद्र सरकार ने गत वर्ष हुई आपदा के प्रभावितों को राहत के लिए 22 हजार करोड़ आपदा राशि प्रदेश सरकार को दी है।

## हाईकोर्ट का मुआवजे की राशि से जुड़े जनहित मामले में मुख्य सचिव को नोटिस जारी: रविंद्र



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** ट्रेड यूनियन को–ऑर्डिनेशन सेंटर के राज्य महासचिव रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि धर्मशाला में बादल फटने से इंदिरा प्रियदर्शिनी हाइडल प्रोजेक्ट के मजदूरों के बहने व उनके परिवारों को अपर्याप्त मुआवजे की राशि से जुड़े जनहित मामले में मुख्य सचिव सहित डीसी कांगड़ा और बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। बता दें कि 25 जून को मनूणी खड्ड में पानी का बहाव अचानक बढ़ने से 8 मजदूर बह गए थे, उनको न्याय दिलाने के लिए रविंद्र सिंह रवि ने हाईकोर्ट को पत्र लिखकर सारी जानकारी दी थी और उन्होंने मांग की थी कि श्रम विभाग और सरकार से जवाब मांगा जाए कि धर्मशाला में जो मजदूर मौत का ग्रास बन गए थे, उनको क्या कानूनी लाभ मिले। जानकारी के अनुसार, वहां पर 265 मजदूर काम करते थे, जिनमें से भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कानून के तहत एक भी पंजीकृत नहीं था और इस कानून के द्वारा ही मजदूरों की सुरक्षा स्वास्थ्य और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना था वह नहीं दिया गया। रविंद्र सिंह के प्रार्थना पत्र पर हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तारीख निर्धारित की है।

## जिला स्तरीय स्विमिंग स्पर्धा में प्रताप वर्ल्ड स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

### तीन स्वर्ण पदक हासिल कर किया स्कूल का नाम रोशन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



पदक जीतने वाले प्रताप वर्ल्ड स्कूल के प्रतिभागी।

**पठानकोट।** इंदौरा में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में बच्चों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता जिला खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर के स्कूलों के प्रतिभाशाली तैराकों ने भाग लिया।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने 50 मीटर बटर फलाई, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 50 मीटर बरैस्ट सट्रोक में आठवीं कक्षा के रूद्र प्रताप ने तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। 50 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक प्राप्त किया। नौवीं कक्षा के सुक्रांतवीर ने 50 मीटर बटर फलाई में कांस्य पदक प्राप्त किया। नौवीं कक्षा के सम्राट ने बरैस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त किया। आठवीं कक्षा के भानू प्रताप 50 मीटर बैकस्ट्रोक मे कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। प्रिंसिपल रेणु परमार ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने मेहनत और समर्पण से यह सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि हमारे प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि आठवीं कक्षा के रुद्र प्रताप का चयन राज्य स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल हमेशा से ही शिक्षा के साथ–साथ खेलों को भी प्राथमिकता देता है। स्कूल प्रबंधन तैराकी समेत अन्य खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं और विशेषज्ञ कोचिंग की व्यवस्था करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।



# अनंत पर्यटन








# हिमाचल में ईको-टूरिज्म का नया दौर

### ✦ गांवों में होमस्टे और जंगल सफारी का संगम
### ✦ स्थानीय संस्कृति से जुड़ने का सुनहरा अवसर

देवदार के घने जंगलों और बर्फीली चोटियों के आगोश में लिपटे हिमाचल प्रदेश को कवियों ने देवभूमि कहकर संबोधित किया है, जो अब अपनी आत्मीयता और नैसर्गिक सुंदरता को नए आयाम दे रहा है। पर्यटक अब सिर्फ हिम-मंडित दृश्यों या प्राचीन मंदिरों तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि इस भूमि की आत्मा में उतरना चाहते हैं उन गांवों की ओर, जहां सादगी और प्रकृति का अनूठा संगम है। यही कारण है कि राज्य के पर्यटन की धारा अब गांवों की ओर मुड़ गई है, जहां होमस्टे की बढ़ती संख्या और जंगल से जुड़ी गतिविधियों ने पर्यटन को एक नया अनुभवात्मक पुट दिया है, जो दूरदराज के अछूते कोनों तक फैल रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश का पर्यटन अब एक नया मोड़ ले रहा है। शहरी भीड़भाड़ से दूर, पर्यटक अब गांवों की शांति और प्राकृतिक सुंदरता की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इस बदलाव के केंद्र में होमस्टे प्रमुख रूप से शामिल है, जिनकी संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इन होमस्टे के साथ-साथ, राज्य में जंगल से जुड़ी पर्यटन गतिविधियां भी तेजी से बढ़ी हैं, जिससे पर्यटन का दायरा अब सिर्फ प्रमुख स्थलों तक सीमित न रहकर दूरदराज के क्षेत्रों तक फैल गया है। गांवों में होमस्टे सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। पर्यटक यहां स्थानीय भोजन का स्वाद ले सकते हैं। कृषि गतिविधियों में भाग ले सकते हैं और पारंपरिक हिमाचली जीवन को करीब से समझ सकते हैं। यह न केवल पर्यटकों के लिए एक नया अनुभव है, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों के लिए भी आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को रोकने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है, क्योंकि युवा अब अपने गांवों में रहकर ही सम्मानजनक आय अर्जित कर पा रहे हैं।





### जंगल सफारी और साहसिक गतिविधियां

**होमस्टे** के साथ-साथ, हिमाचल के घने जंगल अब पर्यटकों के लिए नए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जंगल सफारी, बर्ड वाचिंग, ट्रेकिंग और प्रकृति के बीच ध्यान जैसी गतिविधियां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। पर्यटक अब केवल प्रसिद्ध मंदिरों या हिल स्टेशनों तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि वे प्रकृति के साथ गहरे संबंध स्थापित करने और वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अनुभव लेना चाहते हैं। इससे वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है, क्योंकि पर्यटक स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व को करीब से समझ पा रहे हैं।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा

**इस** बदलते परिदृश्य का महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है। होमस्टे और जंगल से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से स्थानीय कारीगरों, गाइडों और छोटे व्यापारियों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। ग्रामीण महिलाएं अब अपने हाथों से बने उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों को बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह सिर्फ आर्थिक लाभ तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह गांवों में सामाजिक ताने-बाने को भी मजबूत कर रहा है, जिससे एक समुदाय-आधारित पर्यटन मॉडल विकसित हो रहा है। स्थानीय लोग अब अपने क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, क्योंकि उन्हें इसका सीधा लाभ दिख रहा है।

### भविष्य की चुनौतियां और सतत विकास की रणनीति

**पर्यटन** के विस्तार से पर्यावरण पर पड़ने वाले दबाव को नियंत्रित करना सबसे महत्वपूर्ण है। अपशिष्ट प्रबंधन, पानी का संरक्षण और संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। सरकार और पर्यटन उद्योग को मिलकर सतत पर्यटन की नीतियों को सख्ती से लागू करना होगा। इसमें पर्यटकों को भी जिम्मेदार व्यवहार के लिए शिक्षित करना शामिल है, जैसे कि कम अपशिष्ट पैदा करना, स्थानीय संसाधनों का सम्मान करना और वन्यजीवों को परेशान न करना। यदि इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जाता है, तो हिमाचल का यह नया पर्यटन मॉडल देश के अन्य पहाड़ी राज्यों के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। यह एक ऐसा मॉडल है, जो प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और शांति चाहने वालों सभी को हिमाचल की ओर आकर्षित करेगा, जिससे राज्य के पर्यटन उद्योग को एक नई दिशा मिलेगी। यह सिर्फ पर्यटन नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण का एक अनूठा संगम है।

*विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।*

# काष्ठकुणी शैली के किले में नहीं लगी एक भी कील

### फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद

### पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है नग्गर कैसल

*16वीं शताब्दी में राजा सिद्धि सिंह ने करवाया था निर्माण*



### 1905 में आया विनाशकारी भूकंप भी नहीं पहुंचा सका था कोई नुकसान

**नग्गर** में देवदार के जंगलों के साथ सटा नग्गर कैसल किसी परिचय का मोहताज नहीं है। मान्यतानुसार 16वीं शताब्दी में राजा सिद्धि सिंह की ओर से इस अनूठे नग्गर कैसल काष्ठकुणी शैली के किले का निर्माण किया था। लकड़ी व पत्थर से निर्मित एक बेजोड़ मध्यकालीन देहाती व अंग्रेजी वास्तुकला का मिश्रण से बने इस किले का 17वीं शताब्दी के मध्यम तक राजा शाही महल और शाही मुख्यालय के तौर पर प्रयोग करते थे। बाद में कुल्लू के राजा जगत सिंह ने इसे अपनी राजधानी बनाया। इस राष्ट्रीय धरोहर का निर्माण देवदार के पेड़ों और पत्थरों से किया गया है और इसकी खासियत यह है कि इस दो मंजिला किले में एक भी लोहे की कील नहीं लगी है। मनाली से करीब 20 किलोमीटर दूर अनूठे इस किले की बनावट और निर्माण शैली देश-विदेश से यहां सैर सपाटे के लिए आने वाले सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है और नग्गर कैसल फिल्म निर्माताओं की भी पहली पसंद है। कुल्लू-मनाली में 1905 में आया भूकंप भी इस किले को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका था। यहां का इतिहास किले की दीवारों पर दर्शाया गया है। नग्गर बाजार से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित नग्गर कैसल किले का कुछ हिस्सा पर्यटन निगम ने होटल के रूप में परिवर्तित कर दिया है, जबकि निचले हिस्से में म्यूजियम है, जिसमें राजाओं के समय की कलाकृतियां, बर्तन सहित अन्य कई चीजें सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

#### एक पेड़ से तैयार हुआ है किला

**मान्यतानुसार** इस किले के दो मुख्य द्वार मात्र कुल्हाड़ी के प्रयोग से ही निर्मित किए गए हैं। किले में प्रयुक्त शहतीर (लकड़ी) देवदार के एक पेड़ से तैयार की गई है। नग्गर किला 17वीं शताब्दी के मध्य तक शाही महल व शाही मुख्यालय के प्रयोग में लाता रहा, फिर राजा जगत सिंह ने सुल्तानपुर (कुल्लू) को अपनी राजधानी बनाया।

#### एक बंदूक के लिए बेच दिया था किला

**1846 ई.** तक इस घराने के वंशज किले का प्रयोग ग्रीष्मकालीन महल के रूप में करते रहे। जब अंग्रेजों ने कांगड़ा व कुल्लू सिखों के अधिकार से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया था, तब राजा ज्ञान सिंह ने मात्र एक बंदूक के लिए प्रथम सहायक मेजर हे को बेच दिया था। इसके बाद इसे रहने के लिए यूरोपियन रहन-सहन के अनुरूप परिवर्तित कर दिया गया। इस प्रकार यह किला अग्रेजी-देहाती कला का मिश्रण भी है। कुछ समय बाद मेजर ने इसे सरकार को बेच दिया और इसका प्रयोग ग्रीष्मकालीन न्यायालय के रूप में होता रहा। अब यह किला सरकार के अधीन है।

#### लकड़ी की ही बनाई जाती है कील

**इस** शैली से बने मकानों की खासियत यह है कि गर्मियों में यह ठंडे और सर्दियों में गर्म होते हैं। यह भूकंपरोधी होते हैं। नग्गर कैसल और चैहणी कोठी है। लकड़ी को आपस में जोड़ने के लिए लकड़ी की ही कील तैयार कर उसे जोड़ा जाता है। काष्ठकुणी शैली के किले व मंदिरों में लकड़ी की नक्काशी है जो यहां की कला की विशेष पहचान है।

**विशेष रिपोर्टः कमलेश वर्मा, कुल्लू**







# न्यूज ब्रीफ

## रीना राज्य महिला आयोग की सदस्य नियुक्त



**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की नंदपुर भटोली पंचायत निवासी कांग्रेस नेत्री रीना दरोच को राज्य महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। इससे पहले रीना दरोच देहरा महिला कांग्रेस अध्यक्ष और बाद में जिला महिला कांग्रेस महासचिव के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं। उन्होंने आयोग में तैनाती के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर का धन्यवाद किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करूंगी।

## लोगों का जांचा उच्च रक्तचाप और मधुमेह

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** संसारपुर टैरेस के औद्योगिक क्षेत्र में एनजीओ ज्वालामुखी द्वारा एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एचआईवी, टीबी, एसटीआई, एनीमिया, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों की जांच की गई। डाडासीबा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार फोतेदार के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में 110 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। डॉ. इशांत वर्मा और आरबीएसके टीम ने भी शिविर में भाग लिया और स्वास्थ्य जांच में सहयोग किया। इस तरह के स्वास्थ्य शिविर से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होता है और उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होने का अवसर मिलता है।

## जयसिंहपुर कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बीएससी तृतीय वर्ष का शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। बीएससी तृतीय वर्ष में शायना ने प्रथम, लक्ष्मी भाटिया ने द्वितीय और तनु राना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अन्य सभी विद्यार्थी भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जिससे महाविद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सहायक अभियंता लोनिवि को सौंपा ज्ञापन

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रदेश एपीबीसी जनजाति विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव जगदीश चौहान गुरचाल पंचायत के प्रधान खुशवंत चौहान पूर्व पंचायत सदस्य जनक राज व विनोद शर्मा द्वारा सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सुल्यिाली (नूरपुर) को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से विभाग के ध्यान में लाया कि नूरपुर से 9 किलोमीटर दूर चंबा रोड पर स्थित गुरचाल गांव में बस स्टॉप पर इस समय बरसात के दिनों में भारी बारिश से हर बार पूरी सड़क पानी से भर जाती है। इस कारण स्कूली बच्चों, ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों, राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोग वीडियो व तस्वीरें सोशल मीडिया में जारी हो चुकी हैं। यही सड़क के किनारे काफी वर्षों पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा एक रैनशेल्टर बनाया था, वह भी ढह गया है। इससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और पानी की निकासी के लिए नालियां व आरसीसी क्लबर्ट डाले गए थे, मगर जब लगभग 4 वर्ष पूर्व जब सड़क की मरम्मत की गई तो उन्हें उखाड़ डाला गया। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि जल्द यहां बस स्टॉप के पास पानी की निकासी के लिए नालियां बनाकर पहले की तरह आरसीसी क्लबर्ट डाले जाएं तथा रैनशेल्टर बनाया जाए। वहीं, सहायक अभियंता द्वारा इन समस्याओं को शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया गया।

## लाडली फाउंडेशन ने एसएसपी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कानून व्यवस्था एवं नशा माफिया पर शिकंजा कसने के लिए लाडली फाउंडेशन जिला कांगड़ा द्वारा पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री को सम्मानित किया। लाडली फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष बबीता ओबरॉय की अगुवाई में रश्मि नाग, सोनिया मल्होत्रा, शालू इत्यादि लाडली फाउंडेशन के सदस्यों ने माता वैष्णो देवी से लाई चुनरी एवं मां चिंतपूर्णी की तस्वीर देकर पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री को सम्मानित किया। लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री जिला कांगड़ा में ट्रैफिक एवं कानून व्यवस्था हेतु बेहतरीन सुविधाएं जनता को दे रही है। शालिनी अग्निहोत्री जनता के साथ मिलनसार होने के साथ-साथ भी नशा माफिया की कमर तोड़ दी है।

## शिक्षा विभाग की टीम ने किया दरोका स्कूल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरोका बरियाल में उच्च शिक्षा उपनिदेशक, कांगड़ा-धर्मशाला की निरीक्षण टीम द्वारा उपनिदेशक उच्च शिक्षा, विकास महाजन के नेतृत्व में विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया, प्रधानाचार्य अनिल जरियाल एवं सुशील धीमान, नरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र पाल शामिल रहे। विद्यालय में कक्षावार एवं विषयवार शिक्षण व्यवस्था, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, प्रार्थना स्थल, आईसीटी लैब तथा कार्यालय अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई। साथ ही संपूर्ण शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यालय प्रबंधन का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण टीम ने स्कूल के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए गए। शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना एवं अनुशासन से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की एवं प्रेरणादायक सुझाव साझा किए।

## जन कल्याण संस्था ने दिया धाम का सामान



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जन कल्याण संस्था ने कमलेश कुमारी निवासी संदरोआ, निक्की देवी निवासी कोटलू पपलाह, पच लीहड़ अनिल कुमार निवासी बरडांम तीन गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए धाम का सामान दिया। संस्था की ओर से मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, नानक चंद कटोच, मास्टर किशोरी लाल, फतेह सिंह जडवाल, कमलेश कुमार धीमान, कुलदीप कटोच, कुलदीप गुलेरिया ने यह सामान दिया है।

## पठानकोट में महिला ने छीनी सवा तोले की चेन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट की रामशरणम कॉलोनी में बाइक सवार दो युवकों ने मंदिर से माथा टेककर घर वापस आ रही महिला की सवा तोले की सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद थाना डिविजन नंबर 2 की पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया। एसएचओ मनदीप सलगोत्रा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर युवकों को पकड़ने के लिए टीमें लगा दी हैं।

# 1211 चालान कर वसूला 28 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना

## तीन माह में 65 से अधिक स्कूल वाहनों का निरीक्षण

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** यातायात नियमों की अवहेलना पर चालू वित्त वर्ष में अब तक 1211 चालान काटकर 28 लाख से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। यही नहीं पिछले तीन माह में 65 निजी स्कूल वाहनों का भी निरीक्षण किया गया है। आरटीओ जिला कांगड़ा और आईटीओ फ्लाइंग स्क्वायड की ओर से कार्रवाई करते हुए चालान काटकर जुर्माना वसूल किया गया है।

जानकारी के अनुसार, आरटीओ जिला कांगड़ा स्थित धर्मशाला द्वारा इस अवधि के दौरान 784 वाहनों के चालान काटकर 17 लाख 74 हजार रुपए, जबकि आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड द्वारा 427 चालान काटकर 11 लाख 9500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। गौरतलब है कि परिवहन विभाग के दो विंग हैं, जिनमें आरटीओ जिला कांगड़ा और आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड हैं। आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड के अधीन चार जिले आते हैं। यातायात नियमों की अवहेलना पर दोनों विंग के अधिकारियों द्वारा चालान किए जाते हैं, जिसमें वाहनों के अपने रूट व समयसारिणी अनुरूप न चलने और बाहर से आने वाले वाहनों द्वारा टैक्स का भुगतान न करने पर चालान किए जाते हैं।

अनंत ज्ञान स्पैशल

### स्कूल वाहनों में ओवरलोडिंग पर नजर

**आरटीओ** जिला कांगड़ा द्वारा पिछले दो-तीन माह में 65 स्कूल वाहनों का भी निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान यदि स्कूल वाहनों में प्रोविजन अनुसार दस्तावेज नहीं होते तो उनके भी चालान किए जाते हैं। इसके अलावा स्कूल वाहनों में प्राथमिकता के आधार पर ओवरलोडिंग को चेक किया जाता है, यदि ओवरलोडिंग पाई जाती है तो उसका भी चालान किया जाता है।



**यातायात** नियमों की अवहेलना पर चालू वित्त वर्ष में 784 चालान कर 17 लाख 74 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड में 427 चालान काटकर 11 लाख 9 हजार 500 रुपए का चालान किए गए हैं। पिछले तीन माह में 65 स्कूल वाहनों का भी निरीक्षण किया गया है। स्कूल वाहनों में प्राथमिकता के आधार पर ओवरलोडिंग को चेक किया जाता है, यदि ओवरलोडिंग पाई जाती है तो उसका भी चालान किया जाता है।

**-मनीष कुमार सोनी**
**आरटीओ, जिला कांगड़ा।**

## पुलिस ने जांच रिपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों को भेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित कोर्ट को उड़ाने के मामले की जांच कर पुलिस ने रिपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों को भेज दी है। बुधवार को धर्मशाला कोर्ट को उड़ाने की धमकी भरी ई-मेल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को अधिकारिक ई-मेल पर आने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर न्यायालय परिसर को एहतियातन खाली करवा दिया गया था। करीब साढ़े तीन घंटे तक न्यायालय परिसर में बम और डॉग स्क्वायड की टीमें जांच में जुटी रही। कुछ भी न मिलने की बात कहते हुए अंदर जाने को कहा। एएसपी जिला कांगड़ा आदित्य सिंह ने बताया कि पुलिस की ओर से इस मामले में एक जांच रिपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों को भेज गई है, आगामी जांच जारी है।

## हैप्पी बर्थडे



बुधार (सोलन) की दीक्षांशी ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## घनश्याम ने आपदा पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने गांव लदोह (पंचरुखी) से मंडी जिले में हुई त्रासदी के लिए पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री भेजी।

## 10 उपस्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प प्रशंसा पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और गुणवत्ता सुधार के लिए संचालित कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक शाहपुर के दस उपस्वास्थ्य केंद्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाह्य मूल्यांकन में श्रेणी 4 हासिल की है। खंड चिकित्सा अधिकारी शाहपुर कविता ठाकुर ने बताया कि इन उपस्वास्थ्य केंद्रों को 25,000 रुपए का कायाकल्प प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार भीतलू, प्रेई, नेरटी, भटेच्छ, डढंब, भनाला, सल्ली, बसनूर, अनसुई, फरिस्टगंग को मिले हैं। इन उपकेंद्रों ने कायाकल्प के निर्धारित मापदंडों पर खरा उतरते हुए स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बायोमेडिकल कचरा प्रबंधन तथा रोगी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार किया है। इसके साथ ही इन संस्थाओं ने समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर एक नई मिसाल कायम की है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इन उपकेंद्रों की इस सफलता से अन्य संस्थान भी प्रेरणा लेंगे और कायाकल्प के उद्देश्यों को सफल बनाने में योगदान देंगे।

## धर्मशाला में हुनर अपना-अपना के ऑडिशन 20 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की प्रतिभाओं को एक नया मंच देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की जा रही है। स्वर सागर म्यूजिक अकादमी कांगड़ा द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम हुनर अपना-अपना का ऑडिशन 20 जुलाई को धर्मशाला में होगा। यह आयोजन उन सभी कलाकारों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपने भीतर छिपे हुनर को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं। आयोजक डीआर सागर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने कला कौशल, संस्कृति, और रचनात्मकता को प्रदर्शित कर सकें। कार्यक्रम की मूल भावना है हर व्यक्ति में एक हुनर होता है, बस उसे पहचानने और निखारने की जरूरत होती है। इस कार्यक्रम में गायन, नृत्य, अभिनय, कॉमेडी, कविता पाठ, योग प्रदर्शन, वाद्य यंत्र, रंगोली, शूटिंग, कैमरा कला वाले भी भाग ले सकते हैं। चयनित प्रतिभागियों को न केवल सम्मान पत्र, ट्रॉफी, और पुरस्कार दिए जाएंगे, बल्कि उन्हें भविष्य में होने वाले राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर प्रस्तुति का अवसर भी मिलेगा। ऑडिशन 20 जुलाई को धर्मशाला में होंगे।

## गायत्री परिवार ने थुरल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** गायत्री शक्तिपीठ थुरल में गुरु पूर्णिमा का पर्व गायत्री प्रज्ञा मंडल धीरा, थुरल के गायत्री साधकों एवं स्थानीय लोगों ने धूमधाम से मनाया गया। गायत्री परिवार द्वारा हवन यज्ञ और भंडारा का भी आयोजन किया गया। वहीं, मंडी में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई और इस आपदा में घायल हुए व अस्पतालों में उपचाराधीन लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ वैदिक मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां समर्पित की गईं। शक्तिपीठ के संस्थापक जगदीश वाशल व अजित राणा ने अमृत वचनों की वर्षा करते हुए गुरु पूर्णिमा को गुरु के अनुशासन को स्वीकारने तथा गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व निष्ठा व्यक्त करने का पर्व बताया।

## होटल एसोसिएशन करेगी हिमाचल का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में हो रहे टूरिज्म एंड ट्रेड फेयर (टीटीएफ 2025) में होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि इस आयोजन में राज्यभर के होटल व्यवसायियों और पर्यटन हितधारकों का प्रतिनिधित्व शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस आयोजन में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है। इसके जवाब में होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला ने राज्य के पर्यटन उद्योग की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पहल की है। इस मंच के तहत हिमाचल प्रदेश के सभी क्षेत्रों के पर्यटन हितधारकों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण पर्यटन को निरंतर बढ़ावा देने और हिमाचल की पेशकशों को व्यापक दर्शकों तक प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने वाली डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियों के एकीकरण के लिए सरकारी समर्थन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज में नए सत्र की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में बीबीए, बीसीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों के नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ वीरवार को हवन यज्ञ के साथ हुआ। तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई, जिसमें नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम 10 जुलाई से 14 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक संस्कृति, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सुविधाओं और करियर के अवसरों से परिचित कराना है। मुख्य अतिथि रहे प्रो. डॉ. सूर्य रश्मि रावत एचपीकेवी बिजनेस स्कूल, केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला नेद कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों से युक्त एक सशक्त व्यक्तित्व की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक गंधर्व सिंह पठानिया और कार्यकारी निदेशक डॉ. बलविंदर सिंह पठानिया उपस्थित रहे।

# अरनी विश्वविद्यालय ने आपदा प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री

## चांसलर व अन्य स्वयंसेवी भी सेवा कार्यों के लिए हुए रवाना



अरनी विश्वविद्यालय ने आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री की दो गाड़ियां रवाना कीं।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** अरनी विश्वविद्यालय इंदौरा ने वीरवार को आपदा प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री बिस्तर, चारपाई, कंबल, बर्तन, तिरपाल सहित अन्य सामान की दो गाड़ियां रवाना कीं।

यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी हर विकट परिस्थिति में प्रदेश के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि 5 लाख रुपए राशि की विभिन्न सामग्री की दो गाड़ियां को रवाना किया है। वह स्वयं आपदाग्रस्त क्षेत्र में जा रहे हैं और वहां यूनिवर्सिटी द्वारा क्या किया जा सकता है, उसकी जानकारी जुटाएंगे। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवी छात्रों का एक दल भी आज जनसेवा कार्यों के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो. वाइस चांसलर डॉ. मनीष श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार डॉ. त्रिलोचन सिंह, संचालन निदेशिका मेहर उन निसा, डीन अकादमिक डॉ. आरके कौंडल, सीटीओ रोहित कुमार, फैकल्टी सदस्य हरिओम आदि उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता को 2 हजार मुआवजा व 3 हजार रुपए जमा करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला**

**पेट्रोल** पंप संचालक द्वारा शिकायतकर्ता उपभोक्ता को 2000 रुपए मुआवजा व 3,000 रुपए जिला उपभोक्ता विधिक सहायता कोष में जमा करने करने होंगे। यह आदेश धर्मशाला स्थित जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने जारी किए हैं। ज्वालामुखी तहसील के दरंग गांव निवासी शिकायतकर्ता ने बताया था कि उन्होंने संबंधित क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप से 13 फरवरी, 2025 को 1452 का ईंधन भरवाया था। इस दौरान ऑनलाइन भुगतान के समय नेटवर्क की समस्या के कारण कर्मचारी ने उन्हें दूसरा खाता उपयोग करने को कहा।

तकनीकी खामी के चलते 1452 रुपए की राशि उनके खाते से 2 बार कट गई और पेट्रोल पंप के दोनों खातों में चली गई। जब शिकायतकर्ता ने दोहरी कटौती की जानकारी पेट्रोल पंप मालिक को दी, तो उन्होंने दो बार भुगतान प्राप्त होने से इनकार कर दिया। इसके बाद आयोग में आए मामले के बाद आयोग ने पेट्रोल पंप पक्ष को आयोग द्वारा विधिवत नोटिस भेजा गया, लेकिन वह पेश नहीं हुए, जिसके चलते उन्हें एकतरफा करार दिया गया। शिकायतकर्ता ने अपनी बात को हलफनामे और दस्तावेजों के साथ साबित किया। सुनवाई के दौरान बताया गया कि शिकायत लंबित रहने के दौरान ही 1452 रुपए की राशि पेट्रोल पंप द्वारा लौटा दी गई थी, लेकिन यह भुगतान शिकायत दर्ज होने के बाद किया गया है। इसके बाद आयोग द्वारा पाया गया कि इस मामले में उपभोक्ता को सेवा में कमी के कारण परेशानी और मानसिक तनाव झेलना पड़ा, इसलिए आयोग ने शिकायतकर्ता उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पेट्रोल पंप संचालक को उपरोक्त आदेश जारी किए हैं। साथ ही इस फैसले के तहत सभी पक्षों को मामले की कॉपियां निःशुल्क उपलब्ध करवाने के आदेश पारित किए।

## विधायक किशोरी लाल ने किया ट्रांसफार्मर का लोकार्पण



विधायक किशोरी लाल लाल ने लोगों की जनसमस्याएं भी सुनीं।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने उपतहसील चढ़ियार की मतियाल पंचायत के खुह गांव में 10 लाख 10 हजार रुपए की लागत से स्थापित 63 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि इस ट्रांसफार्मर से क्षेत्रवासियों को सुचारु और स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो पाएगी। वहीं, आए दिन बिजली बंद रहने की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर क्षेत्र में बिजली, पेयजल तथा सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि कोई भी गांव प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में प्रदान की जा रही सुविधाओं से वंचित न रह सके। वहीं, उन्होंने स्थानीय लोगों की जनसमस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र निवारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार हिमाचल के हर क्षेत्र के समुचित विकास के लिए वचनबद्ध है तथा निर्धनों व जरूरतमंदों के उत्थान लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड का गठन समय की जरूरत : केवल



उपमुख्य सचेतक से मिला भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संघ का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**भूतपूर्व** अर्धसैनिक बल कल्याण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया से उनके कार्यालय रैत में मिला और मांगों को लेकर बैठक की। संघ के जिला कांगड़ा उपाध्यक्ष बलदेव सिंह राणा ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक वीके शर्मा ने किया।

इस दौरान महासचिव वीर सिंह वर्मा, प्रो. बृजेश चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वीके शर्मा ने विधायक को अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन की आवश्यकता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार पहले ही ऐसा बोर्ड बना चुकी है, जबकि गोवा, गुजरात सहित अन्य राज्य सरकारें भी अर्धसैनिक बलों को हरसंभव सहायता दे रही हैं, लेकिन प्रदेश में अभी तक इस दिशा में कोई स्थायी व्यवस्था नहीं बन पाई है, जबकि संविधान में सेना और अर्धसैनिक बलों दोनों को संघ की सशस्त्र सेनाएं घोषित किया गया है। पठानिया ने स्वीकार किया कि सैनिक कल्याण बोर्ड की तर्ज पर अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड का गठन समय की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और इसको महत्ता से उन्हें अवगत कराएंगे। इस संबंध में होने वाले निर्णय की जानकारी शीघ्र ही संघ को दे दी जाएगी।

## अनुराग के प्रयासों से देहरा क्षेत्र को रेलवे मंत्रालय से मिली 14.5 करोड़ की स्वीकृति : सुकृत

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** देहरा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी विकासात्मक उपलब्धि सामने आई है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के विशेष प्रयासों से रेल मंत्रालय नई दिल्ली ने उत्तर रेलवे के माध्यम से पत्र जारी कर देहरा क्षेत्र के तहत आने वाले पांच गांवों में रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्यों को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी डॉ. सुकृत सागर ने बताया कि सांसद अनुराग द्वारा रेल मंत्री से किए गए सतत संवाद और हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। अनुराग ठाकुर ने बीते माह 25 जून को नॉर्दर्न रेलवे के जनरल मैनेजर अशोक वर्मा से अपने निवास पर मुलाकात की थी।

उन्होंने बताया कि आपकी सभी मंडलीय मांगों को प्रशासनिक मंजूरी दे दी है और संबंधित डीआरएम को उचित कार्रवाई अमल में लाने बारे निर्देशित कर दिया, जिसके उपरांत 27 जून को उत्तर रेलवे मुख्यालय नई दिल्ली से अम्बेला वर्क के अंतर्गत यह स्वीकृति पत्र जारी किया गया है, जिसके माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक जम्मू को इन योजनाओं की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने और उन्हें शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एचआरटीसी धर्मशाला मंडल को मिली चार नई वोल्वो बसें

## उपाध्यक्ष अजय ने दो वोल्वो को किया हरिद्वार व दिल्ली के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एचआरटीसी** डिवीजन धर्मशाला को वीरवार को नई 4 वोल्वो बसें मिल गई हैं। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने धर्मशाला स्थित एचआरटीसी वर्कशॉप से चार नई वोल्वो बसों का शुभारंभ करते हुए दो बसों को हरिद्वार व दिल्ली के लिए रवाना किया। जबकि दो अन्य वोल्वों बसों को शुक्रवार को रूटों पर भेजा जाएगा। इस दौरान डिवीजन धर्मशाला के डीएम पंकज चड्ढा सहित कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



वोल्वो बसों को रूटों पर रवाना करते एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय।

गौरतलब है कि डिवीजन धर्मशाला को छह बसें मिली हैं, जिनमें से चार बसें पहुंच चुकी हैं, जबकि दो बसें जल्द ही उपलब्ध हो जाएंगी। अजय वर्मा ने कहा कि इन दोनों बसों को मिलाकर धर्मशाला एचआरटीसी मंडल को 6 नई बसें मिली है। अजय वर्मा ने कहा कि जल्द ही बीओडी के बैठक आयोजित होगी तथा उसमें कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को लाया जाएगा। बीओडी में वोल्वो बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए निगम की तरफ से एक विशेष स्कीम लेकर आ रहे हैं। इसका सीधा लाभ वोल्वो बसों में सफर करने वाले यात्रियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी बसों में बदलाव लाने के चलते नई 24 वोल्वो बसें को लाया गया है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार

# डाडासीबा अस्पताल में हुई सफल सर्जरी

**कमल, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में यह सप्ताह ऐतिहासिक रहा। 8 जुलाई को डाडासीबा सिविल अस्पताल में एक सफल सर्जरी कर यहां स्वास्थ्य सेवाओं के एक नए युग की शुरुआत हो गई है। इस सर्जरी में डॉ. कृष्णा भटनागर (सर्जन) और डॉ. विपन (एनेस्थिसियोलॉजिस्ट) की टीम ने एक मरीज की त्वचा की ग्राफ्टिंग की।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार फोतेदार ने बताया कि यह सर्जरी अस्पताल में पहली बार विशेषज्ञ सर्जन और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की मौजूदगी में पूरी सावधानी और आधुनिक प्रक्रिया से की गई। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा टीम के समर्पण का परिणाम है, बल्कि सरकार के प्रयासों की भी सराहनीय मिसाल है। इसके साथ ही वीरवार को डॉ. निखिल कुमार (एमडी मेडिसिन) ने भी डाडासीबा अस्पताल में कार्यभार संभाल लिया है, जिससे अब क्षेत्रवासियों को आंतरिक रोगों के इलाज की सुविधा भी स्थानीय स्तर पर मिल सकेगी। अब डाडासीबा अस्पताल में सर्जरी, एनेस्थीसिया, मेडिसिन और अल्ट्रासाउंड जैसी अत्याधुनिक सेवाएं उपलब्ध हो गई हैं, जिससे लोगों को टांडा, धर्मशाला या अन्य शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा। स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डाडासीबा अस्पताल में इन सेवाओं के आगमन पर खुशी जताई है। वहीं, कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया की सराहना की, जिन्होंने लगातार सरकार के समक्ष इस क्षेत्र की चिकित्सा समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुविधाओं के अभाव में भी डॉ. ईशान दे रहे सेवाएं



**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ट्हाई में सुविधाओं के अभाव के बावजूद भी रोगियों को चिकित्सक डॉ. ईशान कौशल द्वारा चौबिस घंटे आपातकालीन सेवाएं भी प्रदान रोगियों के मसीहा बन रहे हैं जबकि इस पीएचसी में आपातकालीन सेवाओं का कोई प्रावधान नहीं है परंतु डॉ. इशान में समाजसेवा का जनून होने से वह अपने स्तर पर चौबीस घंटे रोगियों को सेवाएं देने के लिए तत्पर रहते हैं। इनका कहना है कि बिमार एवं पीड़ित लोगों की सेवा करना उनके जीवन का लक्ष्य ही नहीं अपितु पुनीत कार्य भी है। डॉ. ईशान का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से कई बार देर रात डॉग बाईट, स्नेक बाइट, दुर्घटना व अन्य बीमारी के मामले इस केंद्र में आते हैं जिन्हें यथासंभव प्राथमिक उपचार दिया जाता है। स्थानीय निवासी मनोहर सिंह ठाकुर, प्रीतम सिंह ठाकुर, रामसरन ठाकुर सहित अनेक लोगों ने बताया कि वर्ष 2016 से इस गांव में पीएचसी कार्यरत है परंतु बीते एक वर्ष में पहली बार डॉ. ईशान ने निःस्वार्थ भाव लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करके लोगों का दिल जीता है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रचार के लिए सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला स्थित ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में इस सप्ताह आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए मीडिया संस्थानों से सहयोग की अपील की गई है। गेयटी ड्रामेटिक सोसाइटी, शिमला की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सभी समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों से अनुरोध किया गया है कि वे इन कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी को अपने प्रतिष्ठित प्रकाशनों के द्वितीय या तृतीय पृष्ठ पर स्थान दें। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक कार्यक्रम से 2-3 दिन पूर्व और कार्यक्रम के आयोजन के बाद एक प्रेस नोट प्रकाशित करने का भी निवेदन किया गया है, ताकि लोग समय पर सूचित हो सकें और कार्यक्रमों में भाग ले सकें। विस्तृत जानकारी और सहयोग के लिए गेयटी थियेटर की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है।

### शिमला से मंडी के लिए 101 किचन किट्स रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडी जिले में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। पार्टी ने पहले ही करसोग और सिराज विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 450 राशन किट भेजी थीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के निर्देश पर, शिमला जिले ने 101 किचन किट्स (61 करसोग और 40 सिराज के लिए) भेजीं। इन किट्स में खाना बनाने के लिए आवश्यक 18-20 प्रकार के बर्तन और सामग्री शामिल थी, ताकि प्रभावित परिवारों को भोजन बनाने में कोई परेशानी न हो। भाजपा जिलाध्यक्ष केशव चौहान ने सभी दानदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से युद्धस्तर पर राहत और पुनर्वास कार्य शुरू करने की मांग की। उन्होंने सरकार पर अपर्याप्त सहायता पहुंचाने का आरोप लगाया। चौहान ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष सहित पूरा भाजपा नेतृत्व लगातार मैदान में सक्रिय है और प्रभावितों तक मदद पहुंचा रहा है।

### घायल टी-मेट की इलाज के दौरान हुई मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** 19 दिन पहले बिजली के पोल से गिरकर घायल हुए बिजली बोर्ड कर्मचारी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ये हादसा शिमला जिले की रोहड़ू तहसील के चिड़गांव थाना क्षेत्र में हुआ था। बिजली बोर्ड में कार्यरत टी-मेट भाऊ सिंह (55) की बीती रात शिमला के आइजीएमसी स्पताल में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार भाऊ सिंह जोकटा पुत्र केदार सिंह रोहडू के थ्यूटी गांव के निवासी थे और बिजली बोर्ड में टी-मेट के पद पर कार्यरत थे। बीते 21 जून को ड्यूटी के दौरान गुशाली में बिजली के पोल पर काम करते समय अचानक वे पोल से गिर गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें उपचार के लिए शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। वहीं पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

# शिमला के सेब बागानों में पीला पत्ता रोग से हड़कंप

## बागवानी विभाग की टीम दो दिनों से जांच में जुटी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल के सेब उत्पादकों को एक अजीब रोग परेशान कर रहा है। उनके लहलहाते बागानों को एक पीला पत्ता नामक रोग अपनी चपेट में ले रहा है, जिससे सेब का भविष्य खतरे में है। इस गंभीर चुनौती का सामना करने के लिए बागवानी विभाग की एक विशेष टीम शिमला जिले के प्रभावित इलाकों में दो दिवसीय गहन जांच पर उतरी है।

यह टीम सेब के पेड़ों में फैल रही रहस्यमयी पीला पत्ता रोग की जांच कर रही है, जिसकी वजह से क्षेत्र के बागवान चिंतित हैं। जानकारी के अनुसार शिमला के सेब उत्पादक क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से सेब के पेड़ों की पत्तियों के पीले पड़ने की समस्या सामने आ रही है। बागवानों का कहना है कि इस पीला पत्ता रोग के कारण



सेब की गुणवत्ता और उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। विशेषज्ञ टीम ने प्रभावित बागानों का दौरा किया है और पीले पत्तों वाले पेड़ों का गहन निरीक्षण किया है। टीम बागवानों से मिलकर उनकी चिंताओं को सुन रही है और उन्हें प्राथमिक जानकारी प्रदान कर रही है। विभाग के विशेषज्ञ इस रोग की उत्पत्ति के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं, जिनमें दवाइयों की मिक्सिंग, पोषक तत्वों की कमी, किसी विशेष फंगस या वायरस का संक्रमण या अन्य पर्यावरणीय कारक शामिल हो सकते हैं।

### स्थायी समाधान की मांग

**बागवानों** ने विभाग से इस रोग का तत्काल और स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। वे चाहते हैं कि विभाग वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर उन्हें उचित उपाय बताए, ताकि आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सके।

### समस्या पर विभाग गंभीर

**बागवानी** विभाग ने बागवानों को आश्वासन दिया है कि वे इस समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं और जल्द ही इसके कारणों और समाधान पर अगले पांच से सात रोज के बीच विस्तृत रिपोर्ट सरकार के समक्ष पेश करेंगे। विशेषज्ञ टीम क्षेत्र में बागवानों को सही बागवानी प्रथाओं, पोषक तत्वों के प्रबंधन और रोग नियंत्रण पर भी मार्गदर्शन दे रही है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके।

# अधिकारी ईमानदारी से निभाएं जिम्मेदारियां : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला के डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता में आज अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान डीसी ने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के सभी हितधारकों से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया और अधिनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया ताकि लोग अपने अधिकारों के लिए समय पर लड़ सकें।

बैठक में अधिनियम के तहत विभिन्न प्रावधानों, उपबंधों और पीड़ितों को दी जाने वाली राहत राशि व पुनर्वास सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस अधिनियम के तहत पीड़ितों को न्यूनतम 85 हजार से लेकर अधिकतम 8 लाख 25 हजार तक की राहत राशि का प्रावधान है। जिला शिमला में 2018 से कुल 33 मामले लंबित हैं, जबकि 1 जनवरी से 30 जून 2025 तक 9 नए मामले दर्ज किए गए हैं।



### मासिक रिपोर्ट देने के निर्देश

**उपायुक्त** ने जिला कल्याण अधिकारी को न्यायालय में लंबित हर मामले की मासिक रिपोर्ट उपायुक्त को देने का निर्देश दिया, ताकि त्वरित निपटारे की दिशा में प्रभावी ढंग से काम किया जा सके। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि अभियोजन समय पर शुरू करने के लिए 60 दिनों के भीतर जांच पूरी करना है।

### निष्पक्ष जांच जरूरी : संजीव

**जिला** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने सभी जांच अधिकारियों को निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला न्यायवादी मुक्ता कश्यप सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ने मॉल रोड पर मनाया मेरिट का जश्न

**मुख्यमंत्री** सुख आश्रय योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा पोषित चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट की दो होनहार छात्राओं ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का जश्न जिला प्रशासन शिमला के साथ मनाया। दसवीं कक्षा में राज्य से अधिक अंक प्राप्त करने वाली रितिका 91.6 फीसदी और रीना 90 फीसदी को जिला प्रशासन द्वारा मॉल रोड की विशेष सैर कराई गई। इस पहल का उद्देश्य इन बच्चियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित करना और दूसरों को भी प्रेरित करना है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी की उपस्थिति में, दोनों छात्राओं ने मॉल रोड पर घूमने और हाई-एंड कैफे में व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर पाया। उन्हें उनकी शानदार उपलब्धि के लिए उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना' की सफलता को दर्शाता है, जो अनाथ और बेसहारा बच्चों को 'सरकार ही मां सरकार ही पिता' के सिद्धांत पर आधारित एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर रही है, जिसमें उनकी शिक्षा और अन्य खर्चे सरकार द्वारा वहन किए जाते हैं।

# शशि नेगी ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता पदक

अनंत ज्ञान, शिमला

**यूएसए में मिली जीत के बाद शशि नेगी ने की राजस्व मंत्री से मुलाकात**

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले की गौरवान्वित बेटी शशि नेगी ने यूएसए में आयोजित प्रतिष्ठित वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद गुरुवार को शशि नेगी ने प्रदेश सचिवालय में राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी से शिष्टाचार भेंट की।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शशि नेगी को उनकी इस अभूतपूर्व सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने शशि नेगी के समर्पण, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प की सराहना की, जिसके कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह पहचान मिली। उन्होंने कहा कि शशि नेगी ने न केवल किन्नौर, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है और वह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस अवसर पर शशि नेगी ने मंत्री का आभार व्यक्त किया और अपनी जीत का श्रेय अपने कोच, परिवार और हिमाचल प्रदेश के लोगों के समर्थन को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करना है।

# आपदा में मानदेय बढ़ाना चिंता का विषय: भाटिया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मंडी जिले के थुनाग में हुए भारी नुकसान के बीच, एक चिंताजनक मुद्दा सामने आया है।

हिमाचल प्रदेश संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि आपदा की इस घड़ी में भी बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों का मानदेय हजारों में बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने इसे आपदा में अवसर ढूंढना करार दिया, जो मौजूदा संकट के समय में बिल्कुल अनुचित और संवेदनशील नहीं है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब प्रदेश के लोग प्राकृतिक आपदा के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।

# प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस शहरों में तेज, गांवों में धीमी

अनंत ज्ञान, शिमला

प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस का विस्तार हो रहा है, जिसमें टेलीमेडिसिन और स्मार्ट क्लास रूम जैसी पहल शामिल हैं। हालांकि, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के हालिया परीक्षणों ने राज्य की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। 26 से 28 मई, 2025 के बीच किए गए इन परीक्षणों से पता चला कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता में भारी असमानता है।

ऊना और मंडी जैसे शहरों में एयरटेल और रिलायंस जियो ने शानदार 5जी स्पीड दी, लेकिन ग्रामीण इलाकों और राजमार्गों पर नेटवर्क धीमे हो गए और वॉयस कनेक्टिविटी भी अस्थिर रही। विशेष रूप से, बीएसएनएल की कॉल ड्रॉप दर 15.69 फीसदी पाई गई, जो ग्रामीण क्षेत्रों में संचार के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। ट्राई की रिपोर्ट दर्शाती है कि हिमाचल प्रदेश में डिजिटल सेवाओं को पहाड़ों तक ले जाने के प्रयासों में दूरसंचार क्षेत्र में महत्वपूर्ण कमियां हैं। अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने जोर दिया कि ये निष्कर्ष केवल तकनीकी मापदंड नहीं, बल्कि डिजिटल अनुभवों का प्रतिबिंब हैं। आपदा-प्रवण क्षेत्रों में डिजिटल तैयारी पर भी सवाल उठते हैं, क्योंकि खराब नेटवर्क कार्य बाधित कर सकता है।

# जीपीएफ पर मिलेगा 7.1 फीसदी ब्याज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए जनरल प्रोविडेंट फंड पर मिलने वाले ब्याज की दर निर्धारित कर दी है। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई से सितंबर की अवधि के लिए कर्मचारियों को 7.1 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। राज्य सरकार ने फिलहाल इस ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया है।

### ठियोग में हुआ भूस्खलन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के ठियोग की थरेच पंचायत के भलाड़ी-चबरानी में हुए भूस्खलन की घटना की जानकारी मिली है। हालांकि इस घटना से किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है। इन दोनों गांव के साथ वाली पहाड़ी में यह भूस्खलन हुआ है। फिलहाल आसपास के गांव वासी सुरक्षित है और इस घटना पर बराबर निगाह बनाए हुए हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को भी इस बारे में सूचित कर दिया है।

### स्टूडेंट्स को बताए आग से बचाव के तरीके

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कॉलेज की जूनियर रेडक्रॉस यूनिट के 30 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता देने के लिए तैयार करना तथा रेडक्रॉस की मूलभूत कार्यप्रणाली एवं सिद्धांतों से अवगत कराना था। स्वयंसेवकों को खोज एवं बचाव, सीपीआर, अग्नि सुरक्षा तथा रेडक्रॉस के सिद्धांतों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर के सचिव अमित कुमार ने रेडक्रॉस के इतिहास, उद्देश्यों तथा समाज में उसकी मानवीय भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को आग से बचाव उपायों से अवगत कराया।

### स्कूलों का दौरा कर जांची शिक्षा की गुणवत्ता

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** शिक्षा विभाग की डिप्टी डायरेक्टर निशा गुप्ता का शिक्षा की गुणवत्ता जांचने के लिए झंडूता उपमंडल के विभिन्न स्कूलों का सिलसिलेवार दौरा जारी है। उनकी टीम ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता का स्प्राइट विजिट किया। इससे पहले, निशा गुप्ता ने उपमंडल के अन्य प्रमुख स्कूलों, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्हाणी, और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कलोल का दौरा हाल ही में किया है। निशा गुप्ता ने बताया कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए उनकी टीम नियमित और आकस्मिक निरीक्षण कर रही है। गुणवत्ता का आकलन बच्चों के नैतिक मूल्यों, अकादमिक प्रदर्शन, दैनिक गतिविधियों और व्यवहार के आधार पर किया जा रहा है।

### लोगों ने किया ग्रामसभा का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बैरी मियां पंचायत में बीपीएल के सर्वे के बारे में ग्रामसभा आयोजित की गई। इसमें बैरी मियां पंचायत के 452 परिवारों में से पांच ही सदस्य पहुंचे व पांच वाई मेंबर समेत कुल 10 सदस्यों ही उपस्थित हुए, क्योंकि ग्राम पंचायत बैरी मियां की जनता में बीपीएल सर्वे को लेकर भारी रोष है। जनता ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार बीपीएल सर्व के मापदंडों को गरीबों के हक में नहीं करती है। तब तक एक भी व्यक्ति ग्रामसभा में शामिल नहीं होगा। ग्राम पंचायत बैरी मिया की जनता सीएम सुक्खू को डीसी बिलासपुर के माध्यम से जल्द ही ज्ञापन भेजेगी।

## क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में खुली प्रदेश सरकार के दावों की पोल

# सरकारी लैब में तीन माह से नहीं हो रहे टेस्ट, मरीज बेहाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के तमाम दावे एक बार फिर धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में पिछले तीन महीनों से सरकारी लैब में सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, टीएसएच, बी-12 व डी-3 जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट पूरी तरह से बंद पड़े हैं। लैब में स्टाफ तो तैनात है, मगर सुविधाएं नहीं।

यहां फिलहाल केवल शूगर टेस्ट ही किया जा रहा है। मरीजों को अन्य सभी टेस्ट के लिए अस्पताल में ही मौजूद निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है, जहां टेस्ट करवाने वालों की लंबी कतारें लग रही हैं। लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और कई बार रिपोर्ट समय पर न मिलने के कारण उन्हें डॉक्टर को दिखाने के लिए अगली बार फिर आना पड़ता है। इससे न केवल आम जनता का समय और पैसा बर्बाद हो रहा है, बल्कि अस्पताल व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



बिलासपुर में टेस्ट करवाने के लिए निजी लैब के आगे लगी भीड़।

जानकारी के अनुसार सरकारी लैब में टेस्ट न होने का मुख्य कारण रिजेंट की अनुपलब्धता है। यह हाल तब है जब सरकार व्यवस्था परिवर्तन के बड़े-बड़े वादे कर रही है। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने चेतावनी दी की कि सरकारी लैब के लिए पर्याप्त बजट जारी किया जाए, अन्यथा प्रदर्शन होगा।



> रिजेंट समाप्त हो जाने से असुविधा हुई है। सरकार से बजट की मांग की गई है। बजट मिलते ही टेस्ट दोबारा शुरू होंगे।
>
> **- डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल, बिलासपुर।**

### आईटीआई घुमारवीं में प्राकृतिक-आधुनिक खेती का प्रमाण पत्र कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आईटीआई घुमारवीं में प्राकृतिक-आधुनिक खेती का छह माह का प्रमाण पत्र कोर्स आरंभ किया जा रहा है। यह कोर्स प्रशिक्षुओं को जैविक व वैज्ञानिक खेती की आधुनिक एवं पारंपरिक तकनीकों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस कोर्स में कुल 30 सीटों की व्यवस्था की गई है और यह एनएसक्यूएफ स्तर-4 के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा, जिससे इच्छुक युवाओं को आर्थिक बोझ उठाए बिना स्वरोजगार के अवसर मिल सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खेती के आधुनिक उपकरणों, जैविक खाद निर्माण, बीज चयन, जल प्रबंधन तथा पारंपरिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही फील्ड विजिट्स के माध्यम से उन्हें वास्तविक खेती का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा। कोर्स में प्रवेश के इच्छुक प्रशिक्षु 11 जुलाई तक आईटीआई घुमारवीं में आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के बाद प्रशिक्षण कार्य शीघ्र आरंभ कर दिया जाएगा।

### सतीश ने संभाला अधिशाषी अभियंता का पदभार



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता में सतीश कुमार शर्मा ने अधिशाषी अभियंता के रूप में अपना पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वह बिलासपुर में अधिशासी अभियंता के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद सतीश ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य झंडूता क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही क्षेत्र में चल रही निर्माणाधीन पेयजल और सिंचाई योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### छात्राओं ने सीखे सेल्फ डिफेंस के गुर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुड़खर में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में प्रशिक्षक तुषार चंदेल द्वारा छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। तुषार चंदेल ने छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा की जानकारी होना हर छात्रा के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने प्रशिक्षक तुषार चंदेल का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समय की आवश्यकता है।

### घुमारवीं में बड़े सार्वजनिक भवन की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं में एक भव्य सार्वजनिक भवन के निर्माण की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। स्थानीय सामाजिक, जनकल्याणकारी, व्यवसायिक व वरिष्ठ नागरिक संस्थाओं का कहना है कि क्षेत्र में अभी तक कोई ऐसा बड़ा सार्वजनिक भवन मौजूद नहीं है, जहां नियमित बैठकें, संगोष्ठियां, सामाजिक या सांस्कृतिक कार्यक्रम सुचारु रूप से आयोजित किए जा सकें। इस कारण से संस्थाओं को निजी होटलों व महंगे कॉन्फ्रेंस हॉलों का सहारा लेना पड़ता है, जहां मनमाफिक किराया वसूला जाता है। जिला केमिस्ट एसोसिएशन के महासचिव अरविंद महाजन वरिष्ठ नागरिक के महासचिव देवराज चंदेल, मुख्य संरक्षण बीडी शर्मा, मुख्य सलाहकार हरि सिंह ठाकुर सहित अन्य कई संगठनों के पदाधिकारियों ने एक सुर में आवाज बुलंद की है। सभी संगठनों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से अपील की है कि घुमारवीं में शीघ्र ही एक उच्च गुणवत्ता वाले सार्वजनिक भवन का निर्माण कार्य आरंभ करवाया जाए।

# झंडूता में लाखों रुपए का सरकारी भवन बना खंडहर



सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद नहीं हो रहा भवन का उपयोग।

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बाजार के साथ-साथ शहीद अश्विनी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल झंडूता के आवासीय भवन की हालत काफी दयनीय हो गई है।

लाखों रुपए की लागत से बनी यह दो मंजिला इमारत रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील होती जा रही है। चार कमरों वाले सेट में सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद इस भवन का उपयोग नहीं हो रहा। शिक्षा विभाग के नाम भवन के आसपास चार बीघा 19 बिस्वा जमीन भी है, लेकिन इसकी भी कोई सुध नहीं ली जा रही। भवन की जमीनी मंजिल अब बेसहारा पशुओं और नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी है। पुरानी शैली में बनी इस इमारत को असुरक्षित घोषित करने के लिए स्कूल प्रशासन ने उपमंडल अधिकारी कार्यालय को पत्र लिखा था। इसके बाद इस संपत्ति को प्रशासन ने जायजा लिया था और इसकी मरम्मत करने पर विचार बना था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्कूल प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने बताया कि प्रशासन ने भवन का निरीक्षण किया था और जल्द मरम्मत करवाई जाएगी।

### तालाबंदी और सुविधाओं को खत्म करना सुक्खू सरकार की प्राथमिकता : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता विकास नहीं, बल्कि संस्थानों की तालाबंदी और सुविधाओं को खत्म करना बन गई है। उन्होंने सरकार द्वारा हिमाचल पर्यटन विकास निगम के होटलों को निजी हाथों में सौंपने के निर्णय को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला में पहले ही दर्जनों संस्थानों पर ताले लग चुके हैं और अब सरकार की नजर पर्यटन निगम के प्रतिष्ठित होटल लेक व्यू और स्वारघाट स्थित होटल हिल टॉप पर जा पहुंची है। उन्होंने कहा कि यह फैसला बिलासपुर में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के दावों के विपरीत है। अगर सरकार बिलासपुर को कोई नई सौगात नहीं दे सकती, तो कम से कम पहले से स्थापित संस्थानों को तो बंद न करे।

## सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के नौनिहालों का मानवता को सलाम

# आपदा पीड़ितों के लिए भेजीं 73 राहत किटें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**मंडी** जिले में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही के बीच बिलासपुर के सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालयों के बच्चों ने एक मिसाल पेश की है। अपने गुल्लक में संजोए पैसों को उन्होंने आपदा पीड़ितों की मदद के लिए समर्पित कर दिया। बच्चों और उनके अभिभावकों के सहयोग से तैयार की गई 73 राहत किटें वीरवार को दो वाहनों के माध्यम से मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना की गईं।

राहत सामग्री में राशन, कपड़े, बर्तन तथा अन्य आवश्यक सामान शामिल था। इस कार्य में केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि विद्यालयों के शिक्षक, कर्मचारी और प्रबंधन समितियां भी तन-मन-धन से जुड़े। यह राहत सामग्री सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रौड़ा से भेजी गई। इस अभियान में बिलासपुर जिला के 10 सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय रौड़ा, नम्होल, रघुनाथपुरा, मेन मार्केट, डियारा, लखनपुर, निहाल, कंदरौर, दयोली और चांदपुर ने भाग लिया। बच्चों ने न सिर्फ अपनी गुल्लकें खोलीं, बल्कि अपने अभिभावकों को भी इस नेक कार्य में भागीदार बनाया। रौड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी ठाकुर और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि मंडी में तबाही की खबरों ने बच्चों के मन को गहराई से झकझोर दिया।

बच्चों ने स्वेच्छा से राहत के लिए पैसे और सामान एकत्र किया, जिसे संस्था ने व्यवस्थित रूप से राहत किटों में परिवर्तित कर प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाया।



आपदा प्रभाविता को राहत सामग्री लाते सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के बच्चे।

### घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान की तैयारी तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत आगामी घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान की प्रभावी रूपरेखा और सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उपमंडलीय निर्वाचन कार्यालय, बिलासपुर द्वारा किसान भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 48-बिलासपुर के बूथ स्तर अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, और अन्य विवरणों को अद्यतन करने की विस्तृत जानकारी दी गई। वोटर हेल्पलाइन ऐप, एनवीएसपी पोर्टल और मतदाता सूची प्रबंधन प्रणाली के तकनीकी पक्षों पर भी उन्हें प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण उपरांत बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर प्रत्येक मतदाता से सीधे संपर्क करेंगे और उनका नाम, लिंग, आयु, फोटो व पता आदि की पुष्टि करेंगे।

### भाषण स्पर्धा में काव्यांश ने झटका पहला स्थान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रौड़ा जिला बिलासपुर के प्रिंसिपल अशवनी ठाकुर की अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी दिवस मनाया गया। जिला सूचना एव संप्रेषण अधिकारी गोपी चंद व स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने बच्चों को बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशीली दवाओं से छुटकारा पाना तथा समाज मे शक्तिकरण लाना है। वहीं, बच्चों में भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण स्पर्धा में काव्यांश गुप्ता ने पहला, अनुभव ने दूसरा, सुनिधि ने तीसरा स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में पहले स्थान पर हर्शिंका, दूसरे स्थान पर कार्तिक व तीसरे स्थान पर अक्षत रहा। प्रिंसिपल अशवनी ठाकुर ने बच्चों को नशे से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक व स्कूल के लगभग 150 बच्चे तथा अध्यापक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जय माता दी यूथ क्लब 19 को करवाएगा जागरण

**तलविंद्र सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** जय माता दी यूथ क्लब डलहौजी की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार डलहौजी में 19 जुलाई को रात 8:00 बजे भगवती जागरण होगा व 20 जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा क्लब की ओर से अनिल शर्मा ने बताया कि 19 तारीख को माता की पवित्र ज्योति मां ज्वाला जी से ठीक 4:00 बजे बस स्टैंड डलहौजी में लाई जाएगी। रात को 8:00 बजे जागरण शुरू कर दिया जाएगा। हिमाचल लोक गायक इशांत भारद्वाज अपनी मधुर आवाज में मां भगवती जी के भजनों का गुणगान करेंगे। इसलिए जय माता दी यूथ क्लब की ओर से लोगों से आग्रह किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदर बाजार लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंचकर जागरण की शोभा बढ़ाएं एवं माता का आशीर्वाद प्राप्त करें। माता ज्वाला जी से लाई गई पवित्र ज्योति का 21 जुलाई को तलेरू नामक स्थान पर रवि नदी में विसर्जन किया जाएगा। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा व भलाई माता के दरबार में भी लोग शीश निवाएंगे और भंडारे का आयोजन 21 तारीख को भी तलेरू में किया जाएगा।

### विनय सिंह ने रोहडू क्षेत्र का किया दौरा



**दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** हिमाचल प्रदेश सरकार में निदेशक बागवानी विनय सिंह ने रोहडू क्षेत्र का दौरा कर बागवानी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न इकाइयों और परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नवाचार, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और भंडारण से संबंधित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निदेशक के साथ संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग डॉ. सतीश शर्मा, विषय विशेषज्ञ डॉ. समीर सिंह राणा और विषय विशेषज्ञ शिमला डॉ. कुशाल सिंह मेहता व स्थानीय विषय विशेषज्ञ उद्यान रोहडू डॉ. अश्विन चौहान भी मौजूद रहे। इस दौरे के अंतर्गत विनय सिंह ने संदौर में स्थानीय स्तर पर महेंद्र मशीनरी एग्री मार्ट द्वारा निर्मित साइज ग्रेडिंग एवं कलर सॉर्टिंग मशीन का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने बराड़ा रोड स्थित नेचर ऊर्जा प्रा लि में सेब डिहाइड्रेटर, सेब जैम, चटनी, जूस व सेब का आटा जैसी लघु प्रसंस्करण इकाइयों व रेड राइस टी, गुच्छी टी व कुलथ की चाय जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों की जानकारी ली। उसके उपरांत, रोहडू के ऊपरी बाजार स्थित पीबी फार्म में शहद प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन किया गया। इसके बाद उन्होंने आंध्रा में छुवारा वैली एप्पल सोसायटी व जीआईजेड के सहयोग से स्थापित दस मीट्रिक टन की सौर ऊर्जा चालित मॉड्यूलर कोल्ड स्टोर इकाई का निरीक्षण किया। राज्य सरकार का उद्देश्य पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना है। अब तक फसल तुड़ान के बाद बागवानों को मंडियों में तुरंत बिक्री करनी पड़ती थी! जिससे उन्हें बाजार के अनुकूल मूल्य नहीं मिल पाता था।

### व्यक्ति से 166 ग्राम चरस की बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** पुलिस उपमंडल रोहडू की विशेष टीम ने बुधवार को खुफिया सूचना के आधार पर एक व्यक्ति चमन (64) निवासी गांव जगोटी तहसील रोहडू से 166 ग्राम चरस बरामद की है। जिस पर पुलिस थाना रोहडू में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चमन लाल को गिरफ्तार किया गया है जिसे वीरवार को न्यायालय में पेश किया गया। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने बताया कि जिला शिमला के पुलिस उपमंडल रोहडू में नशा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही से नशा तस्करों की कमर टूट रही है।

### शिक्षा उपनिदेशक ने बालू स्कूल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गुणवत्ता शिक्षा उपनिदेशक कमलेश ठाकुर की टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला बालू का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने तत्परता के साथ जवाब दिया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि विद्यार्थी नियमित रूप से स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में काफी बच्चे अनुपस्थित रहते हैं। बहरहाल, टीम ने स्कूल स्टाफ को इस बारे विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। निरीक्षण विंग के खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी घुंघरू राम भी मौजूद रहे। उपनिदेशक कमलेश ठाकुर ने बताया कि विद्यालयों में पांचवीं व आठवीं कक्षा में कोई भी बच्चा यदि किसी कारणवश पास नहीं हो पाता है तो उसके लिए रेमिडियल कक्षाओं की व्यवस्था की जाए। बच्चों को दो माह तक रेमिडियल कक्षाओं के तहत पढ़ाई करवाई जाए और बच्चों की परीक्षा ली जाए। इससे बच्चों को पास होने का अवसर मिलेगा। अगर दोबारा फेल हो जाता है तो पिछली कक्षा में ही रखा जाएगा। गौरतलब है कि विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा उपनिदेशक की ओर से निरीक्षण किया जा रहा है।

### ई-टिकटिंग मशीन फर्जी पास की तुरंत होगी पहचान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एचआरटीसी की बसों में ई-टिकटिंग मशीन अब फर्जी या एक्सपायर्ड बस पास की तुरंत पहचान कर रही है। बस में चढ़ते ही जब कंडक्टर क्यूआर कोड स्कैन करता है तो मशीन साफ बता देती है कि बस पास वैध है या नहीं। कई कॉलेज विद्यार्थी अब तक पास की वैधता खत्म होने के बाद भी उसका इस्तेमाल कर रहे थे लेकिन अब मशीन उनका क्यूआर कोड स्कैन कर रही है जिससे फौरन पता चल रहा है कि पास एक्सपायर्ड है। इस तकनीकी सुविधा के चलते फर्जी या पुराने पास का इस्तेमाल अब संभव नहीं रहेगा। एचआरटीसी के अनुसार, यह सुविधा पहले उपलब्ध नहीं थी लेकिन अब इसे सभी सरकारी बसों में लागू किया जा रहा है ताकि राजस्व को होने वाले नुकसान को रोका जा सके और पारदर्शिता लाई जा सके।

# लाहल गांव के पेयजल के लिए कंपनी खर्च करेगी 63 लाख

## ग्रीनको पावर प्रोजेक्ट अब गांव की जल समस्या का करेगा समाधान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

करीब बीस साल से पानी की गंभीर समस्या झेल रहे भरमौर के लाहल गांववासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। ग्रीनको पावर प्रोजेक्ट अब गांव की जल समस्या के समाधान के लिए 63 लाख रुपए खर्च करेगा।

यह समस्या ग्रीनको प्रोजेक्ट के निर्माण के बाद उत्पन्न हुई थी, परियोजना में टनल निर्माण के चलते पानी के सभी प्राकृतिक जल स्रोत सूख गए थे। जिसके कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक डॉ. जनक राज के प्रयासों से यह समाधान संभव हो पाया है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा, जिससे गांववासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इससे जल्द ही पीने के पानी की समस्या दूर होगी।

**विधायक जनक राज के प्रयासों से हुआ समाधान**

### स्थानीय लोगों को मिलेगा सीधा लाभ



**इस** परियोजना से गांव के हर घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। गांव के लोगों ने विधायक और ग्रीनको प्रोजेक्ट का आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि अब उनका वर्षों पुराना संकट हमेशा के लिए दूर हो जाएगा। पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिसके लिए लोगों ने कई बार अपना विरोध भी दर्ज करवाया था।

## गुरु पूर्णिमा पर डॉ. जनकराज ने तीन गुरुओं से लिया आशीर्वाद



**गुरुवार** को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने जीवन के तीन अत्यंत महत्वपूर्ण गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त कर एक भावनात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने इस दिन को अपने जीवन के मार्गदर्शकों के चरणों में समर्पित करते हुए उनकी शिक्षाओं को स्मरण किया। डॉ. जनकराज ने सर्वप्रथम अपनी माता जी, जिन्हें उन्होंने 'अपने जीवन की प्रथम गुरु' बताया, का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रारंभिक संस्कारों और मूल्यों की नींव मां के स्नेह और शिक्षाओं से ही रखी जाती है। इसके पश्चात उन्होंने गुरु गौतम जी से भेंट की, जिन्होंने उन्हें प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा प्रदान की थी। डॉ. जनकराज ने भावुक होते हुए कहा कि आज जो भी वे हैं, उसमें गुरु गौतम जी का शिक्षण और अनुशासन एक मजबूत आधार रहा है। तीसरे गुरु के रूप में उन्होंने भरमौर चौरासी मंदिर समूह में स्थित धर्मराज मंदिर के मुख्य पुजारी लक्ष्मण जी से आशीर्वाद लिया। पुजारी लक्ष्मण जी का धार्मिक ज्ञान, आध्यात्मिक दृष्टिकोण और संयमित जीवनशैली उनके लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रही है। डॉ. जनकराज ने कहा कि, 'गुरु न केवल हमें ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देते हैं। गुरुपूर्णिमा के इस विशेष अवसर पर डॉ. जनकराज का यह भावनात्मक और श्रद्धापूर्ण कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और उन्होंने सामाजिक जीवन में गुरुओं के महत्व को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया।

# लोगों को धार्मिक जीवन शैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



गुरुवार को श्री राम शरणम् परिवार चंबा द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में संस्थापक स्वामी सत्यानंद जी महाराज जी के अलौकिक दिव्य ज्योति प्रकाश उत्सव शताब्दी का समापन समारोह हरि राय मंदिर चंबा में श्रद्धालुओं द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। 2 जुलाई से आरंभ इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा रोज 11:30 से हरि राय मंदिर चंबा में अमृतवाणी पाठ व स्वामी जी द्वारा रचित ग्रंथों की विवेचना तथा व्याख्या आदि के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

युग के एक महान संत स्वामी सत्यानंद जी को आज से 100 वर्ष पूर्व, वर्ष 1925 में डलहौजी की एक पहाड़ी बकरोटा में 7 जुलाई को पूर्णिमा के दिन ज्योति स्वरूप में ईश्वर में अनुभूति प्राप्त हुई थी जिसके उपरांत उन्होंने राम नाम को जनजन तक पहुंचे जिसके बाद बीड़ा उठाया और इस कार्य के लिए चार मुख्य श्रद्धालुओं को चुना उनमें से मुख्य श्री हंसराज जीविज, डॉक्टर प्रेमजी महाराज, नरकेवाल बेदी, शकुंतला। स्वामी ने विभिन्न धार्मिक ग्रंथों की रचना की तथा जिसके द्वारा आम लोगों को एक धार्मिक जीवन शैली अपनाने तथा सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त हुई। स्वामी जी ने देश के विभिन्न विभिन्न भागों में भ्रमण करते हुए लाखों लोगों को धर्म की राह पर लाने का कार्य किया।

स्वामी जी ने कहा था कि वह कुछ नहीं लिखते थे ऊपर से अपने आप आदेश होता था और उनकी कलम चलती थी। अमृतवाणी स्वामी जी द्वारा रचित एक ऐसी पुस्तक है जो कि रोज पाठ करने से हमारे जीवन शैली को ठीक ढंग से चला सकती है आज राम शरणम् संस्था के आश्रम देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों में सुचारू रूप से चल रहे हैं जिसके द्वारा स्वामी जी के समझाए हुए साधारण, पाखंड रहित जीवन शैली को अपनाकर लाखों श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं।

# पवित्र मणिमहेश यात्रा के चलते धरवाला बाजार में खलने लगी पार्किंग की कमी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

बहुत जल्द स्थाई रूप से पवित्र मणिमहेश यात्रा शुरू होने वाली है ऐसे में धरवाला में पार्किंग की कमी महसूस की जा रही है।

स्थानीय लोगों संजीव कुमार, हेम सिंह, अनित शर्मा, गिरनारी, विक्की ठाकुर, अजीत शर्मा, विपिन शर्मा , राजेंद्र कुमार का कहना है धरवाला बाजार में गाड़ी खड़ी करने के लिए जगह ही नहीं है। कुछ सालों पहले एक पार्किंग का निर्माण यहां हुआ था जो बनने के मात्र तीन-चार महीनों बाद ही रावी नदी में समा चुकी है जिसके चलते धरवाला बाजार में जाम लगना आम बात हो चुकी है। टैक्सी ड्राइवरों का कहना है कि यहां महीने के दो-तीन चालान हमें करवाने ही पड़ते हैं क्योंकि अक्सर मार्केट में सामान लोड व अनलोड करना पड़ता है धरवाला में पार्किंग का न होना बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है जिसका असर बहुत जल्द बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को भी घंटों जाम में फंस कर देखने को मिलेगा।



**श्रद्धालुओं व पर्यटकों को घंटों फंसना पड़ता है जाम में, समस्या का हो समाधान**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पार्किंग का निर्माण होना अति आवश्यक है ताकि स्थानीय लोगों व बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को घंटों जाम में न फंसना पड़े व समस्या का समाधान जल्द मिल सके।

# लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विश्वविख्यात पर्यटन नगरी खजियार के समीप स्थित मिस्टिक विलेज में बुधवार को संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई।

यह शपथ चलो चंबा अभियान के तहत आयोजित रूरल फेस्टिवल में ली गई। इसमें जिला चंबा के लोगों के अलावा उत्तराखंड, हैदराबाद, दिल्ली, पंजाब, केरल आदि राज्यों से पहुंचे पर्यटकों ने जिला चंबा की संस्कृति व जिम्मेदार पर्यटन के बारे में जाना। साथ ही इस अभियान की खूब सराहना की।

मनुज शर्मा, सह-संस्थापक नाट आन मैप ने बताया की तीन दिनों तक आयोजित इस फेस्टिवल में करीब 800 लोगों ने भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य जिम्मेदार पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना रहा। रूरल फेस्टिवल के समापन समारोह में गांव के वरिष्ठ व्यक्तियों ज्ञान चंद, हाको राम, कर्म चंद, अमर चंद और बुधिया राम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

**चंबा की संस्कृति व जिम्मेदार पर्यटन से करवाया रू-ब-रू**

कार्यक्रम में मिस्टिक विलेज खजियार के विभिन्न व्यवसायों से जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसमें कैंपर यूनियन खजियार, पैराग्लाइडिंग यूनियन, फोटोग्राफर यूनियन, गाइड यूनियन और आर्गेनाइजिंग कमेटी मिस्टिक विलेज खजियार के सभी सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम में खज्जी नाग म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति ने समा बांध दिया। इसका उद्देश्य सामुदायिक आधारित जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देते हुए स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध करवाना रहा।

मिस्टिक विलेज डिवेलपमेंट कमेटी ने नाट आन मैप तथा एक्ट संस्था के साथ मिलकर चलो चंबा रूरल फेस्ट के तहत इसकी शुरुआत की गई। मिस्टिक विलेज हिमाचल प्रदेश का पहला गद्दी कम्यूनिटी विलेज है। गांव की हट्टी में लोगों व पर्यटकों को स्थानीय उत्पाद मिलेंगे।

# गोसदन के पास कूड़ा संयंत्र को स्थानांतरित करने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

गोसदन के समीप स्थापित कूड़ा निस्तारण संयंत्र को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी रोष है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने इसे जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बताते हुए जिला प्रशासन से इस संयंत्र को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

इस विषय पर बात करते हुए हिमोत्कर्ष जन कल्याण परिषद चंबा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण शेखरी ने कहा कि, 'कूड़ा संयंत्र को शहर के इतने पास स्थापित करना आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसे स्थान, जो आबादी से दूर हों, वहां इसे स्थापित किया जाना चाहिए।'

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि संस्था प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे संभावित स्थलों की पहचान में सहयोग कर सकती है, जहां यह संयंत्र आवासीय क्षेत्रों से दूर स्थापित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी मांग रखी कि संयंत्र की स्थापना से पहले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से उचित परामर्श लिया जाए ताकि पर्यावरणीय संतुलन और स्वास्थ्य मानकों का पूरी तरह पालन हो सके।

प्रवीण शेखरी ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि इस संवेदनशील विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य और स्वच्छता दोनों को सुरक्षित रखा जा सके।

गौरतलब है कि क्षेत्रवासियों द्वारा इस मुद्दे पर लगातार चिंता जताई जा रही है और अब समाजसेवी संस्थाएं भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मांग को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगा।

## घर घर जाकर होगा मतदाता का सत्यापन करने का कार्य



**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, भटियात।** समस्त बूथ लेवल अधिकारी प्रशिक्षण भटियात विधानसभा क्षेत्र के तीसरे दिन मतदान केंद्र अधिकारीगण व सुपरवाइजर 101-122 तक का प्रशिक्षण का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हुआ, जिसमें घर घर जाकर मतदाता का सत्यापन करने, नए वोट बनाने, मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करने संबंधित निर्देश श्री पारस अग्रवाल एसडीएम, निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी द्वारा दिए तथा सभी मतदाता का घर-घर जाकर सत्यापन करने का आह्वान किया जो, निकट भविष्य में होगा। प्रशिक्षण में निर्वाचन कानूनगो संजय कुमार, मास्टर ट्रेनर सोम राज, विधान सभा प्रशिक्षण अधिकारी नायब तहसीलदार राकेश कुमार जनता से अपील की है कि बीएलओ को सहयोग करें।

# बुजुर्ग ने रावी नदी में लगाई छलांग, सर्च ऑपरेशन जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

करिया गांव के निवासी भगत राम (85) पुत्र सागर ने करिया-भड़िया पुल से रावी नदी में छलांग लगाई है। लोगों ने उन्हें छलांग लगाते हुए देखा और पुलिस को सूचित किया।

जानकारी के अनुसार करिया गांव के भगत राम(85) पुत्र सागर को लोगों ने करिया-भड़िया पुल से नदी में छलांग लगाते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। नदी में कूदने के बाद बुजुर्ग लापता है। प्रशासन व स्थानीय लोग अपने स्तर पर उन्हें ढूंढने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। एसएचओ सुरेंद्र ने कहा कि ग्रामीणों और पुलिस ने लापता को तलाशने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। वहीं सुबह करीब 9:00 बजे अग्निशमन विभाग को सूचना मिली है कि भडियां पुल से छलांग लगाई है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग व प्रशासन मौके पर पहुंचा। नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ने के कारण नहीं। लापता व्यक्ति को ढूंढने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन व रेस्क्यू टीम का कहना है कि वह कियानी तक सर्च अभियान जारी रखेंगे और लापता व्यक्ति को ढूंढने की कोशिश की।

### सूडोकू नवताल- 7487 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7486 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

11 जुलाई, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : श्रावण, **तिथि** प्रतिपदा (02:09): **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ (05:56), **पक्ष:** कृष्ण, योग : वैधृति (20:44) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:30-12:00), **राहुकाल** (11:58-12:53)।

### विशेष दिन

- 11 जुलाई अशून्य शयन व्रत आज।
- 11 जुलाई : विश्व जनसंख्या दिवस आज।

**मेष:** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**वृषभ:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी।

**मिथुन:** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कर्क:** खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**तुला:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी।

**वृश्चिक:** आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु:** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**मकर :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कुंभ :** वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मीन :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

# नंबरदार राजस्व विभाग में निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला चंबा के लंबरदार और राजस्व अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक बुलाए जाने की मांग को लेकर जिला उपायुक्त को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा गया है। प्रदेशभर में कार्यरत लगभग 3500 से 3750 नंबरदारों की ओर से यह मांग की गई है, जो कि राज्य के राजस्व विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में लंबरदारों को प्रतिमाह 4540 का मानदेय दिया जा रहा है। हालांकि, वर्तमान सरकार द्वारा क्रमशः 500+500+300 की बढ़ोतरी कर कुल 1300 अतिरिक्त मानदेय स्वीकृत किया गया है, जिससे नंबरदारों के सम्मान और आत्मबल में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश बरसाती आपदाओं से जूझ रहा है, और ऐसे में लंबरदारों ने आपदा प्रबंधन व राहत कार्यों में प्रशासन के साथ मिलकर बेहद सराहनीय कार्य किया है। इनकी निस्वार्थ सेवाओं के चलते ग्रामीण स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को समय पर और प्रभावी ढंग से अंजाम दिया गया। मांग की गई है कि जिला चंबा के सभी उपमंडलों व उपतहसीलों में लम्बरदारों को आपदा प्रबंधन की प्रक्रियाओं में औपचारिक रूप से शामिल किया जाए।



मांगों को लेकर चर्चा करते हुए नंबरदार व साथ हैं अन्य।

**मांग** किन्नौर और पांगी की तर्ज चुनाव करवाने के लिए सरकार को भेजा पत्र

# भरमौर में करवाए जाएं पंचायतीराज चुनाव : सुरेश

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर ।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर के लोगों ने पंचायती राज चुनाव को लेकर लाहौल-स्पीति किन्नौर व पांगी तहसील की तर्ज पर यहां पर पंचायती राज चुनाव करवाने की मांग सरकार व प्रशासन से की है। इसके लिए बाकायदा यहां के जन प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर करके कॉपी सरकार को भेजी है।

सेब एवं फल उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने इसके लिए बाकायदा एक पत्र उपायुक्त चंबा के माध्यम से सरकार को भी प्रेषित किया है। जिस पर सरकार ने उपायुक्त चंबा से इस पर उचित कार्रवाई करने को कहा है। भरमौर के पंचायती राज जन प्रतिनिधियों का तर्क है कि दिसंबर व जनवरी महीने में यहां पर पंचायती राज चुनाव करवाने के कारण काफी लोग अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते हैं। दिसंबर व जनवरी में भारी बारिश व बर्फबारी के चलते कई बार पोलिंग पार्टियां पोलिंग बूथ तक बड़ी मुश्किल से पहुंचती हैं।

सेब एवं फल उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुरेश ने कहा कि भरमौर के अधिकतर लोग अक्टूबर नवंबर माह में निचले क्षेत्र को पलायन कर जाते हैं।

इस दौरान जिनके पास पैसा होता है वह लोग गाड़ियां व टैक्सी करके निचले क्षेत्रों से लोगों को वोट डलवाने के लिए यहां पर ले आते हैं। लिहाजा गरीब लोगों को यहां पर पंचायती राज चुनाव में चुनने का मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2021 में भी यहां पर तीन चरणों में 17, 19 व 21 जनवरी को पंचायती राज के चुनाव कराए गए थे। इस दौरान यहां पर दिन को तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस व रात को तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है। लिहाजा चुनाव के दौरान के कर्मचारियों को अपनी चुनावी ड्यूटी पैदल पहुंचकर देनी पड़ती है और जान जोखिम में डालकर कर्मचारी अपने बूथ पर पहुंचते हैं।

अधिकतर लोगों के निजी क्षेत्र में पलायन कर जाने के कारण यहां पर पंचायती राज चुनाव के दिनों में भरमौर में कम व निचले क्षेत्र में चुनाव प्रचार ज्यादा रहता है। लिहाजा उम्मीदवारों के लाखों रुपए खर्च होते हैं।

तमाम परिस्थितियों के चलते यहां के पंचायती राज संस्था के जनप्रतिनिधियों ने लाहौल समिति किन्नौर व पांगी की तर्ज पर मार्च अप्रैल महीने में चुनाव पंचायती राज के करवाने की मांग सरकार से की है।

उन्होंने कहा है कि अगर यह संभव नहीं है तो अक्टूबर-नवंबर में भी यहां पर पंचायती राज संस्था के चुनाव कराए जा सकते हैं ।

अनंत Classifieds

## बेदखली सूचना

**हम भूपिन्द्र सिंह** (57वर्ष) पुत्र श्री पूर्ण चंद व श्रीमति सुषमा देवी (51वर्ष) पत्नी भूपिन्द्र सिंह निवासी गांव उपरली वण्ड, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करते हैं कि हमारा बेटा विकास मन्हास व उसकी पत्नी रज्जू वाला हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। अत: हम अपने बेटे विकास मन्हास व उसकी पत्नी रज्जू वाला को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## नाम परिवर्तन

**मैं, बीर सिंह उम्र 60 वर्ष** पुत्र स्वर्गीय श्री चूहडू, गांव झलकीर, डाकघर रोहांडा तहसील निहरी, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम वीर सिंह (VEER SINGH) से बदलकर बीर सिंह ( BIR SINGH) रख लिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

## नाम परिवर्तन

**मैं, परस राम** पुत्र थेबड़ राम निवासी गांव घौड़ु, डाकघर चुरड, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम पौसू से बदलकर परस राम रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

## सार्वजनिक सूचना

**मैं शाम लाल ( 54वर्ष )** पुत्र श्री केवल राम निवासी गांव जटेहड़ बिहाल, डाकघर कटराई, तहसील व जिला कुल्लू हि.प्र. घोषणा करता हूं कि शाम लाल उर्फ श्याम लाल एक ही व्यक्ति के नाम हैं। सभी संबंधित नोट करें।

**अतीत** में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो। –**गौतम बुद्ध**

## संपादकीय

# जनसंख्या वृद्धि चिंताजनक

जनसंख्या वृद्धि पूरे विश्व के लिए चिंता का सबब है। विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है, लेकिन यह सपना तभी साकार हो सकता है जब उनकी शिक्षा अच्छे से होगी और वे सरकारी नौकरी तक पहुंच सकेंगे या फिर प्राइवेट सेक्टर में अच्छा मुकाम हासिल कर लेंगे। इसके लिए सरकारों से अपेक्षित सहायता और सहयोग की दरकार अवश्य रहेगी। यह केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि आज की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सच्चाइयों से जुड़ा हुआ लक्ष्य है, पर क्या आज का भारत और बाकी दुनिया इस दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं? क्या युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा देकर उन्हें सशक्त बनने का पूरा अवसर मिल रहा है? संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की ओर से जारी विश्व जनसंख्या की स्टेटस रिपोर्ट 2025 जिसका शीर्षक है 'द रियल फर्टिलिटी क्राइसिस' यानी वास्तविक प्रजनन संकट, इस बात की ओर इशारा करती है कि दुनिया के कई देश अब जनसंख्या की गिरती दर से चिंतित हैं, पर भारत के लिए यह चिंता एकदम विपरीत है। भारत 2025 में 146.39 करोड़ लोगों के साथ विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है और यह आंकड़ा 2060 के दशक तक 170 करोड़ को छू सकता है।

भारत की कुल प्रजनन दर (टीआरएफ) अब 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से नीचे गिरकर 1.9 पर आ चुकी है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि भारत धीरे-धीरे जनसंख्या स्थिरीकरण की दिशा में बढ़ रहा है। नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021 के अनुसार, यह दर 2.0 थी, लेकिन इस आंकड़े के पीछे छिपी असमानता की हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बिहार (3.0), मेघालय (2.9) और उत्तर प्रदेश (2.7) जैसे राज्यों में प्रजनन दर अभी भी काफी अधिक है। वहीं, केरल, तमिलनाडु और दिल्ली जैसे राज्यों में यह दर काफी नीचे आ चुकी है। देश के 31 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रतिस्थापन दर से नीचे पहुंच चुके हैं, लेकिन 7 राज्यों में अभी भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच गहरा अंतर है। इससे साफ है कि भारत की जनसंख्या नीति के सामने असली चुनौती क्षेत्रीय असमानता है, जहां एक ओर कुछ राज्य विकास, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के कारण जनसंख्या नियंत्रण में सफल हो चुके हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ राज्य आज भी पुराने सामाजिक-आर्थिक ढांचे से बाहर नहीं निकल पाए हैं।

2025 की थीम के अनुसार अगर हम चाहते हैं कि युवा अपने मनचाहे परिवार की योजना बना सकें, तो इसके लिए उन्हें पहले सशक्त करना होगा और इसका अर्थ है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ और सस्ता स्वास्थ्य सेवा तंत्र, रोजगार के पर्याप्त अवसर तथा महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता लाना। जब तक युवाओं, विशेषकर महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता नहीं मिलेगी, तब तक न तो वे अपने प्रजनन लक्ष्यों को पूरा कर सकेंगी और न ही जनसंख्या स्थिरीकरण की ओर देश आगे बढ़ सकेगा। भारत में जनसंख्या वृद्धि को केवल नियंत्रण की निगाह से देखने के बजाय इसे प्रबंधन और संतुलन की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। चीन की एक संतान नीति जैसे कठोर कानूनों ने वहां अब उम्रदराज होती आबादी और जनसंख्या संकट को जन्म दे दिया है। भारत को इससे सबक लेना होगा। यदि भारत राष्ट्रीय जनसंख्या नीति को फिर से अद्यतन करे, जिसमें राज्यों की विभिन्न स्थितियों को ध्यान में रखा जाए तो समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। इसके अलावा, शिक्षा, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर विशेष बल देना होगा।

प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाना होगा। रोजगार के अवसर भी बढ़ाने होंगे, विशेषकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में। यही नहीं, सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने होंगे, जिससे जनसंख्या और विकास के बीच संबंध को लोग सही तरीके से समझ सकें। दरअसल, जनसंख्या केवल एक संख्या नहीं है। यह संसाधनों पर बोझ भी बन सकती है और मानव संसाधन का अवसर भी। यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने लोगों को किस तरह तैयार कर रहे हैं। अगर करोड़ों युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी कौशल और रोजगार नहीं मिलेगा, तो यही जनसंख्या देश की सबसे बड़ी चुनौती बन जाएगी। विकसित भारत 2047 की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब जनसंख्या को एक संसाधन के रूप में विकसित किया जाए, न कि केवल इसे नियंत्रण की जरूरत मानकर पीछे धकेला जाए। यह दिवस सिर्फ आंकड़ों को गिनने का दिन नहीं है, बल्कि यह सोचने का अवसर है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और क्या वही दिशा भारत को समृद्ध, विकसित और संतुलित बनाएगी? भारत को चाहिए कि वह असमानताओं को दूर कर, युवाओं को सशक्त बनाकर, शिक्षा-स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जनसंख्या को एक अवसर में बदले। जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण विकास और अवसरों का वितरण ही इस विशाल देश की सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि जब हर नागरिक को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, तब ही भारत सही मायनों में जनसंख्या को अपनी शक्ति में बदल पाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### अंग्रेजी भाषा के साहित्यकार

**अमिताभ** घोष अंग्रेजी भाषा के साहित्यकार हैं। उनके द्वारा रचित एक उपन्यास 'द शैडो लाइन्स' के लिए उन्हें सन 1989 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अमिताभ घोष का जन्म कोलकाता, पश्चिम बंगाल के एक बंगाली परिवार में हुआ था। शुरुआती पढ़ाई दून स्कूल में हुई, जहां विक्रम सेठ और रामचंद्र गुहा जैसे नामचीन समकालीन लेखक भी थे। वह ऑक्सफोर्ड डीफिल करने गए। बाद के सालों में क्वीन्स कॉलेज, न्यूयॉर्क और सोर्बोन ने अमिताभ घोष को डॉक्टरेट की उपाधि भी दी। पढ़ाई पूरी करने के बाद अमिताभ घोष ने कुछ समय तक दिल्ली के एक अखबार में नौकरी की और फिर पूरी तरह से लेखन से जुड़ गए। अंग्रेजी के जाने-माने लेखक और उपन्यासकार अमिताव घोष को वर्ष 2018 के 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। चयन समिति ने 54वां ज्ञानपीठ पुरस्कार अमिताव घोष को देने की घोषणा पहले ही कर दी थी। 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित होने वाले वह अंग्रेज़ी के पहले लेखक हैं। इसके अलावा 2007 में 'पद्म श्री' से भी नवाजे जा चुके हैं। ■



अमिताभ घोष
जन्म : 11 जुलाई, 1956



गजल

### यहां हैं कर रहे देखो

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार (हि.प्र.)

*यहां हैं कर रहे देखो सभी कैसा मुजाहिरा है।*
*कोई बैठा है शायर और तशरीफ फरमां शायरा है।।*

*तखल्लुस है किसी का नाज तो है कोई शबनम भी।*
*इन्हीं में कुछ जहीर हैं तो देखो कोई जाहिरा है।।*

*हमारे नाम के आगे है बस मुफलिस लिखा रहता।*
*तखुल्लस भी है क्या अपना गरीबी का मुजाहिरा है।।*

*मुसर्रत खूब हैं देते हम लफ्जों से रियाया को।*
*कोई हममें है ताहिर तो हमीं में कोई ताहिरा है।।*

*यहां आलिम बहुत हैं फिक्र-ओ-फन के गोशे-गोशे में,*
*किसी को कहते माहिर हैं तो कोई खुद में माहिरा है।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'मेरा स्कूल और मेरा गौरव' एक साझी जिम्मेदारी





रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

विद्यालय केवल ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं होता, यह एक जीवंत संस्था है जहां एक बच्चे का भविष्य गढ़ा जाता है, जहां विचार आकार लेते हैं और जहां से समाज के निर्माण की नींव रखी जाती है। 'मेरा स्कूल, मेरा गौरव' कोई साधारण नारा नहीं, बल्कि उस आत्मीय लगाव और सामाजिक उत्तरदायित्व की पुकार है, जो एक छात्र, एक शिक्षक, एक अभिभावक और पूरे समाज को विद्यालय के प्रति भावनात्मक रूप से जोड़ती है।

यह गौरव तभी स्थायी बनता है जब हम सब मिलकर इसे संजोते हैं और इसके विकास में साझी भूमिका निभाते हैं। हर विद्यालय की असली पहचान उसके विद्यार्थियों से होती है, विशेषकर उन पूर्व छात्रों से जिन्होंने कभी इन्हीं कक्षाओं में बैठकर सपने देखे और आज उन्हें साकार करके देश-विदेश में प्रतिष्ठित स्थानों पर कार्यरत हैं। कोई प्रशासनिक अधिकारी बना, कोई सेना में गया, कोई डॉक्टर या इंजीनियर बना, तो कोई शिक्षा, उद्यम या कला के क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहा है, लेकिन इन सबके दिल में एक चीज आज भी समान है और वो है अपने विद्यालय के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और जुड़ाव की भावना। आज देशभर में अनेक ऐसे उदाहरण हैं जहां पूर्व छात्रों ने अपने विद्यालयों के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विदेशों में बसे पूर्व छात्रों ने लाखों रुपए भेजकर स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब और यहां तक कि खेल मैदानों का भी सृजन कराया है। उन्होंने विद्यालयों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया, ताकि आज के विद्यार्थियों को वे सुविधाएं मिल सकें जो कभी उन्हें उपलब्ध नहीं थीं।

यह केवल दान नहीं, बल्कि उस शिक्षा ऋण को चुकाने की भावना है, जिससे वे जीवन में आगे बढ़ सके। कुछ पूर्व छात्र तो अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर विद्यालय आते हैं, विद्यार्थियों से संवाद करते हैं, करियर काउंसिलिंग देते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं कि वे भी जीवन में ऊंचाइयां छू सकते हैं। उनकी उपस्थिति मात्र ही वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। यह एक जीवंत रिश्ता है जो केवल डिग्री प्राप्त कर समाप्त नहीं होता, जिन्होंने दशकों तक निःस्वार्थ भाव से विद्यालय को संवारने में अपना सर्वस्व अर्पित किया, वे आज भी किसी न किसी रूप में विद्यालय के साथ जुड़े हुए हैं।

कई शिक्षक सेवानिवृत्ति के बाद भी छात्रों को पढ़ाते हैं, मार्गदर्शन सत्र आयोजित करते हैं और अपनी पेंशन से विद्यालय के लिए पुस्तकें, कुर्सियां या स्टेशनरी खरीदते हैं। उनका अनुभव विद्यालय के लिए धरोहर होता है और उनका समर्पण इस बात का उदाहरण है कि शिक्षा केवल नौकरी नहीं, जीवन का मिशन है। विद्यालय को गौरव प्रदान करने में समाज की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। गांव, कस्बे या शहर का समाज जब यह मान लेता है कि विद्यालय केवल सरकारी संस्थान नहीं, बल्कि उसकी अपनी संस्था है, तब वहां चमत्कार होने लगते हैं। कई स्थानों पर समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने विद्यालयों को गोद लेकर उनके कायाकल्प का बीड़ा उठाया है।

भवन निर्माण, रंगाई-पुताई, शौचालय और स्वच्छ जल की व्यवस्था, विद्यार्थियों को जूते-वर्दियां प्रदान करना, खेल सामग्री उपलब्ध कराना ये सब ऐसे कार्य हैं जो एक जिम्मेदार समाज की पहचान बनते हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप विद्यालयों में न केवल आधारभूत ढांचे का सुधार हुआ, बल्कि छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा परिणामों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। अभिभावकों का विद्यालय में विश्वास बढ़ा है और उन्होंने भी शिक्षकों के साथ मिलकर अपने बच्चों की प्रगति सुनिश्चित करने में सहयोग देना शुरू किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति भी पहले से अधिक सक्रिय हो गई है और नीतिगत निर्णयों में पारदर्शिता और जनसहभागिता की भावना दिखाई देती है। यह समन्वय तब और सशक्त होता है जब सभी भागीदार जिसमें पूर्व छात्र, पूर्व शिक्षक, वर्तमान शिक्षक, समाज, अभिभावक और प्रशासन इत्यादि सभी एक साझा उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हैं। यह केवल एक संस्था का विकास नहीं होता, बल्कि पूरे समुदाय के विकास की शुरुआत होती है। विद्यालय फिर एक शिक्षा केंद्र नहीं, समाज के नैतिक और बौद्धिक उत्थान का आधार बन जाता है। 'मेरा स्कूल, मेरा गौरव' तब केवल एक वाक्य नहीं रहता, बल्कि एक आंदोलन बन जाता है। यह आंदोलन किसी सरकारी योजना का हिस्सा नहीं, बल्कि दिल से उपजी भावना का प्रतिबिंब होता है।

जब यह भावना हर छात्र, हर शिक्षक और हर नागरिक के भीतर बस जाए, तब विद्यालयों की तस्वीर बदलते देर नहीं लगती। इसलिए आज आवश्यकता है कि हम सब इस साझी जिम्मेदारी को समझें और अपने-अपने स्तर पर अपने विद्यालय के लिए कुछ न कुछ योगदान दें चाहे वह समय हो, संसाधन हो, अनुभव हो या केवल प्रेरणादायक उपस्थिति। यही सहयोग, यही जुड़ाव, और यही समर्पण हमारे विद्यालय को गौरवशाली बनाता है। और जब कोई बच्चा यह कहे कि 'यह मेरा स्कूल है' तो उसमें सिर्फ गर्व ही नहीं, एक जिम्मेदारी भी झलके। यही वह दिन होगा जब हम निश्चिंत हो सकेंगे कि हमारा विद्यालय सच में गौरव के योग्य है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 'अपना विद्यालय योजना' प्रारंभ की गई है, जो एक अत्यंत प्रेरणात्मक पहल है। इस योजना के अंतर्गत अभिभावकों, पूर्व छात्रों, स्थानीय नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों को विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे विद्यालयों के प्रति अपनत्व और उत्तरदायित्व की भावना का विस्तार हुआ है। साथ ही छात्रों की उपस्थिति, नामांकन और शैक्षिक गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। यह योजना सरकारी स्कूलों के समग्र विकास में जनसहभागिता को बढ़ावा देते हुए शिक्षा सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# धरती की खांसी बढ़ गई, आबादी का बुखार उतर नहीं रहा



मनीष कुमार
स्वतंत्र लेखक एवं स्तंभकार



विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष

भारत खूब तरक्की की सीढ़ियां चढ़ रहा है, एक सीढ़ी हमें यूएन की हालिया रोपोर्ट में भी देखने को मिलती है, जिसके पन्नों में भारत चीन को पछाड़कर विश्वभर में टॉप कर गया है। रपट के अनुसार भारत की वर्तमान जनसंख्या अनुमानित 146 करोड़ के आसपास है, जबकि पड़ोसी देश चीन 141 करोड़ तक ही सीमित रह गया है। यह आंकड़ा एक उपलब्धि की तरह सुनाई दे सकता है, लेकिन इसके पीछे एक विडंबना छिपी है।

वायु गुणवत्ता सूचकांक हो या जनसंख्या वृद्धि, भारत अक्सर उन सूचियों में भी अव्वल रहता है, जहां शीर्ष स्थान गर्व का विषय नहीं, बल्कि आत्ममंथन का कारण होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉप्यूलेशन रिपोर्ट के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर 1.9 तक गिर गई है, जिसका आश्य यह है कि भारत में महिलाएं औसतन इतनी संतानों को जन्म नहीं दे पा रही हैं जिससे जनसंख्या अगली पीढ़ी में स्थिर रह सके। भारत में वर्तमान में कामकाजी आयु वर्ग (15-64) की आबादी 68 प्रतिशत है और वृद्ध जनसंख्या 7 प्रतिशत, किंतु संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2047 तक वृद्ध जनसंख्या भारत की आबादी का कुल 20 प्रतिशत तक पहुंच चुकी होगी।

इन आंकड़ों से एक प्रश्न जहन में आता है कि सचमुच भारत भविष्य में जापान और उत्तर कोरिया की भांति सिर्फ वृद्धों का देश रह जाएगा? आजकल टीवी पर बहुत से धर्मगुरु अपने धर्म विशेष के लोगों को 15-20 बच्चे पैदा करने की सलाहें चिल्ला-चिल्ला कर देते हुए दिखाई दे जाते हैं। तो क्या इसके लिए अधिक से अधिक बच्चे पैदा करना ही समाधान है? मेरा उत्तर है- नहीं, यदि दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अत्यधिक बच्चे पैदा करना किसी भी समस्या का समाधान बताया जाए तो भला ये कैसा समाधान होगा! जनसंख्या विस्फोट समूचे विश्व की बेहद चुनौतीपूर्ण समस्या है, 1950 और 2020 के बीच विश्व की जनसंख्या आकार में तीन गुना से अधिक हो गई है, इसलिए इस समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।

इस दिवस की स्थापना 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की तत्कालीन शासी परिषद द्वारा की गई थी। यह दिवस 11 जुलाई 1990 को 90 से अधिक देशों में मनाया गया। दिसंबर 1990 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व जनसंख्या दिवस को जारी रखने का निर्णय लिया, किंतु अभी तक जनसंख्या नियंत्रण का मुद्दा जस का तस बना हुआ है। वर्तमान में विश्व की जनसंख्या 8.1 अरब से अधिक हो चुकी है और अनुमान है कि 2050 तक विश्व जनसंख्या 9.7 अरब और 2100 तक 10.4 अरब तक पहुँच सकती है।

**बढ़ती जनसंख्या क्यों है चुनौती?**

**संसाधनों पर दबाव :** बढ़ती जनसंख्या का सीधा प्रभाव जल, भोजन, ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ता है। उदाहरण के लिए, यदि भारत की ही बात करें तो प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में 5177 घन मीटर थी, जो अब घटकर लगभग 1486 घन मीटर रह गई है। भोजन और आवास की कमी के कारण शहरी झुग्गियां बढ़ रही हैं, जहां स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी समस्याएं आम हो चुकी हैं।

**पर्यावरण पर प्रभाव :** जितनी अधिक जनसंख्या यानी उतना अधिक कार्बन उत्सर्जन, वनों की कटाई और कचरे में वृद्धि। कृषि योग्य भूमि तेजी से घट रही है। बढ़ती आबादी, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को बढ़ा रही है।

**बेरोजगारी और गरीबी :** बढ़ती जनसंख्या रोजगार की मांग को बढ़ाती है, लेकिन नई नौकरियों का सृजन उतनी तेजी से नहीं हो रहा। इसका परिणाम गरीबी और अपराध दर में वृद्धि के रूप में सामने आता है। भारत में युवा वर्ग (15-29 वर्ष) में बेरोजगारी दर 17 प्रतिशत के करीब है। 15-64 वर्ष की कामकाजी उम्र की आबादी लगभग 68 प्रतिशत है। यदि सरकार रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य में पर्याप्त निवेश करें तो यह लाभांश आर्थिक विकास में बदल सकता है। यदि हम आज जाग जाएं और जनसंख्या नियंत्रण, महिला सशक्तिकरण, और पर्यावरणीय संतुलन की ओर ठोस कदम उठाएं, तो हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस लेने लायक हवा, पीने लायक पानी और जीने लायक धरती छोड़ पाएंगे।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**केंद्र** एवं देश की सभी राज्य सरकारें जनसंख्या वृद्धि से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए एक उचित कार्यक्रम सामने लेकर आएं ताकि भारतीय लोग परिवार नियोजन को स्वेच्छा से अपनाकर देश को भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए रहने योग्य बनाने की दिशा में अपना योगदान दे सकें। सही तरीके से गर्भनिरोधक उपायों, गर्भपात, एकल बच्चा पैदा करने की नीति और परिवार नियोजन आदि उपायों से ही जनसंख्या वृद्धि को रोका जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत अब एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे, वहीं दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने पर अब एक लाख रुपए मिलेंगे। ऐसी लाभदायिक योजनाओं से देश व प्रदेशों में जनसंख्या नियंत्रण पर प्रभाव पड़ेगा।

**राकेश कुमार, मटौर**

# 'स्याहपोश जरनैल' के नाम से जाने जाते थे 'पहाड़ी गांधी'



पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम की जयंती पर विशेष



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

स्याहपोश जरनैल के नाम से जाना जाने वाला वीर क्रांतिकारी, समाजसेवी, धर्मसंर्पित ,अल्पसंख्यकों का मसीहा ,गीतकार ,लेखक ,कवि व एक सुलझा वक्ता बाबा कांशी राम, का जन्म माता जवाहर देवी व पिता श्री लखनू के यहां जिला कांगड़ा के डाडासीबा में 11 जुलाई 1882 को हुआ था। बालक कांशी की स्कूली शिक्षा, उन्हीं के गांव डाडासीबा में ही हुई थी, क्योंकि पारिवारिक स्थिति ठीक न होने के कारण कांशी आगे नहीं पढ़ पाए। दूसरे जब वह सात वर्ष के ही थे, तो उसकी शादी पांच वर्ष की लड़की सरस्वती से करवा दी गई।

शादी के कुछ समय पश्चात ही कांशी राम के पिता संसार से विदा हो गए और समस्त परिवार का भार कांशी के कंधों पर आ गया। बेचारा घर का अकेला कांशी क्या करता,, ? आखिर रोजी रोटी की खोज में घर से निकल पड़ा और लाहौर पहुंच गया। लाहौर उन दिनों शिक्षा के साथ ही साथ सांस्कृतिक गतिविधियों, नौकरी कारोबार व क्रांतिकारी कार्यों का विशेष केंद्र बना हुआ था और हमारे इस पहाड़ी क्षेत्र के भी निकट पड़ता था। भांत-भांत के लोग व भांत भांत की विचार धारा तो थी ही यहां। जिसके साथ कांशी राम का संपर्क भी कार्य की खोज के साथ बढ़ता गया और शीघ्र ही उसका संपर्क पंजाब के जाने माने क्रांतिकारियों से हो गया। जिनमें शामिल थे, लाला लाजपत राय, लाला हरदयाल, सरदार अजीत सिंह व मौलवी बर्कतुला खान आदि। अब कांशी राम भी, पंजाब व देश के अन्य क्रांतिकारियों की तरह अंग्रेजों के विरुद्ध सभा सम्मेलनों के साथ ही साथ दूसरी गुप्त गतिविधियों में खुल कर भाग लेने लगा था। जिनके फलस्वरूप उसका पीछा अंग्रेज गुप्तचर करने लगे थे। वह कई बार अंग्रेजों की पकड़ में भी आ गए, लेकिन अपने साथी क्रांतिकारियों के मदद से छूटता भी रहे।

इसी मध्य उसका संपर्क उस समय के प्रसिद्ध लेखक गीतकार अंबा प्रसाद व उसके अन्य गायक सहयोगियों से हो गया और इसकी अपनी लेखन व गायन में रुचि होने के कारण ही अब अपने आप ही अपने द्वारा लिखे गीतों व कविताओं के माध्यम से क्रांतिकार संदेश को जन जन तक पहुंचाने लगा। धीरे-धीरे कांशी राम के क्रांतिकारी लेख, गीत व भजन पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से भी जब लोगों तक पहुंचने लगे, तो कांशी राम, अंग्रेजों की नजर में ओर भी खटकने लगे परिणामस्वरूप उसे कई बार, लोगों को भड़काने का आरोप लगा कर उसे जेल में भी डाला गया। इस प्रकार बार-बार जेल जाने से इनकी दाढ़ी व बाल लंबे हो गए जिन्हें कटवाने का समय भी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण नहीं मिल पाता था। जिस कारण कांशी राम, बाबे जैसे बन गए और फिर बाबा कांशी राम कहलाने लगे। अमृतसर में, ई. संवत 1919 को जिस समय जलियांवाला बाग की घटना घटी थी, उस समय बाबा कांशी राम वहीं थे।

उस नरसंहार को देख कर इनके दिल पर गहरी चोट लगी थी और तब ये बुरी तरह से टूट गए थे, जिस पर आखिर में इन्होंने यह प्रण ले लिया, कि जब तक देश को अंग्रेजों से मुक्ति नहीं मिल जाती, तब तक वह महात्मा गांधी के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलते रहेगे। इस तरह बाबा कांशी राम जब तक जीवित रहे वह महात्मा गांधी के सिद्धांतों का अनुसरण करते रहे। ईस्वी संवत् 1920 में, अंग्रेज गुप्तचरों को जब बाबा कांशी राम द्वारा अपने ही क्षेत्र में की जाने वाली क्रांतिकार गतिविधियों की जानकारी मिली, तो इन्हें इनके गांव से लाला लाजपत राय के साथ गिरफ्तार करके धर्मशाला जेल में डाल दिया गया। इस तरह कुल मिलाकर क्रांतिकारी बाबा कांशी राम 11 बार जेल की सजा पर रहे। ईस्वी संवत् 1929 में बाबा कांशी राम ने लाहौर में होने वाली इंडियन नेशनल कांग्रेस की बैठक में अग्रणी क्रांतिकारी के रूप में भाग लिया था। फिर ईस्वी संवत् 1931 में जिस समय सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को अंग्रेजों द्वारा फांसी दी गई, तो बाबा काशी राम को बहुत आघात पहुंचा था, जिस पर उन्होंने तभी से प्रण ले लिया था कि जब तक देश अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त नहीं हो जाता, मैं अपने शहीद साथियों की याद में शौक मानते हुए काले वस्त्र धारण करके अंग्रेजों की नीतियों का कट्टर विरोध करता रहूंगा और उन्होंने अपने प्रण को वैसे ही अपनी मृत्यु (15 अक्तूबर,1943) तक पूरा निभाया था। उनके उसी काले लिबास के कारण ही उन्हें स्याहपोश जरनैल (काले लिबास वाला जरनैल)के नाम से भी पुकारा जाता था। अपने गांव डाडासीबा पहुंचने पर बाबा कांशी राम, अपने उसी काले लिबास में ही जगह-जगह जाते और अपनी कविताओं व गीतों द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध (स्थानीय भाषा और शब्दों से)प्रचार करके लोगों में उत्साह पैदा करते हुए, क्रांति की लो जलते जाते थे। ईस्वी संवत् 1937 में इनके देश प्रेम और स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों को देखते हुए ही पंडित जवाहर लाल नेहरू ने (अपनी होशियारपुर की एक जनसभा में)इनको पहाड़ी गांधी कहकर संबोधित किया था और तब से बाबा काशी राम पहाड़ी गांधी के नाम से जाने, जाने लगे थे।

क्रांतिकारी प्रसिद्ध साहित्यकारी सरोजिनी नायडू ने इनकी मधुर वाणी से क्रांतिकारी व देश भक्ति के गीतों व भजनों को सुनते हुए बाबा कांशी राम को पहाड़ी कोकिला कहा था। इस तरह से देखा जाए तो पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम मात्र वीर क्रांतिकारी साहित्यकार ही नहीं थे, बल्कि वह तो एक महान संत, चिंतक, समाज सुधारक, समाज सेवी व धर्मपरायण व्यक्तित्व के स्वामी भी थे तथा ऊंच नीच, छोटा बड़ा में बिलकुल भी विश्वास नहीं रखते थे और आर्थिक शोषण के घोर विरोधी थे। इनके लेखन से क्रांतिकारी विचारधारा के साथ ही साथ देश भक्ति, सामाजिक बुराइयों व उनके निदान, ऊंच नीच के भेदभाव, वर्ग जाति भेद, धार्मिक कुरीतियों व कमजोरों के शोषण की चर्चा के साथ इन सब पर सुंदर ढंग से कटाक्ष करते हुए अपने भजनों में ऊपर वाले से सचेत रहने की कई तरह की शिक्षाएं दी हैं। पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम जी को उनकी इस पावन जयंती पर मेरा शत शत नमन।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध लगाकर प्रकृति की सुरक्षा में करें सहयोग



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर



हिमाचल प्रदेश के सात शहरों की हवा जहरीली बन चुकी, जिससे इंसान के स्वास्थ्य को खतरा है। देशभर में हुए इस सर्वे में कुल 131 शहरों में 7 शहर हिमाचल प्रदेश के शामिल होना चिंताजनक है।

जहरीली हवाओं में संलिप्त 7 शहर वं बताए गए जिनमें उद्योग लगे हुए हैं। उद्योगों के नाम पर जनता के स्वास्थ्य के साथ किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा उसका ताजा खुलासा हुआ है। पेट्रोल, डीजल के बढ़ते वाहन भी पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने का अधिक काम कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य होने के बावजूद आजकल जहां जिस तरह प्रचंड गर्मी पड़ रही चिंता का विषय है। पहाड़ी राज्य में इस बार गर्मी काफी तेज है। आम आदमी का जन जीवन इस तपिश में अस्त व्यस्त हो गया है। प्रचंड गर्मी से बचाव हेतु लोग हजारों रुपए खर्च करके एयर कंडीशनर खरीदने को पहल दे रहे हैं। मगर पेड़ लगाने के लिए लोगों की रुचि दिनोंदिन घटती जा रही है। एयर कंडीशनर की ठंडी हवा भी सदैव स्वास्थ्य लिहाज से हानिकारक मानी जाती है।

हरे भरे पेड़ों से चलने वाली हवाओं से एक व्यक्ति इस तपिश से राहत जरूर पा सकता है। सुख की सरकार ने अब सरकारी कार्यालयों में पानी की प्लास्टिक बोतलों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई है।

हिमाचल प्रदेश में अचानक पिछले कुछेक वर्षों में गर्मी का तापमान क्यों बड़ा मंथन का विषय है। सरकारें ही गंभीर विषयों बारे चिंतन करें लोगों को भी इंसान होने का हक जरूर निभाना चाहिए। पशु भी जमीन पर बैठने से पहले अपनी पूंछ से उस जमीन को साफ करके अपनी समझदारी का सबूत देता आ रहा है। आजकल का इंसान क्या पशुओं से भी बदत्तर बनता जा रहा, जो इधर,उधर प्लास्टिक का सूखा कचरा फेंककर अपनी नासमझी का सबूत दे रहा है?।

प्लास्टिक पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक, चाय, काफी के कप लोग इस्तेमाल तदोपरांत सरेआम सड़कों, गलियों, बस स्टाप पर फेंकना अपनी रोजमर्रा की आदत बना चुके हैं। सरकार ने स्वच्छता अभियान केवलमात्र मीडिया में वाहवाही लूटने के लिए नहीं चला रखा हुआ है। लोगों में सूखे कचरे से होने वाले नुकसान को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़े इसलिए ही चलाया गया है। स्वच्छता अभियान के तहत गांव स्तर पर कूड़ेदान रखे गए, मगर लोग इनमें सूखा कूड़ा डालने की बजाए उल्टा उनका मजाक बनाने में लगे हुए हैं।

नतीजतन ऐसे कूड़ेदान सिर्फ शोपीस बनकर ही रह चुके हैं। कंपनियों का कूड़ा, कचरा भी खड्ड, नालों में फेंककर पर्यावरण दूषित बनाता जा रहा है। आसमान में उड़ते कचरायुक्त धूल के कणों से इंसान स्वच्छ वायु भी बराबर नहीं ले पा रहा है। दूषित वायु प्रदूषण की वजह से आजकल लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। बढ़ते वायु प्रदूषण से विश्व के कई देश प्रभावित हैं। सर्दियों के मौसम में राजधानी दिल्ली और पंजाब राज्य के कई जिलों में इसके प्रभाव देखने को मिलते रहे हैं। विकराल बनती जा रही वायु प्रदूषण की समस्या से अपने देश में मरने वाले लोगों का आंकड़ा ज्यादा बताया जाता है। हिमाचल सरकार को पेड़ों के कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाकर प्रकृति की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभावितों को मानव सेवा परिवार ने बांटी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन पूरी तरह चरमरा गया है। ऐसे में बलद्वाड़ा क्षेत्र से मानव सेवा परिवार जिसने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। इस समिति ने लोगों के सहयोग से महज दो-तीन दिन में चार लाख रुपए से अधिक की राहत सामग्री जुटाकर सराज विधानसभा क्षेत्र के बगस्याड, थुनाग, लम्बाथाच, पांडवशिला, बलाहर, लेह गला, पादरू मोड़ के आपदा प्रभावित पीड़ित परिवारों को रसोई का सामान, कुकर, तिरपाल और खाने का सामान आटा, चावल, तेल और गर्म कपड़े, जूते, चप्पल और दवाइयों सहित जरुरी सामान आपदा प्रभावित क्षेत्र में जाकर बांटा। युवा सेवादार बोध राज, विनोद कुमार, राजीव चंदेल, राज वर्मा, मनदीप शर्मा, मधुमोहन ठाकुर, विपिन ठाकुर, हंस राज, विनय शर्मा, मनोज शर्मा, राज वर्मा, अर्जुन ठाकुर, दीपक, विपन ठाकुर ने आपदा ग्रस्त स्थानों पर राहत सामग्री बांटी।

### नीरज नेगी ने राहत सामग्री की दो गाड़ियां भेजी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अधिराज ग्रुप ऑफ कंपनीज सिध्यानी बल्ह मंडी के चेयरमैन कप्तान नीरज कुमार नेगी द्वारा आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की 2 गाड़ियां अधिराज ट्रांसपोर्टेशन के यार्ड रत्ती से सराज जंजैहली के लिए रवाना की। इस मौके बल्ह ट्रक यूनियन नेरचौक के प्रधान मनोज ठाकुर भी मौजूद रहे।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. गोहर के चुनाव 20 को

**अनंत ज्ञान, गोहर।** पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन खंड चच्योट गौहर के त्रैवार्षिक चुनाव आगामी 20 जुलाई को वन विश्राम ग्रह चल चौक में होने निश्चित हुए हैं। महासचिव दिले राम वर्मा ने बताया की 20 जुलाई को वन विश्राम गृह चैल चौक में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड चच्योट गोहर के त्रैवार्षिक चुनाव होने हैं उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि 20 जुलाई को सुबह 11 बजे सभी सदस्य वन विश्राम गृह चैल चौक में पधारे और संगठन को मजबूत करने में अपना सहयोग दें।
सरकाघाट में त्रिदिवसीय योग सेमिनार का आयोजन

### सरकाघाट में आज से लगेगा योग सेमिनार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट की शांत वादियों में 11 से 13 जुलाई तक तीन दिवसीय योग सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आनंद मार्ग प्रचारक संघ की सरकाघाट इकाई द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर से अनेक साधक और संन्यासी भाग लेने आ रहे हैं। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझाना, योग के माध्यम से आंतरिक चेतना को जागृत करना और आनंद मार्ग के सामाजिक तथा आध्यात्मिक दृष्टिकोण को जनमानस तक पहुंचाना है। इस विशेष आयोजन में आनंद मार्ग सेवा दल डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी जनरल आचार्य नाभातीतानंद अवधूत मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा में योगिक जीवनशैली, मानव जीवन की जैविक संरचना, जीवन में पाप के कारणों की व्याख्या और प्राण धर्म की गहराइयों को उजागर किया जाएगा। यह आयोजन न केवल योग साधकों के लिए, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा जो जीवन को एक समग्र दृष्टिकोण से समझना चाहते हैं। इस आध्यात्मिक संगम का नेतृत्व आचार्य न्यायबोध ब्रह्मचारी, संभागीय सचिव, शिमला द्वारा किया जा रहा है।

### बरोट के स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति विगत कुछ समय से अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। चौहार और छोटा भंगाल घाटी के इस केंद्रीय स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से चिकित्सकों की भारी कमी है। चार स्वीकृत डॉक्टरों में से सभी का स्थानांतरण हो जाने के कारण यह केंद्र दो महीनों तक बिना डॉक्टर के ही चलता रहा। केवल एक दंत चिकित्सक के सहारे मरीजों को सेवा दी जा रही थी। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और जनता की मांग पर सरकार ने इसी माह एक डॉक्टर की तैनाती की, जिससे कुछ राहत मिली है। हालांकि अब भी केंद्र को पूरी तरह से संचालित करने के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं और स्टाफ की दरकार बनी हुई है। दंत चिकित्सा सुविधाओं की कमी से भी मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पुनीत कार्य में मनोज कुमार, लोक राज, शिवजीत, विनोद, बलवीर ठाकुर, सोमा देवी, निहाल चंद, मंगत राम, भवानी दत्त, जय सिंह और राज कृष्ण शामिल रहे।

### विशेषज्ञ टीम ने किया टारना क्षेत्र का दौरा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी शहर के टारना, सन्यारड़, विश्वकर्मा पहाड़ी, पुराने आईपीएच भवन से सटे क्षेत्र और नागार्जुन पहाड़ी में लगातार हो रहे भू-धंसाव की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज आईआईटी मंडी की विशेषज्ञों की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। टीम ने मौके पर जाकर भू-धंसाव की स्थिति का तकनीकी निरीक्षण किया और आवश्यक डेटा एकत्रित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मंडी श्रीमती रूपिंद्र कौर, नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर, लोक निर्माण विभाग एवं जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि इन क्षेत्रों में बरसात के दौरान जमीन धंसने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो चिंता का विषय हैं। इस संबंध में नगर निगम ने जिलाधीश मंडी को पत्र भेजकर विशेषज्ञ टीम की मांग की थी। उपायुक्त मंडी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आईआईटी मंडी की टीम को निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया। आईआईटी मंडी की यह विशेषज्ञ टीम क्षेत्र में हो रहे भू-धंसाव के कारणों की गहन जांच कर रही है और शीघ्र ही एक तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर भू-धंसाव से बचाव के लिए स्थायी समाधान और कार्य योजना तैयार की जाएगी। राठौर ने बताया कि संभावित समाधान में जल निकासी व्यवस्था का सुधार, ढलानों की स्थिरता सुनिश्चित करना एवं दीर्घकालिक भू-तकनीकी उपाय शामिल हो सकते हैं।



सराज में आपदा से हुआ 500 करोड़ का ढांचागत नुकसान, जयराम बोले-

# सर्दियों से पहले हो बेघर लोगों के लिए अस्थायी घरों का निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सराज में हुई प्राकृतिक आपदा से अभी तक करीब 500 करोड़ से अधिक का ढांचागत नुकसान हुआ है।

**जरोल में प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री**



आपदा प्रभावितों को ढांढस बंधाते हुए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व अन्य।

लोगों के घरों और दुकानों को छोड़कर सेब बागीचे और सैकड़ों बीघा कृषि योग्य जमीनें बह गईं जिससे सेब आर्थिकी और खेती किसानी को बहुत बड़ा झटका लगा है। आज से पूर्व इस कद्र नुकसान कभी नहीं हुआ। लोग बेघर तो हुए ही बल्कि आजीविका कमाने के सारे साधन भी उनसे छिन गए हैं। इस तरह ढांचागत नुकसान के अलावा कृषि और बागबानी को भी सराज में हजारों करोड़ की क्षति हुई है। 500 से अधिक तो घर ढह गए हैं जबकि इतनी ही गोशालाएं और आंशिक रूप से घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिसका प्रशासन आकलन कर रहा है। मुझे लगता है ये कुल नुकसान 1000 करोड़ पार कर जाएगा। अब हमें नए सिरे से शुरुआत करनी होगी, जिसके लिए हमें जहां राज्य सरकार का सहयोग चाहिए, वहीं केंद्र से भी मदद मांगने मैं खुद जाऊंगा। उन्होंने कहा कि दो दिन मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ मिलकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करवाया है। मैं उन्हें पहले ही कह रहा था कि बिना आंखों से देखे तबाही का अंदाजा लगाना संभव नहीं है। मैंने उन्हें वस्तुस्थिति भी बताई और पुनर्वास-पुनर्निर्माण के लिए विशेष पैकेज जारी करने की अब मांग भी की है। चैलचौक से जंजैहली की 56 किलोमीटर सड़क बहाल करने में नौ दिन लग गए। आगे भी बिना सड़कें सही किए न बिजली के काम हो सकेंगे और न ही पेयजल की योजनाएं बहाल होंगी। लिहाजा मशीनों की संख्या गिनने से अच्छा है कि वास्तव में राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाए।

उन्होंने मांग उठाई कि सर्दियों से पहले ही बेघर लोगों के लिए प्री फेब्रिकेटेड अस्थाई घरों का निर्माण किया जाए, ताकि लोगों को बर्फबारी के दिनों में दिक्कत न हो। अभी मकान बनाने में वक्त लग सकता है। उन्होंने थुनाग, धार जरोल और जंजैहली पहुंचकर प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की।

## सुंदरनगर में लगेंगी थुनाग महाविद्यालय की कक्षाएं

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जगत सिंह नेगी ने बताया कि 30 जून की रात को आई आपदा से बने हालातों के मद्देनजर औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग में विद्यार्थियों की कक्षाएं जारी रखना संभव नहीं है। इस महाविद्यालय में लगभग 300 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू से इस संबंध में विचार-विमर्श किया गया है। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर आपबीती सुनाई है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग की कक्षाएं अब सुंदरनगर में लगाई जाएंगी।

मंत्री ने कहा कि औद्यानिकी एवं वानिकी विवि नौणी को सुंदरनगर में लोकेशन की पहचान कर तुरंत प्रभाव से कक्षाएं शरू करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए 14 जुलाई तक छुट्टियां घोषित की गई हैं। थुनाग महाविद्यालय में नए सत्र के लिए 100 विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया भी जारी है। उनकी पढ़ाई में व्यवधान न हो, इसलिए ये कक्षाएं भी सुंदरनगर में लगाई जाएंगी। प्रदेश में 2023 में 10 हजार करोड़ आपदा उपरांत आवश्यकता आकलन किया गया। केंद्र ने दो साल बाद 2006 करोड़ की राशि जारी की है जिसमें 25 फीसदी प्रदेश सरकार को जमा करना है।

# स्कूल भवन से मलबा उठाने की प्रशासन ने नहीं उठाई जहमत

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**खुद अध्यापक, अभिभावक और बच्चे उठा रहे मलबा**



**सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हयुण पैहड में 30 जून की भारी बारिश के कारण हाईवे की कटिंग का तमाम मिट्टी पत्थर का मलवा स्कूल की दीवार तोड़कर भवन के अंदर तक बिखर गया था इस कीचड़ पत्थर और कई टन बजनी मिट्टी ने स्कूल के डेस्क कुर्सियां और कमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। स्कूल प्रशासन ने बाकायदा इसकी शिकायत धर्मपुर प्रशासन को की थी, परंतु 10 दिन बीतने के बाद भी आज तक स्कूल भवन से मालवा नहीं हटवाया गया।

स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष बंसी राम ठाकुर ने आरोप लगाया कि उन्होंने लगातार इस मलबे को उठाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है परंतु आज तक कोई भी अधिकारी यहां मौका करने तक नहीं आया है। उन्होंने कहा कि हाईवे निर्माण में जुटे ठेकेदारों से भी कई बार जेसीबी या लेबर भेज कर स्कूल पर गिर रहे मलवे को हटाने को कहा था, परंतु वह भी कोई भी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से लगातार अध्यापक अभिभावक बच्चे इस मलवे को हटाने में जुटे हैं। अभी भी मलवा स्कूल परिसर में पड़ा है। एसएमसी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अगर हाईवे निर्माण कंपनी की मनमानियां के चलते स्कूल को कोई भी नुकसान हुआ या किसी बच्चे के साथ कोई भी हादसा हुआ तो वह एसएमसी और गांववालों को साथ लेकर सड़कों पर उतर कर धरने प्रदर्शन पर बैठने को मजबूर होंगे।

### खुद मौके पर जाकर करूंगा कार्रवाई : एसडीएम

**एसडीएम** धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने कहा जैसे ही उन्हें शिकायत मिली थी, उन्होंने तुरंत ठेकेदार को वहां से मलबा हटाने को कहा था। वह कल सुबह स्कूल भवन का मौका करेंगे और मलवा नहीं हटाया होगा, तो हर हाल में मलवा ठेकेदार के माध्यम से हटाया जाएगा।

## 40वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का खेल कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अंडर-14 आयु वर्ग की जिला स्तरीय मीटिंग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बॉयज मंडी में वीरवार को डिप्टी डीईओ विजय गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी उनके स्थान का चयन किया गया।

बॉयज माइनर प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर तहसील धर्मपुर में होनी तय हुई है तथा बॉयज मेजर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र जोगिंदर नगर में तय होनी हुई है छात्राओं की प्रतियोगिता माइनर और मेजर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या जोगिंदर नगर में तय हुई तथा बॉयज और गर्ल्स एथलेटिक्स योग शतरंज जूडो बॉक्सिंग की प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में होनी तय हुई। इस मौके पर शिक्षा विभाग की तरफ से विभिन्न पाठशालाओं के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश प्रधानाचार्य रमेश भारद्वाज प्रधानाचार्य प्रदीप चौहान प्रधानाचार्य मनोज कुमार प्रधानाचार्य ललित चौहान व जिला खेल प्रभारी श्यामलाल, शारीरिक शिक्षा शिक्षक विजय चौधरी, रोहित परमार, राजेश दीपचंद, सीआर यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों ने 28 किलोमीटर पैदल चलकर वृद्ध मरीज का किया इलाज

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** सराज विधानसभा क्षेत्र में आई आपदा के बीच चिकित्सा कर्मियों ने सेवा भावना और मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। थुनाग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने 78 वर्षीय लज्जे राम को समय पर आवश्यक चिकित्सा सेवा पहुंचाने के लिए 28 किलोमीटर पैदल यात्रा की।



78 वर्षीय लज्जे राम की चिकित्सा करती सीएससी थुनाग की टीम।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत पखरेर के गांव बाराड निवासी लज्जे राम बीपीएच (बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया) के पुराने मरीज हैं। हाल ही में उनकी फोली कैथेटर अवरुद्ध हो गई थी। अत्यधिक कमजोरी और परिवहन साधन उपलब्ध न होने की स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थुनाग से डॉ. अभिषेक के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने 14 किलोमीटर का दुर्गम पहाड़ी रास्ता पैदल तय कर बाराड गांव पहुंचकर कैथेटर को सफलतापूर्वक बदला और उन्हें राहत प्रदान की।

डॉ. दीपाली ने कहा कि आपदा के पहले दिन से ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर प्रभावितों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा रही हैं।

## रामनगर के गंगा सिंह पहले ही प्रयास में बने सीए



**अनंत ज्ञान, मंडी।** रामनगर मंगवाईं के रहने वाले गंगा सिंह ने आईसीएआई द्वारा मई में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट की अंतिम चरण की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण करने का गौरव हासिल किया है। गौरतलब है कि यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है जिसमें उत्तीर्ण प्रतिशतता बहुत कम रहती है। गंगा सिंह ने प्रथम प्रयास में ही सीए बनने का जो गौरव हासिल किया है उससे उसके परिजन बेहद खुश हैं तथा युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं। गंगा सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है जिनके मार्गदर्शन से यह हासिल हुआ है। उनके पिता गुरमुख कोषाधिकारी के पद पर तैनात हैं तथा वर्तमान में गोहर में सेवाएं दे रहे हैं।

# आपदा में सेवा की मिसाल बने होमगार्ड जवान

**अनंत ज्ञान, गोहर**

सराज विधानसभा क्षेत्र में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान होमगार्ड के जवान राहत योद्धा बनकर उभरे हैं। कंपनी कमांडर प्रदीप कुमार और प्लाटून कमांडर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में 25 जवानों की टुकड़ी ने 3 जुलाई से 10 जुलाई तक सड़क संपर्क से कटे गांवों में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए 30 से 35 किलोमीटर तक सफर तय किया।

जवानों ने सुराह, जंजैहली, रूसाड़, पांडवशीला, चयुणी, राहकोट, बलैंडा, भदरेच, भरेड़, करसोनी, शिल्ली, वुखलौड़, नलौहटी, पखरैर और डेजी जैसे



पीठ पर राशन ले जाते होमगार्ड जवान।

**सराज के दुर्गम गांवों तक पैदल पहुंचाई राहत सामग्री**

अत्यंत दुर्गम गांवों में पीठ पर सामान ढोकर 129 राशन किट, 20 हाईजीन किट, 18 मेडिकल किट और 12 तिरपाल जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाए। सबसे कठिन क्षेत्र करसोनी तक पहुंचने के लिए 20 किलोमीटर और चयुणी गांव के लिए 18 किलोमीटर का एक तरफा पैदल रास्ता पार किया गया, जहां सड़कें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। जवानों ने रैनगलु हैलीपैड से थुनाग और बगस्याड से थुनाग तक राहत सामग्री भी पैदल ढोई।

कंपनी कमांडर प्रदीप ने बताया कि जब तक सड़कों की बहाली नहीं हो जाती, राहत सामग्री इसी प्रकार से पीठ पर ढोकर प्रभावित गांवों तक पहुंचाई जाती रहेगी। यह सेवा न केवल साहस और समर्पण का प्रतीक है।

# आपदा से लें सबक, अवैज्ञानिक निर्माण पर लगे रोक : धरवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर और इसके निचले इलाके भी आ सकते हैं गंभीर खतरे में**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने मंडी जिला के सिराज विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण आपदा पर गहरा दुख प्रकट किया है। इस प्राकृतिक त्रासदी में जहां कई परिवार पूरी तरह उजड़ गए, वहीं सैकड़ों घर तबाह हो गए हैं।

इस आपदा में हुए जानी नुकसान की भरपाई तो नामुमकिन है, लेकिन प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार को हर संभव सहायता प्रदान करनी चाहिए। डॉ. राकेश ने कहा कि इस आपदा से हमें सीख लेने की आवश्यकता है और यह सोचने की जरूरत है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से कैसे बचा जाए। उन्होंने सिराज क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में हुए अवैज्ञानिक और बेतरतीब निर्माण को आपदा के लिए जिम्मेदार ठहराया।

पिछले 6-7 वर्षों में सिराज में जिस तरह सड़कों का अव्यवस्थित जाल बिछाया गया, नदी-नालों के किनारे घर बनाए गए और जंगलों की अंधाधुंध कटाई की गई, वह सब इस त्रासदी के पीछे का मुख्य कारण है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण सिराज की भौगोलिक स्थिति को नजरअंदाज कर विकास कार्यों को अंजाम दिया गया, जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा और आपदा का खतरा और बढ़ गया। डॉ. धरवाल ने चिंता जताई कि जोगिंद्रनगर के साथ लगते बरोट और लुहारड़ी क्षेत्र में भी ऐसे ही हालात बनते जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में भी पिछले कुछ वर्षों में होटल और घरों का अवैज्ञानिक निर्माण तेजी से हुआ है। बरोट, जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और ऊहल नदी पर बने ऐतिहासिक बांध क्षेत्र में स्थित है, भविष्य में गंभीर खतरे की चपेट में आ सकता है। यदि यहां के बेतरतीब निर्माण पर लगाम नहीं लगाई गई, तो न केवल बरोट, बल्कि जोगिंद्रनगर और इसके निचले इलाके भी गंभीर खतरे में आ सकते हैं।

# आपदाग्रस्त परिवारों की सेवा कर रहा भाजयुमो : तिलक राज

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भाजयुमो कार्यकर्ता भारी बारिश के कारण आई त्रासदी में लगातार जमीनी स्तर पर राहत कार्यों में लगे हुए हैं और प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज के नेतृत्व में घर-घर जाकर आपदाग्रस्त लोगों का हाल चाल जानकर राहत सामग्री बांट रहे हैं।

इसी कड़ी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सिराज विधानसभा क्षेत्र के रोड पंचायत में लोगों के दु:ख को बांटने पहुंचे और उन्हें राशन किट, चावल, आटा, कपड़े, कम्बल, बर्तन सहित अन्य आवश्यक राहत सामग्री प्रदान की। इस मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने कहा कि प्राकृतिक आपदा ने सिराज विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति को ही बदल दिया है और यहां के लोग अपना लगभग सबकुछ खो चुके हैं। यह बहुत ही चुनौती भरा समय इस क्षेत्र के लोगों के लिए है, परन्तु हम सभी आपदाग्रस्त लोगों के साथ खड़े हैं और जितना भी संभव होगा उससे ज्यादा सेवा और सहायता निस्वार्थ भाव से हम उनकी करेंगे। भाजपा का हर कार्यकर्ता समाज की सेवा में समर्पित है।

# ब्रह्मदास ने प्रभावित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी जिला की नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत स्यांज के गांव पगलियूर में हाल ही में आई आपदा ने भारी तबाही मचाई।



प्रभावित को राहत सामग्री भेजते हुए ब्रह्मदास चौहान।

गांव में पहुंचकर उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग हिमाचल प्रदेश ब्रह्मदास चौहान ने आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। चौहान ने मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देश पर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, उनका हाल जाना और उन्हें राहत सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान उन्होंने उन परिवारों से भी भेंट की जिनके अपने इस आपदा में काल के गाल में समा गए। उन्होंने झाबे राम के परिजनों तथा पुष्पराज और भूप सिंह के माता-पिता पदम सिंह और देवकू देवी से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू का संदेश भी दोहराया, जिसमें उन्होंने कहा है कि जब तक एक-एक व्यक्ति की आंख का आंसू नहीं पोंछ सकूंगा और हर दिल का दर्द कुछ कम नहीं कर सकूंगा, तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सिद्धू राम भारद्वाज, श्याम चंद, करमचंद, चतर सिंह, गुलाब सिंह तथा स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की और पुनर्वास के कार्य में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

## राहत शिविरों में जांची सेहत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र में बादल फटने व अत्याधिक वर्षा के कारण समूचे क्षेत्र मे आई बाढ़ से लोगों को जानी व माली अत्याधिक नुकसान हुआ है। आम जनमानस को हुए इस नुकसान के मद्देनजर सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की 2 टीमों ने स्थानीय लोगों व त्रासदी के कारण राहत शिविरों में रह रहे लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए लगातार दूसरे दिन भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। प्रशासन द्वारा थुनाग व बगस्याड़ में बनाए गए राहत शिविरों मे प्रभावितों को उपचार सलाह व दवाईयों का वितरण निशुल्क किया जा रहा है।

**समस्या** जनता ने उठाई मांग, सीएम से मिलने की बनाई योजना

# छोटा भंगाल घाटी के महाविद्यालय में स्टाफ की कमी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** बरोट स्थित छोटा भंगाल घाटी के मुल्थान महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2017 में सरकार द्वारा इस उद्देश्य से की गई थी कि दुर्गम क्षेत्र के बच्चों, विशेषकर लड़कियों को घर के पास उच्च शिक्षा का अवसर मिल सके।



प्रारंभिक दो वर्षों में कॉलेज ने आशाजनक प्रगति की और छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग डेढ़ सौ तक पहुंच गई। लेकिन बीते छह वर्षों से प्राचार्य का पद खाली चल रहा है, और पिछले दो वर्षों में सात स्वीकृत सहायक प्राध्यापकों में से चार के पद खाली हो गए हैं। इसमें राजनीति शास्त्र के तीन और वाणिज्य व हिंदी के एक-एक पद शामिल हैं। इन रिक्त पदों के कारण महाविद्यालय में प्रशासनिक अस्थिरता और शैक्षणिक गिरावट देखने को मिल रही है, जिसका असर सीधा विद्यार्थियों पर पड़ा है। छात्र संख्या घटकर वर्तमान में मात्र पचास रह गई है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए महाविद्यालय कमेटी के सदस्यों, पंचायत प्रधानों और जनता ने कई बार विधायक किशोरी लाल और पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी से अनुरोध किया।

जिला परिषद सदस्य पवना देवी की अगुवाई में घाटीवासियों ने हाल ही में एक बैठक की, जिसमें विधायक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया।

### अभिभावक न रोके बच्चों का दाखिला



**पवना** देवी ने अपील की है कि कोई भी अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला इस महाविद्यालय में रोकें नहीं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि नए दाखिल होने वाले सभी विद्यार्थियों की फीस वे स्वयं वहन करेंगी। उनका यह प्रयास महाविद्यालय को बंद होने से बचाने और शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम है।

## भ्रां गांव में 19 दिन से पानी को तरस रहे लोग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बरसात के मौसम के बावजूद जोगिंद्रनगर उपमंडल के भ्रां गांव की आधी आबादी पिछले 19 दिनों से पेयजल संकट से जूझ रही है। ग्रामीणों को पीने के लिए साफ पानी तक मयस्सर नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है।

नवज्योति महिला मंडल की प्रधान चंचला देवी, रीता देवी और अंजली ने बताया कि उन्होंने विभाग को कई बार समस्या से अवगत करवाया, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला है। महिलाओं का कहना है कि पानी के लिए उन्हें दूर-दराज के स्थानों पर भटकना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले जल शक्ति विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और पाइप जोड़ने की बात कही थी, लेकिन वह भी अब बीती बात हो गई है। महिला मंडल ने चेताया है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। अधिशाषी अभियंता प्यारेलाल ने बताया कि समस्या के समाधान को लेकर आदेश जारी किए जा रहे हैं और जल्द उचित कदम उठाए जाएंगे।

# प्रभावितों को राहत न मिलने पर विधायक राणा रुष्ट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



रोष जताते हुए विधायक प्रकाश राणा और उनके साथ हैं अन्य।

बरसात के कारण जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए भारी नुकसान और प्रभावितों को राहत न मिलने के विरोध में बुधवार को स्थानीय विधायक प्रकाश राणा ने कार्यकर्ताओं सहित लोक निर्माण विभाग और उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि आपदा में फंसे लोगों को राहत पहुंचाने में पूरी तरह विफलता देखने को मिली है।

प्रकाश राणा ने कहा कि बरसात के चलते कई लोगों के घरों में दरारें आ चुकी हैं, मवेशी बह गए हैं और लोग परिवार सहित अन्य स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन अब तक इनकी सुध नहीं ले रहा। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से मुआवजे के नाम पर केवल एक-एक तिरपाल दी जा रही है। विधायक ने लोक निर्माण विभाग को 'भ्रष्टाचार का अड्डा' बताते हुए कहा कि बीते आठ माह में विभाग ने 18 करोड़ रुपए की लागत से 2900 टेंडर लगाए हैं। विधानसभा में आरोप लगाने के बाद एक्सईएन का तबादला किया गया था, लेकिन अब उसी अधिकारी को दोबारा यहां तैनात कर दिया गया है, जिससे सरकार की नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिकारी को बचाने की कोशिश की गई, तो वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। विधायक ने बताया कि आपदा से प्रभावित सड़कों को खोलने के लिए विभाग ने 5 दिन का समय मांगा है, लेकिन उन्होंने 10 दिन दिए हैं। यदि इसके बावजूद मार्ग नहीं खुले, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### नौकरी चाहिए तो आज आएं आईटीआई ऊना : अंशुल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आईटीआई ऊना में 11 जुलाई को सुजूकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य, आईटीआई ऊना ई. अंशुल भारद्वाज ने बताया कि यह साक्षात्कार में मेकैनिक मोटर व्हीकल, मेकैनिक डीजल, मेकैनिक ट्रैक्टर, मेकेनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टयूनर, वेल्डर, पेंटर, वायरमैन, शीट मैटल, सीओई (आटोमोबाईल), टूल एंड डाई मेकर, पीपीओ और मैकैनिक इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के लिए होगा, जिसमें 2020 से 2024 के बीच उत्तीर्ण अभ्यर्थी तथा वर्ष 2025 के अंतिम बैच के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सैल अधिकारी ई. सतीश कुमार ने बताया कि साक्षात्कार में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को 24 हजार 550 मासिक वेतन, 18 हजार 300 रुपए प्रतिमाह प्रशिक्षुता स्टाइपेंड के साथ रियायती भोजन, आवास, वर्दी, पीपीई और सुरक्षा जूते उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### सीएचसी दुलैहड़ को कायाकल्प में दूसरा स्थान



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलैहड़ ने कायाकल्प मूल्यांकन में बेहतरीन सेवाओं और स्वच्छता के लिए जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। इसको लेकर केंद्र को 5 लाख रुपए का पुरस्कार मिला। यह उपलब्धि प्रभारी डॉ. अक्षिता वर्मा और पूरी टीम के प्रयासों से संभव हुई। निरीक्षण के दौरान टीम ने केंद्र की व्यवस्थाओं और मरीजों से व्यवहार की सराहना की।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित।

### किसानों को जैविक खेती के प्रति किया जागरूक



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कृषि विभाग विकास खंड बंगाणा द्वारा सुकडियाल पंचायत के भ्याम्बी व जोल गांव में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार और श्वेता की अगुवाई में आयोजित किया गया। खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार ने बताया कि खेतीबाड़ी में रासायनिक खाद की जगह जीवामृत का घन जीवामृत का इस्तेमाल करके उर्वरा शक्ति वापस लौटाई जा सकती है। प्राकृतिक खेती से हम स्वयं, पूरे परिवार सहित दूसरों की जिंदगी को बचा सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर श्वेता ने बताया कि स्थिति को भांपते हुए अब किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर रुख करना होगा। इस मौके पर सुकडियाल पंचायत की प्रधान बीना देवी, पंचायत सदस्य अशोक कुमार, सीआरपी रीना देवी और शशिकांता सहित महिलाएं व किसान उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को सराहनीय और भविष्य के लिए मार्गदर्शन बताया।

### मतदान केंद्रों की सूचियों को लेकर सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में मतदान केंद्रों की सूचियों के युक्तिकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत वर्तमान मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिसके लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। 21 जुलाई से 5 अगस्त तक ये सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्रों में स्थित सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि इस संबंध में नियुक्त किए गए सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षित और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि मतदान केंद्रों की संशोधित सूची का प्रारूप प्रकाशन 11 अगस्त को किया जाएगा। प्रारूप प्रकाशन के उपरांत आम नागरिक 11 से 17 अगस्त तक अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों पर विचार-विमर्श कर अंतिम प्रस्तावना 23 अगस्त तक तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि संशोधन अथवा युक्तिकरण से संबंधित अंतिम सुझाव 29 अगस्त तक जिला निर्वाचन अधिकारी ऊना अथवा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) को प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

### गुरु पूर्णिमा पर कथा व्यास को भेंट किया पौधा



**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** नगरोटा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित 'एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह पटियाल ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशेष पहल करते हुए कथा व्यास शिवम तिवारी को पौधा भेंट किया। यह पहल केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा, मातृत्व सम्मान और प्रकृति संरक्षण का सजीव समन्वय बनकर उभरी। इस अवसर पर विश्व शांति आश्रम, बड़ोह में चल रहे भागवत सप्ताह के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के दिन विशेष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन में स्वर्णा देवी, मीना ठाकुर, डोली शर्मा, आशा शर्मा, आशा सूद, सोनिया बैंसला, राम चैनल सिंह, मीना कुमारी, उषा चंदेल, सुरेंद्र कुमार, लखनपाल उर्फ कुकी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चंबा और अंबोटा के विद्यार्थी छाए

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान

**लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लठियाणी में एकदिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वॉलीबाल संघ एवं ओलंपिक संगठन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं स्कूलों से आए खिलाड़ियों की शानदार मार्चपास्ट से हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य नसीब सिंह ठाकुर, एलएमसी अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सदस्य सुदेश शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्य नसीब सिंह ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में डीएवी चंबा, डीएवी सुगनाली, डीएवी अंबोटा एवं डीएवी लठियाणी के अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं ने वॉलीबाल व बास्केटबाल में अपनी प्रतिभा दिखाई।

मुख्य अतिथि वीरेंद्र कंवर ने कहा कि डीएवी (दयानंद एंग्लो वैदिक) संस्थान की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लाला हंसराज जी द्वारा की गई थी। यह संस्था भारतीय संस्कृति, वैदिक आदेशों और आधुनिक शिक्षा के अद्भुत संगम का प्रतीक है। डीएवी स्कूल लठियाणी उसी परंपरा का हिस्सा है और क्षेत्र में शिक्षा एवं संस्कारों के क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान बनाया हुआ है। वहीं, मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी और अन्य टीमों को मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

**इस प्रकार रहे परिणाम :** बास्केटबॉल (बालक वर्ग) अंडर-14 में डीएवी चंबा विजेता, अंडर-17 में डीएवी लठियाणी विजेता, अंडर-19 में डीएवी चंबा विजेता रहा। वहीं, वॉलीबाल (बालक वर्ग) अंडर-14 में डीएवी अंबोटा विजेता, अंडर-17 में डीएवी सुगनाली विजेता, अंडर-19 में डीएवी अंबोटा विजेता रहा। वहीं, वॉलीबाल बालिका वर्ग अंडर-14 में डीएवी अंबोटा विजेता, अंडर-17 में डीएवी लठियाणी विजेता रही।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कुलदीप शर्मा, सुदेश शर्मा, कुटलैहड़ सेवा संगठन अध्यक्ष व पूर्व भाजपा मंडलाध्यक्ष चरणजीत शर्मा, पूर्व भाजपा महामंत्री मास्टर रमेश चंद शर्मा, लठियाणी पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा, प्रधान शकुंतला देवी तनोह पंचायत, दिलबाग सिंह, राकेश कुमार, प्रेमचंद सुशील कुमार, रमेश चंद के अलावा अन्य स्कूलों से आए प्रशिक्षक, स्कूल के सभी शिक्षक तथा गणमान्य व्यक्ति एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

# गुरु पूर्णिमा पर धार्मिक डेरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## बाबा जोगीपंगा आश्रम, डेरा बाबा रुद्रू जी नारी बसाल, संत बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां, महादेव मंदिर में प्रमुख हस्तियों ने संतों से लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान टीम, ऊना/बंगाणा/टाहलीवाल



अलख आश्रम माहलपुर में श्रद्धालु (मध्य) बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद लेते विवेक शर्मा व उनकी पत्नी (दाएं) डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी बसाल में माथा टेकते भुट्टो।

जिलाभर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सभी धार्मिक स्थलों पर धूमधाम से मनाया गया। विशेषकर ऊना के बाबा जोगीपंगा आश्रम, डेरा बाबा रुद्रू जी नारी बसाल, संत बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां, महादेव मंदिर में कई प्रमुख हस्तियों ने इन स्थलों के पूज्य प्रमुख संतों से आशीर्वाद ग्रहण किया। सुबह से ही भारी संख्या में लोग इन धार्मिक स्थलों पर पहुंचे हुए थे। यहां तक कि दोपहर तक भी मंदिरों में कतारें लगी हुई थीं।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अपनी पत्नी मृदु शर्मा सहित बाबा बाल आश्रम में पहुंचकर बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्होंने उत्तरी भारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद धाम, गांव नारी में जाकर डेरा प्रमुख श्री श्री 1008 स्वामी हेमानंद महाराज जी के चरणों में नतमस्तक होकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने डेरा परिसर में चल रही अखंड धूनी पर माथा टेका और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण का अनुभव किया और प्रसाद वितरण की सेवा भी की। विधायक विवेक शर्मा ने अपने परिवार सहित गुरु महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन आत्मिक और मानसिक उन्नति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वहीं, कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने पावन गुरु पूर्णिमा दिवस पर अपने समर्थकों सहित उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक पीठ डेरा बाबा रुद्रानंद धाम, गांव नारी में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने डेरा प्रमुख श्री श्री 1008 स्वामी हेमानंद जी महाराज को सम्मानित करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया और डेरा परिसर में चल रही अखंड धून पर माथा टेका। इस अवसर पर भुट्टो ने कहा कि डेरा बाबा रुद्रानंद धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

उन्होंने कहा कि डेरा की दिव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा लोगों को आत्मिक शांति प्रदान करती है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, भाजपा नेता बलराम बबलू, सूरम सिंह,संतोष सैनी, सुषमा ठाकुर आदि गणमान्य मौजूद रहे। उधर, हरोली उपमंडल के पोलियां से स्टे अलख आश्रम माहिलपुर में 2 दिवसीय 'गुरु पूजा व्यास पूर्णिमा' का भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव के पहले दिन की शुरुआत अलख आश्रम माहिलपुर के प्रमुख, संत स्वामी विशेषानंद जी महाराज के करकमलों से हुई, जिन्होंने गुरु के हमारे जीवन में महत्व को दर्शाती तथा सत्संग का संदेश देती हुई भव्य शोभायात्रा को रवाना किया। इस दिव्य शोभायात्रा में दूर-दराज से आई सैकड़ों की संख्या में संगत ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान बच्चों और बड़ों ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान वैदिक विधि से बच्चों ने हवन-यज्ञ किया।

'गुरु पूजा व्यास पूर्णिमा' महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत अमृत काल में गुरु पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात बच्चों व बड़ों द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गई, जिन्होंने उपस्थित संगत को भक्ति-रस में डुबो दिया, तत्पश्चात स्वामी जी ने आपने वचनों में कहा कि दिन बहुत भाग्यशाली उच्च या दूसरे तरीके से कहें कि ऐसा दिन जिसे संसारिक मान्यता में कहा जाता कि कोई महापुरुष इस संसार में अवतरित हुए, जिन्होंने इस भूमि पर आकर धन कमाने, यश कमाने या किसी और संसारिक अर्थों के लिए काम नहीं किया, बल्कि जिस कारण से शरीर मिला है, उसको पहचान सके, उसको जान सके, उसमें उतर सकें।

### गुरु पूर्णिमा पर की अनूठी सेवा

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जहां देश भर में अपने-अपने गुरुओं को श्रद्धांजलि देने का दौर चल रहा था, वहीं उपमंडल बंगाणा में एक अनूठी सेवा देखने को मिली। उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर 470 से अधिक गोवंश को न सिर्फ गलघोंटू कृमिनाशक एवं अन्य आवश्यक टीकों से लाभान्वित किया, बल्कि इनके समुचित पोषण और स्वास्थ्य देखभाल के लिए भी अनेक कदम उठाए। डॉ. राजेश जंगा के नेतृत्व में यह अभियान कौ सेंचुरी थानाखास, कामधेनु गोशाला थानाखास एवं डेरा बाबा जोगी पंगा में संचालित किया गया। इस दौरान टीम ने टीकाकरण के साथ-साथ पशुपालकों और गोसेवकों को विभिन्न पशु रोगों, उनके लक्षणों और समय पर इलाज के प्रति जागरूक भी किया।

## आपदा प्रभावितों की मदद के लिए भेजी सामग्री

### विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अनंत ज्ञान, ऊना



रोटरी क्लब ऊना की ओर से बाढ़ राहत सामग्री विधायक सत्ती के माध्यम से भेजी गई।

मंडी में बाढ़ के चलते हुए भारी नुकसान के बाद विभिन्न सामाजिक संस्थाएं मदद के लिए आगे आ रही हैं। वहीं, रोटरी क्लब ऊना, योगा ग्रुप सहित अन्य समाजसेवियों ने भी मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। सामाजिक संस्थाओं ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राशन सहित अन्य सामग्री भेजी है। ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने सामग्री से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर मंडी के लिए रवाना किया।

इस मौके पर रोटरी क्लब के प्रधान यशपाल सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधान रोटेरियन डॉ. केआर आर्य, शंकुतला आर्य, रोटे. एचएन चीटू, बलदेव चंद, संजीव अग्निहोत्री, बरजिंद्रजीत सिंह गोल्डी, सुरेंद्र ठाकुर, मोहित शर्मा, संजीत सिंह जसवाल, अखिल चौधरी व डॉ. नमिता उपस्थित रहे। रोटरी क्लब के प्रधान यशपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल 80 हजार रुपए का सामान मंडी भेजा गया है, जिसमें 26 राशन किट, 50 कंबल, 16 सेट बर्तन, 50 जोड़ी शूज महिला व पुरुष, 12 सूट महिला, 13 जेकेटस पुरुष, 25 सेट टूथपेस्ट, टूथ ब्रश व साबुन आदि सामग्री भेजी गई है।

सभी रोटेरियन ने एक-एक हजार रुपए व 30 अन्य समाजसेवियों ने अपना योगदान दिया है। एक महिला ने अपना नाम गुप्त रखते हुए 10 हजार रुपए की मदद सौंपी है। इसके लिए उन्होंने सभी दानवीर सज्जनों का आभार जताया है। विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि मंडी में आई आपदा दुखद है। मंडी के लोगों की मदद के लिए समाजसेवी संस्थाएं व अन्य लोग आगे आ रहे है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सभी को आगे आकर मंडी के लोगों की मदद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ऊना हमेशा समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है, जिसके लिए रोटरी क्लब ऊना का सहयोग एक अनुकरणीय उदाहरण है।

## बीमा कर्मचारी संघ ने सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, ऊना



भारतीय बीमा कर्मचारी संघ प्रदर्शन करते हुए (

अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों को लेकर सरकार और निगम प्रबंधन को एक सांकेतिक प्रदर्शन कर चेताया है। ऊना शाखा संघ के अध्यक्ष रमन कुमार व सचिव भानु प्रताप ने बताया कि संघ ने अपनी जवलंत मांगों को लिखित रूप में निगम को भेजा है जिनमें मुख्य तौर पर सरकार से मांग की गई है कि एलआईसी और बैंकों से विनिवेश और निजीकरण करने को बंद किया जाए, एफडीआई पर भी पूर्ण रूप से बंद किया जाए।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त कर्मचारियों की मुख्य मांगों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में पर्याप्त भरती सुनिश्चित की जाएं तथा आउटसोर्स और ठेके पर नौकरियों को बंद किया जाए। संघ के नेताओं ने एनपीएस को बंद कर ओल्ड पेंशन स्कीम चालू करने की भी पुरजोर वकालत की तथा कहा कि जीवन बीमा और स्वास्थ बीमा को जीएसटी मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मजदूर श्रम संहिता को सरकार वापस ले और ट्रेड यूनियन के अधिकारों का हनन न करें व समान काम का समान वेतन दिया जाए।

संघ के नेताओं ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों का विलय कर एक इकाई बनाई जाए। इस हड़ताल का मुख्य लक्ष्य है कि अपनी मांगों को लेकर बीमा प्रबंधन और सरकार का ध्यान आकर्षित करना है ताकि इन मांगों को लेकर ठोस कदम उठाए जाए, ताकि इस क्षेत्र के कर्मचारियों की रक्षा हो सके।

## मुकेश ने एएसआई सोहन को दी श्रद्धांजलि

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को हरोली में अपने सुरक्षा स्टाफ के सदस्य एएसआई सोहन लाल की अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। 53 वर्षीय एएसआई सोहन लाल का बुधवार को हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया था। वह पिछले 32 वर्षों से पुलिस विभाग में सेवाएं दे रहे थे।


उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एएसआई सोहन लाल एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और सरल स्वभाव के अधिकारी थे, जिन्होंने सादगी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि उनका निधन न केवल पुलिस विभाग के लिए, बल्कि उनके लिए भी एक व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी है। स्वर्गीय एएसआई सोहन लाल अपने पीछे पत्नी और तीन संतानों को छोड़ गए हैं।

## गोबिंदसागर झील का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाए सरकार : मोदगिल

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव देसराज मोदगिल ने बंगाणा में प्रदेश सरकार से मांग की कि गोबिंदसागर झील का पानी कुटलैहड़ क्षेत्र के किसानों के खेतों और घरों तक पहुंचाया जाए। मोदगिल ने कहा कि कुटलैहड़ जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधाएं बेहद सीमित हैं, ऐसे में गोबिंद सागर जैसी झील से जल आपूर्ति सुनिश्चित कर किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है। उन्होंने मलकीयत भूमि के मुद्दे पर भी जोर देते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि वह किसानों की उन निजी भूमियों को जो अलग-अलग स्थानों पर बिखरी हुई हैं, एक व्यवस्थित स्थान पर आवंटित करे। ऐसा करने से किसान अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली भूमि में से कुछ हिस्से को सड़क निर्माण के लिए स्वेच्छा से दे सकेंगे। इससे हर गांव, हर घर सड़क से जुड़ जाएगा।

मोदगिल ने कहा कि जो लोग भाखड़ा डैम निर्माण के चलते अपनी जमीनें गंवा चुके हैं और आज सरकारी भूमि पर वर्षों से बसे हुए हैं, उन्हें सरकार नियमित करे। किसानों के साथ अन्याय किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पूर्ण सिंह राणा, रमेश कुमार, पंडित ज्ञान चंद शर्मा, केवल कृष्ण शर्मा, राजकुमार, राकेश कुमार, राम किशन, मोहन लाल, कृष्ण चंद के अलावा अन्य किसान मौजूद रहे।



बैठक में राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव देसराज मोदगिल व अन्य।

## रक्तदान कर मनाया बेटे का जन्मदिन



बेटे के जन्मदिन पर रक्तदान करते रमन।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ब्लड लॉयंस एंड वेलफेयर सोशल समिति के सदस्य रमन राणा ने रक्तदान करके अपने बेटे अरमान राणा का जन्म दिन मनाया। राणा ने अपने बेटे के 14वें जन्मदिन के अवसर पर 7वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने बेटे को प्रेरित किया कि वह 18 वर्ष आयु पूर्ण करने पर रक्तदान करे। उन्होंने कहा कि कोई भी स्वस्थ मनुष्य तीन महीने बाद रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा रक्तदान कर दूसरों की जिंदगिया बचाना अच्छा लगता है।

## ऊना में नागरिक सुरक्षा वालंटियरों की खुली भर्ती

अनंत ज्ञान, ऊना



आपदा प्रबंधन के गुर सीखते स्थानीय लोग।

> ऊना जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की खुली भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। कोई भी युवा देश हित की सेवा के लिए आवेदन कर सकता है, जल्द ही आपदाओं से निपटने के लिए स्वयंसेवकों को तैयार किया जाएगा।
>
> **धीरज शर्मा, नोडल अधिकारी होमगार्ड्स बाहिनी ऊना**

प्रदेश में आपदा से निपटने के लिए ऊना जिले में 5500 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भर्ती प्रक्रिया तेज कर दी है। अब तक जिले में 885 युवाओं ने स्वयंसेवक के तौर पर देश हित में सेवाएं देने के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 467 युवाओं को प्रशासन द्वारा पहचान पत्र जारी किए हैं और जल्द ही स्वयं सेवकों की ट्रेनिंग शुरू की जाएगी। इसके लिए 18 से 50 वर्ष आयु के युवक युवतियां स्वयंसेवक बनने के लिए होमगार्डर्स कंपनी कमांडर ब्लॉक कार्यालयों ऊना, अंब, हरोली, बंगाणा व गगरेट में आवेदन दे सकते हैं।

आवेदनकर्ता फिजिकल फिट होना चाहिए, पढ़ा-लिखा होना चाहिए। देश का नागरिक होना चाहिए। समाज सेवा में रुचि होनी चाहिए। देश-प्रदेश में किसी भी प्रकार की आपदा में सेवा करने का जज्बा होना चाहिए। पहले

### आपदाओं से निपटने के लिए ट्रेंड होंगे 5500 युवा

आओ पहले पाओ के आधार पर नागरिक सुरक्षा वालंटियरों को रखा जाएगा, जिन्हें निशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। आई कार्ड व यूनिफार्म भी मिलेगी। काबिलेगौर है कि प्रदेश में आने वाली आपदाओं से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने हर जिले में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापित करने का फैसला लिया है, जिसे अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी की है और इसका पूरा जिम्मा सिविल डिफेंस डिपार्टमेंट देखेगा। हिमाचल प्रदेश की आबादी का एक फीसदी हिस्सा यानी लगभग 70 हजार लोगों को इस नागरिक सुरक्षा कोर में शामिल करने का प्रस्ताव है। प्रत्येक जिले में यह कोर स्थापित होगी, जहां पर इसे डीसी के कंट्रोल में रखा जाएगा। सब डिवीजन के स्तर पर एसडीएम इसकी कंट्रोलिंगअथॉरिटी होगी।

वहीं, पंचायत स्तर पर पंचायत प्रधान वार्डन होंगे। जो लोग अपनी इच्छा से सिविल डिफेंस के इस काम में आपदा के समय अपनी भागीदारी देना चाहते हैं, उनको विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण इसलिए होगा, ताकि किसी भी आपदा में वे बेहतर काम किया जा सके।

**लाभ** योजना के अंतर्गत पात्र निराश्रितजनों को गृह निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की 4 किस्तों में प्रदान की जाती है सहायता

# बिखरे सपनों को पक्की छत दे रही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना

राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो



सुख आश्रय योजना के तहत गरीब परिवार का बन रहा अपना आशियाना।

**अनंत ज्ञान।** हर इंसान अपने पक्के घर का सपना देखता है, लेकिन कुछ के लिए यह सपना हालात और अभावों के बोझ तले दबकर बिखर जाता है। ऊना जिले के नंगल खुर्द निवासी 21 वर्षीय रंजीत सिंह और उनके भाई-बहनों के लिए भी अपने पक्के घर का सपना माता-पिता के असमय निधन के बाद एक अधूरी कल्पना बनकर रह गया था, मगर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से मिली सहायता के बूते उनका यह सपना अब साकार हो रहा है।

योजना के तहत रंजीत को लगभग 5 मरले भूमि और गृह निर्माण के लिए एक लाख रुपए की पहली किस्त प्राप्त हुई है। अब उस जमीन पर दो कमरों, लॉबी और शौचालय सहित एक पक्के घर की नींव रखी जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत पात्र निराश्रितजनों को गृह निर्माण के लिए कुल तीन लाख रुपए की सहायता चार किस्तों में प्रदान की जाती है, साथ ही घर के लिए जमीन न होने की स्थिति में तीन बिस्वा तक भूमि भी राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

रंजीत बताते हैं कि माता-पिता के असमय निधन के बाद उनके बड़े भाई ने पूरे परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली। 6 भाई-बहनों के इस परिवार के पास रहने को सिर्फ एक कमरा था और खाना, सोना, पढ़ना, सब कुछ उसी एक जगह पर होता था। आर्थिक तंगी इतनी गहरी थी कि उन्होंने बड़े भाई के साथ दिहाड़ी मजदूरी शुरू कर दी, ताकि दो वक्त की रोटी जुटाई जा सके, लेकिन इस संघर्षपूर्ण जीवन में एक मोड़ तब आया, जब उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की जानकारी मिली।

रंजीत कहते हैं कि सरकार ने सिर्फ आर्थिक मदद नहीं दी, वह हमारे लिए सच्चे मायनों में अभिभावक बनकर खड़ी हुई है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जितना आभार जताएं, कम होगा। रंजीत की बहन इस योजना के सहयोग से सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही है और योजना में तीन भाई-बहनों को प्रतिमाह चार-चार हजार रुपए की सामाजिक सुरक्षा सहायता भी मिल रही है।

**ऊना जिले में 18 बच्चों को मिली गृह निर्माण सहायता :** ऊना के जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार बताते हैं कि जिले में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत अब तक 18 बच्चों को गृह निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपए की राशि वितरित की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को गृह निर्माण के लिए कुल तीन लाख रुपए की सहायता चार किस्तों में प्रदान की जाती है। इसके अलावा जिले में 294 बच्चों को सामाजिक सुरक्षा और स्वावलंबन गतिविधियों के लिए अब तक कुल 3.11 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी जा चुकी है।

**सरकार सच्चे मायनों में बनी अभिभावक :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमेशा कहते हैं कि जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं, उनके लिए सरकार ही माता-पिता है। हम न केवल उनका पालन-पोषण करेंगे, बल्कि उन्हें हर वह सहायता देंगे जो एक परिवार देता है। इसी सोच से मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की शुरुआत हुई है। इस योजना में बच्चों को न केवल आवास और आर्थिक सहायता दी जाती है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कोचिंग, भोजन, वस्त्र, भत्ता और विवाह जैसी आवश्यकताओं की भी समुचित पूर्ति की जाती है।

उन्हें हर महीने 4 हजार रुपए की पॉकेट मनी, कपड़ों का भत्ता और त्योहार सहयोग भी मिलता है। राज्य सरकार ने ऐसे बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा देने वाला कानून भी पारित किया है। ऐसा करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है।

### सुख आश्रय योजना का बढ़ा दायरा

**जिला** बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप बताते हैं कि सरकार ने अब योजना का दायरा और व्यापक किया गया है। इसमें ट्रांसजेंडर समुदाय, परित्यक्त एवं सरेंडर किए गए बच्चे और एकल नारियों को भी शामिल किया गया है। एकल नारियों को 2500 रुपए प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा सहायता दी जा रही है।

### हर पात्र बच्चे को लाभ पहुंचाने को प्रतिबद्ध प्रशासन

**ऊना** के उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की संवेदनशील सोच एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण के अनुरूप जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुंचे। हम हर पात्र लाभार्थी को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं।

# बिजली महादेव रोपवे का विरोध लगातार जारी

## खराहल घाटी के धारठ में जंगल में जाकर ग्रामीणों ने दिया धरना, पेड़ कटान रोकने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे निर्माण के विरोध में जनता अब एक्शन मोड़ में आ गई है। अब घाटी की महिलाओं ने मोर्चा संभाला है और इस रोपवे का लगातार दिन-प्रतिदिन विरोध बढ़ता जा रहा है।

जिला कुल्लू की खराहल घाटी में जहां इनदिनों बिजली महादेव रोपवे के लिए पेड़ों का कटान किया जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों में अब जिला प्रशासन और सरकार के प्रति भारी रोष है। लोगों का कहना है कि जब बिजली महादेव नहीं चाहते, फिर सरकार रोपवे निर्माण क्यों कर रही है। सनद रहे कि बीते दिन भी खराहल घाटी के ग्रामीणों के द्वारा रामशिला में धरना दिया गया था और प्रशासन से मांग रखी गई थी कि रोपवे के कार्य को जल्द बंद किया जाए। इसके अलावा निर्माण के लिए जो सैकड़ों पेड़ काटे जा रहे हैं, उस कटान को भी तुरंत रोका जाए, लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा इस दिशा में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में वीरवार को खराहल घाटी के ग्रामीणों के द्वारा धारठ में पेड़ों वाली जगह पर जाकर धरना-प्रदर्शन किया गया और पेड़ कटान के कार्य को भी रोका गया। वहीं, उन्होंने मांग रखी कि अगर सरकार व प्रशासन के द्वारा जल्द इस रोपवे में निर्माण कार्य को बंद नहीं किया गया, तो सरकार को जनता के रोष का सामना करना होगा।

इस दौरान एचपीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा नेता राम सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं, वन कटान कर रहे कर्मचारियों के साथ भी ग्रामीणों के द्वारा बहस की गई। एचपीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि जब स्थानीय जनता रोपवे निर्माण का विरोध कर रही है और भगवान बिजली महादेव ने भी अपनी देव वाणी में रोपवे को लगाने से इनकार किया है, तो ऐसे में सरकार क्यों जनता की बात को नकार रही है। जनता बार-बार सरकार से गुहार लगा रही है कि इस रोपवे को रद्द किया जाए, लेकिन न जाने किसकी शह पर इस कार्य को अभी भी किया जा रहा है। ऐसे में जनता बार-बार सरकार से आग्रह कर रही है।

पूर्व में रहे एचपीएमसी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी राम सिंह ने कहा कि अगर रोपवे निर्माण कार्य को जल्द बंद नहीं किया गया, तो खराहल के साथ-साथ कुल्लू की जनता सड़कों पर उतरकर सरकार का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल को किसी भी सूरत में पर्यटन स्थल नहीं बनने देंगे और रोपवे की आड़ में सैकड़ों पेड़ों की बलि देकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा।


बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर जो पेड़ों का कटान हो रहा है, उसका विरोध करते हुए लोग।

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षक को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा भुंतर मंडल की ओर से गुरु सम्मान कार्यक्रम डोभी 2 बूथ पर, बूथ अध्यक्ष अनूप राम ठाकुर की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर हीरा लाल को सम्मानित किया गया। हीरा लाल का शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा है।

**शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा**

इस मौके पर मंडल महामंत्री गोविंद भारती, महिला मंडल प्रधान पुष्पा और वार्ड पंच हीरा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उधर, लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि ठाकुर ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने धर्म गुरु लामा नवांग लोबजंग का आशीर्वाद लिया। साथ ही इस मौके पर आयोजित समस्त जगत की शांति के लिए पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। इस पूजा-अर्चना में पूरे हिमालयी क्षेत्रों से आए हुए चालीस बौद्ध भिक्षु शामिल हुए।

## मौसम खराब, फिर भी कम नहीं भोले के दीवानों का जोश


मौसम खराब रहने के बाद भी श्रीखंड महादेव यात्रा के पहले दिन चढ़ाई चढ़ते श्रद्धालु।

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** भले ही श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा को उत्तर भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्रा माना जाता है, मगर भोले के भक्तों का उत्साह हर वर्ष नई ऊंचाइयों को छूता है।

वीरवार से औपचारिक रूप से शुरू हुई इस पवित्र यात्रा के पहले ही दिन मौसम खराब रहने के बावजूद श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और आस्था की झलक देखने को मिली। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि वीरवार शाम पांच बजे तक कुल 682 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया, जिसमें 652 पुरुषों के साथ-साथ 30 महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 682 में 388 ऑनलाइन और 304 यात्रियों ने बेसकैंप सिंहगाड में ऑफलाइन पंजीकरण करवाया है। यह यात्रा लगभग 18570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव की पवित्र चोटी तक पहुंचती है, जहां भोलेनाथ का अद्भुत शिवलिंग प्राकृतिक रूप से चट्टान से निर्मित है।

हर साल देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु इस कठिन और दुर्गम यात्रा को तय कर भोले बाबा के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य मानते हैं। खड़ी चढ़ाई, संकरी पगडंडियां, नाले और ग्लेशियर भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं पाते। कठिन रास्तों के बावजूद शिव भक्तों का उत्साह और आस्था यह साबित कर देती है कि आस्था के आगे हर मुश्किल आसान हो जाती है।

# मनाली में नहीं रुक रही पशु तस्करी सरकार उठाए सख्त कदम : रिमन सिंह

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मनाली में पशु तस्करी के लगातार मामलों के सामने आने से प्रशासन की लापरवाही सबके सामने आ गई है। एक सप्ताह के भीतर पलचान और अटल टनल के पास मवेशियों से भरे दो ट्रकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया।



पशुओं को ट्रकों में रस्सियों से कसकर नाक में नकेल डाल कर तस्करी की जाती है, जो काफी पीड़ा दायक होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पशुओं की इस प्रकार खुलेआम तस्करी काफी चिंतनीय है। इनका मानना है कि ये लोग कैसे पुलिस की नाक के नीचे पशु तस्करी हो रही है। पुलिस की मुस्तैदी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या ट्रकों की तलाशी नाकों पर की ही नहीं जाती? पुलिस द्वारा की गई ट्रक की तलाशी में यह चौंकाने वाला दृश्य सामने आया। जानवरों को इतनी बुरी तरह से लादा गया था कि वे हिल भी नहीं पा रहे थे। उनकी नाक में डाली गई नकेलें इतनी कसी हुई थीं कि वे दर्द से कराह रहे थे। यह घटना पशु तस्करों द्वारा अपनाए जाने वाले क्रूर तरीकों की एक और बानगी है। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि इस तरह की पशु तस्करी की घटनाएं हर साल बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा इस पर अंकुश लगाने के लिए पर्याप्त कठोर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। ठाकुर ने मांग की है कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## 15 जुलाई तक करवाएं खरीफ की फसलों का बीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कृषि उप-निदेशक, कुल्लू सुशील शर्मा ने जानकारी दी कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा खरीफ सीजन की फसलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

इसके अंतर्गत जिले में मक्की व धान की फसलों का बीमा करवाया जा सकता है। दोनों के बीमा के लिए कुल फसल का बीमा प्रति हेक्टेयर 60000, बीमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तथा कुल प्रीमियम प्रति बीघा 96 रुपए है। फसल का बीमा उपरोक्त कंपनी से अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीक के लोकमित्र केंद्र में जा कर करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिए खंड के विषयवाद विशेषज्ञ कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी एवं बीमा कंपनी से 70188060168 व 8629802474 पर संपर्क करें।

# ट्रेवल एंड टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण 23 जुलाई तक

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू द्वारा ट्रेवल एंड टूरिस्ट गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण 14 से 23 जुलाई तक पीएनबी आरसेटी पतलीकूहल में होना प्रस्तावित है।

इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण 10 दिनों तक दिया जाएगा। पीएनबी आरसेटी पतलीकूहल के कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कुल्लू जिले के वे बेरोजगार नौजवान युवक-युवतियां, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच है, वह आवेदन कर सकते हैं और इस क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं। 14 जुलाई से पहले पीएनबी आरसेटी पतलीकूहल में आकर आवेदन जमा करवाएं। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए व्यक्ति में पढ़ने-लिखने की क्षमता भी होनी चाहिए। अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक खाता की एक फोटोकॉपी साथ लाएं। इसके अतिरिक्त 3 पासपोर्ट साइज के फोटो भी साथ लाएं, जो व्यक्ति एससी, एसटी, बीपीएल, ओबीसी और मनरेगा में 35 दिनों का रोजगार पूरा कर चुके हैं, उसके संबधित दस्तावेज साथ लेकर आएं। कार्यक्रम में रात्रि ठहराव की कोई व्यवस्था नहीं है, जिन लोगों ने मनरेगा रोजगार के अंतर्गत 100 दिन की दिहाड़ी पूरी की है, उन लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उन्नति प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिहाड़ी भी दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए 9857038900 और 7018336898 पर संपर्क करें।

# प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने को निरंतर प्रयासरत : अनुराधा

**अनंत ज्ञान, केलांग**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा इनदिनों घाटी के दौरे पर हैं। इस दौरान वह गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रही हैं और उनका समाधान कर रही हैं।

इसी कड़ी में वीरवार को उन्होंने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाहलमा व साथ ही छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर जहां उन्होंने स्कूल व छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। वहीं, यहां पर विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर भी स्कूल प्रबंधन से चर्चा की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, स्टाफ व जिला परिषद सदस्य छेजांग डोलमा, प्रधान कृष्णा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष साहिल विशेष रूप से मौजूद रहे। उसके पश्चात ओथांग, यांगथांग, तिबोक, लोमच, गांव में विभागीय अधिकारियों के साथ जन समस्याओं को जाना। सभी पंचायतों और गांवों में विधायक निधि और अन्य धनराशि से विकास कार्यों के लिए दी गई धनराशि को तय सीमा के अंदर खर्च करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद चेबर, बा-बारिंग, शेलिंग, लेबरिंग, मूरिंग, दंदक, कमरिंग गांव में विभागीय अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं को जाना। इसी कड़ी में बा-बारिंग



प्राईमरी स्कूल का और राजकीय प्राथमिक पाठशाला मूरिंग, राजकीय उच्च पाठशाला मूरिंग का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात थिरोट बिजली पावर हाऊस का निरीक्षण किया और थिरोट गांव में लोगों से मिलीं। विभागीय अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति में प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य छेजांग डोलमा, प्रधान भीमदेई, उपप्रधान देवी सिंह, बीडीसी सदस्य दिनेश, उपप्रधान ग्राम पंचायत थिरोट नरेश, युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष साहिल, जगदीश विशेष रूप से मौजूद रहे।

# अलेउ में लोगों को जल्द मिलेगी फुटपाथ की सुविधा

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी के अंतर्गत अलेउ इलाके में लोगों को पैदल चलने में अब दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बिजली बोर्ड के कार्यालय से पंजाब नेशनल बैंक तक लगभग एक किलोमीटर के दायरे में पैदल रास्ते का निर्माण किया जाएगा। इसकी डीपीआर तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है। कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग पर मनाली बाजार से अलेउ तक के दायरे में लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। तंग सड़क पर अक्सर दुर्घटना का भय बना रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, पर्यटकों का सड़क पार करना मुश्किल हो जाता है। खैर अब इस मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर के दायरे में पक्के फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने

**डीपीआर तैयार कर डीसी को भेजी जाएगी**

इसकी निशानदेही करना शुरू कर दी है। फुटपाथ बनने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम में भी पैदल चलने में दिक्कत नहीं होगी।

पर्यटक आसानी से अपने होटल तक जा सकेंगे। स्थानीय लोगों को भी बाजार आने-जाने की सहूलियत होगी। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आकाश सूद ने बताया कि डीपिआर बनाने के लिए निशानदेही शुरू कर दी है। बिजली बोर्ड के कार्यालय से पंजाब नेशनल बैंक तक एक तरफ लगभग एक मीटर चौड़ा फुटपाथ बनाया जाएगा। डीपीआर तैयार कर डीसी को भेजी जाएगी। वहीं से इसके लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा।

# नग्गर पंचायत में अब कूड़ा फैलाने वालों की खैर नहीं

## कूड़ा फैलाने वालों पर कसा जाएगा शिकंजा, 5000 जुर्माने का प्रावधान

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** नग्गर पंचायत में अब कूड़ा-कचरा फैलाने वालों की खैर नहीं। ग्राम पंचायत नग्गर अब कूड़ा-कचरा फैलाने वालों पर शिकंजा कसने जा रही है।

पंचायत को स्वच्छ व सुंदर और कूड़ा मुक्त करने के उद्देश्य से अब पंचायत ने कूड़ा खुले में फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 5000 रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया है। इसको लेकर पंचायत की ओर से नए सूचना बोर्ड भी लगाए हैं। यह पहल खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मुकेश कुमार के निर्देशानुसार की गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखना है। नग्गर-पतलीकूहल रोड पर लगाए गए इन बोर्डों का मुख्य लक्ष्य पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने से रोकना है। इस



नग्गर पंचायत को स्वच्छ व सुंदर और कूड़ा मुक्त करने के उद्देश्य से लगाए गए बोर्ड।

अभियान में ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) ईश्वर, वार्ड पंच रेबत राम और कमलेश व ग्राम पंचायत प्रधान प्रदीप ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। खंड विकास अधिकारी मुकेश ने इस अवसर पर सभी पंचायतों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। उन्होंने बताया कि यह कदम नग्गर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत उठाया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे क्षेत्र में साफ-सफाई के स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि यदि क्षेत्र में कोई कूड़ा-कचरा खुले में फेंकता है, तो उसे 5000 रुपए जुर्माने के रूप में भरना पड़ेगा। उन्होंने लोगों और पर्यटकों से क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने में सहयोग देने की अपील की है।

# सराज आपदा में राहत के लिए सिरिगढ़ स्पोर्ट्स क्लब ने बढ़ाया मदद का हाथ

**अनंत ज्ञान, आनी**

हाल ही में सराज क्षेत्र में आई आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए दलाश के सिरिगढ़ स्पोर्ट्स क्लब ने एक सराहनीय पहल की है।

क्लब के सदस्यों ने आपदा पीड़ितों के लिए राहत राशि इकट्ठा करना शुरू किया, ताकि संकट की इस घड़ी में प्रभावित लोगों को कुछ राहत मिल सके और उनकी मुहिम ने 192 लोगों से एक लाख 35 हजार रुपए इकट्ठे किए, जिन्हें बैंक के माध्यम से आपदा ग्रस्त जंजैहली, थुनाग क्षेत्र के 28 ऐसे परिवारों तक सीधा उनके खातों में बराबर वितरित कर दिया, जिनका सब कुछ बह चुका था। सिरिगढ़ स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष दुष्यंत परमार ने बताया कि क्लब ने पारदर्शिता बनाए रखते हुए सहयोग करने वाले सभी दानी सज्जनों के नाम और राशि

**1.35 लाख की धनराशि इकट्ठा कर सीधे प्रभावित परिवारों के खातों में भेजी**

की सूची भी सार्वजनिक की है। दुष्यंत परमार ने बताया कि क्षेत्र के एक सज्जन जंजैहली क्षेत्र में नौकरी करते हैं, जिन्होंने ही ऐसे 28 परिवारों का डाटा सिरिगढ़ स्पोर्ट्स क्लब तक पहुंचाया, जिनका इस आपदा में सबकुछ बह गया था। सिरिगढ़ स्पोर्ट्स क्लब का यह मानवीय कदम स्थानीय लोगों के लिए उम्मीद की किरण साबित हो रहा है।

क्लब के प्रयासों की हर तरफ सराहना हो रही है। क्लब की अपील है कि क्षेत्र के और लोग भी अपने सामर्थ अनुसार इस राहत कार्य में सहयोग करें, ताकि पीड़ित परिवारों को सहारा दिया जा सके।

## विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार : छेवांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्य छेवांग ने कहा कि पिन घाटी में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ी है। उन्होंने कहा कि खर पुल जो 25 सालों से जर्जर हालत में था, उसका कार्य इस वर्ष पूर्ण होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य जो ठप पड़ा था, वह भी जोरों पर है और काम के गुणवत्ता को चैक करने के लिए दोनों पंचायत से दो-दो मेंबर भी चुने गए हैं। बाढ़ नियंत्रण कार्य के लिए तोदनम व सगनम पंचायत में चार करोड़ 15 लाख का कार्य प्रगति पर चला है। ग्राम मुद वालों का 30,40 सालों का डिमांड मुद फरका पुल एक करोड़ 60 लाख से बनने जा रहा है। इसके लिए टेंडर भी हो गया है, एक और 25-30 साल पुराना तेलिंग से मुद वैली पुल का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने पिन घाटी में विकास कार्यों को गति देने के लिए घाटी के लोगों की ओर से विधायक अनुराधा राणा का आभार जताया।

# नव चेतना स्कूल के विशेष बच्चों को सिखाए संगीत के गुर



इनर व्हील क्लब कुल्लू के पदाधिकारी व सदस्य नव चेतना स्कूल के बाहर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

इनर व्हील क्लब कुल्लू की ओर से नव चेतना स्कूल के विशेष बच्चों के लिए संगीत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को संगीत की शिक्षा प्रदान की गई। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इनर व्हील क्लब कुल्लू की अध्यक्ष रेणुका शर्मा, सचिव दीपा, कोषाध्यक्ष चेताली आचार्य ने बताया कि इस दौरान विशेष बच्चों को राष्ट्रीय गान, लोकगीत और संगीत की विधाएं एवं प्रार्थना के बारे में नैना ने गुर सिखाए। इनर व्हील क्लब की तरफ से नैना को 6000 की राशि प्रदान की गई। अटल सदन में इनर व्हील क्लब की बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्लब की अध्यक्ष रेणुका शर्मा, सचिव दीपा, कोषाध्यक्ष चेताली आचार्य सहिय क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रही। संस्था अध्यक्ष रेणुका ने बताया कि इनर व्हील क्लब एक ऐसी संस्था है, जो समय-समय पर जरूरत व असहाय, लोगों की सहायता करती रहती है। इसी कड़ी में क्लब द्वारा विशेष बच्चों को संगीत की विधाओं को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

**परेशानी** नेहरूकुंड से बाहंग तक फैले इलाके में ब्यास नदी का रुख रिहायशी इलाके की ओर मुड़ा

# 3000 से ज्यादा लोग डर के साये में जीने को मजबूर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** पर्यटन नगरी मनाली से चार किलोमीटर दूर नेहरूकुंड से लेकर बाहंग तक फैले इलाके में 3000 से ज्यादा लोग इन दिनों डर के साये में जीने को मजबूर हैं।

26 जून को आई बाढ़ के बाद ब्यास नदी का रुख बदल चुका है और अब यह रिहायशी क्षेत्रों की ओर मुड़ने को तैयार है। गत वर्ष बाढ़ से मनाली-लेह मार्ग पर नेहरूकुंड के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन बीआरओ ने इसकी कोई सुध नहीं ली। नेहरूकुंड से ब्यास बस्ती की ओर रुख करती है, तो लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिलेगा, अगर बीआरओ ने इस सड़क को कंकरीट लगाकर तैयार कर दिया होता, तो लोगों को कुछ राहत मिल सकती थी। बीआरओ द्वारा कार्य न होने से ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। डीसी के आदेशानुसार प्रशासन ने इस छोटे से क्षेत्र में तीन प्रमुख रेड स्पॉट चिन्हित किए हैं, जहां से नदी का बहाव सीधे बस्ती की ओर



नेहरूकुंड के समीप बह रही ब्यास नदी, जो कभी भी कहर बरपा सकती है।

हो सकता है। लगातार बारिश और सक्रिय मानसून के चलते सितंबर 15 तक खतरा बने रहने की आशंका है। इस क्षेत्र की संवेदनशीलता इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि यहीं एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एक प्राइमरी स्कूल और डीआरडीओ की अहम प्रयोगशाला भी मौजूद है, जहां करीब 200 वैज्ञानिक, अधिकारी और जवान तैनात हैं।

इसके साथ-साथ प्रोजेक्ट दीपक की 70 आरसीसी कंपनी का डैट, कई होटल, रेस्टोरेंट और दुकानें भी इसी क्षेत्र में स्थित हैं। 2023 और 2024 की बाढ़ के बाद यहां प्रोटेक्शन वॉल बनाए जाने के दावे किए गए थे, लेकिन सरकार सहित बीआरओ ने इस विषय पर गंभीरता नहीं दिखाई। जिला प्रशासन ने खतरे को देखते हुए अधिकारियों को ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर सबमिट करने के निर्देश दिए हैं। नेहरू के निवासी गोकुल चंद, सुरेश व विक्रम ने बताया कि हल्की सी बारिश होने पर उनकी बेचैनी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नेहरूकुंड के पास बीआरओ की सड़क टूटी हुई है, जिसे आज तक ठीक नहीं किया गया। बाहंग निवासी संजीव, दिले राम व रामपाल ने बताया कि समय रहते सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो बड़ी त्रासदी हो सकती है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि बीआरओ सहित सभी विभागों के साथ ज्वाइंट निरीक्षण कर खतरे वाले स्थान चिन्हित कर रिपोर्ट बना दी है।

# रजत जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए की चर्चा


पूर्व छात्र संगठन के पदाधिकारी कटराईं स्कूल में बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पूर्व छात्र संघ कटराईं की कार्यकारिणी की विशेष बैठक का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं में किया गया।

इस दौरान पूर्व छात्र संघ द्वारा आयोजित किए जाने वाले रजत जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष हीरा लाल ठाकुर ने संघ के गठन के 25 वर्ष पूरे होने की खुशी में बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा उपस्थित सदस्यों में मिठाई बांटी। पूर्व छात्र संघ के सचिव मेहर सिंह ठाकुर ने कहा कि 9 जुलाई सन् 2000 में पूर्व छात्र संघ की स्थापना की गई थी इस तरह आज 9 जुलाई को संघ के गठन के 25 वर्ष पूरे हुए हैं, लेकिन किन्हीं कारणों से संघ के रजत जयंती समारोह को सितंबर माह में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ सदस्य तथा फाउंडर मेंबर नारायण सिंह ठाकुर तथा तोताराम ठाकुर ने बैठक को संबोधित किया और संघ के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर खुशी जाहिर की। बैठक में लगभग 20 कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

# निकाय चुनाव के लिए नहीं बदलेगा सोलन एमसी के वार्डों का रोस्टर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश शहरी विभाग के प्रिंसिपल सचिव की तरफ से जिलाधीशों को जारी पत्र में नगर निगम के वार्ड रोस्टर जारी न करने के आदेश जारी किए हैं। जनगणना में देरी के चलते फिलहाल रोस्टर प्रक्रिया को लंबित किया गया है।

जनगणना का ताजा आंकड़ा नहीं होने से नगर निगम सोलन के वार्डों का चुनाव रोस्टर भी पोस्टपोन हो गया है। इससे चुनाव लड़ने की उम्मीद लगाए बैठे दावेदारों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। वहीं, रोस्टर बदलने की अटकलों से चिंतित निवर्तमान पार्षदों को इस नोटिफिकेशन से संजीवनी मिली है। जनगणना में देरी के चलते वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते वार्डों में रोस्टर लागू नहीं किया जा सकता। वर्तमान में नगर निगम सोलन के कुल 17 वार्डों में 9 सीट पर कांग्रेस, 7 सीट पर भाजपा और 1 सीट पर निर्दलीय पार्षद काबिज है। चुनाव आयोग ने आगामी 6 महीनों में पंचायतीराज चुनाव और नगर निगमों के चुनाव करवाने की घोषणा की है, ऐसे में अब नगर निगम सोलन के वार्डों का रोस्टर नहीं बदलेगा। इससे वार्डों के ओपन या आरक्षित होने की उम्मीद लगाए बैठे दावेदारों को अब निराश होना पड़ेगा। वहीं, दावेदारों ने इस निर्णय परवार्डों नाराजगी भी जताई है। तर्क दिया जा रहा है कि हर चुनाव में रोस्टर लागू होता है, ऐसे में सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे पूर्व नगर निगम बनने पर सोलन के कुल 17 वार्डों में 2011 की जनगणना के आधार पर रोस्टर तय हुआ था। इसमें 50 फीसदी वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित थे, जबकि अन्य वार्ड ओपन और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थे। रोस्टर में वार्ड-1 अनुसूचित जाति, वार्ड- दो महिला ओपन, वार्ड तीन महिला ओपन, वार्ड चार महिला ओपन, वार्ड 5 ओपन, वार्ड 6 महिला आरक्षित, वार्ड-7 अनुसूचित महिला आरक्षित, वार्ड 8 ओपन, वार्ड 9 ओपन, वार्ड 10 महिला आरक्षित, वार्ड 11 ओपन, वार्ड 12 महिला आरक्षित, वार्ड 13 आरक्षित अनुसूचित जाति, वार्ड 14 ओपन, वार्ड 15 महिला ओपन, वार्ड 16 आरक्षित अनुसूचित जाति महिला और वार्ड 17 ओपन है, अब नई नोटिफिकेशन के चलते वार्डों का रोस्टर इसी प्रकार रहेगा। यानी वर्तमान पार्षदों को एक बार फिर से अपनी किस्मत आजमाने का अवसर मिलेगा। वहीं, यदि पार्टी सिंबल पर चुनाव होते हैं, तो पार्षदों को टिकट लेने की भी चुनौती रहेगी। रोस्टर न बदलने से ओपन वार्डों के पार्षदों की बल्ले-बल्ले हो गई है। इससे उन्हें एक बार फिर चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा। वहीं, लोगों के बीच पहुंचकर विकास कार्य फिर चढ़ने में तेजी आएगी। देखना रोचक होगा कि संबंधित पार्टी अपने पार्षदों को टिकट देती है या फिर नए चेहरे पर दाव लगाएगी। यह तो भविष्य ही बताएगा। रोस्टर नहीं बदलने से वार्ड 1 के पार्षद मनीष सोपाल, अमरजीत पांजा, वार्ड-9 के पार्षद शैलेंद्र गुप्ता, वार्ड -11 के पार्षद अभय शर्मा, वार्ड-14 से राजीव कौड़ा और वार्ड-17 की पार्षद सरदार सिंह ठाकुर के पास दोबारा चुनाव मैदान में उतरने का अवसर रहेगा।


नगर निगम सोलन का कार्यालय।

## सीएमओ ऑफिस में आग से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में वीरवार दोपहर करीब 1:30 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में आग लगने की घटना सामने आई। यह आग कार्यालय के भीतर वायरिंग की वजह से लगी, जो कुछ देर तक बिना किसी रुकावट के लगभग 10 से 15 मिनट तक सुलगती रही। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तैनात कर्मचारियों ने फायर इक्विपमेंट की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। हालांकि, आग को जल्द काबू में कर लिया गया, लेकिन तब तक कार्यालय में रखे कई कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो चुके थे। इनमें कंप्यूटर, फ्रीज और यूपीएस सहित वे सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं, जिनमें दवाइयां स्टोर की जाती थीं। सीएमओ कार्यालय के सुपरिंटेंडेंट जसविंदर सिंह ने बताया कि इस हादसे में करीब 10 से 15 महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इससे करीब एक महीने पहले भी इसी कार्यालय में आगजनी की घटना हुई थी।

# भाजपा नेता सूरत नेगी पर मानहानि के दो मामलों में सीजेएम कोर्ट में चलेगा मुकदमा

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान

**रिकांगपिओ।** भाजपा नेता सूरत नेगी के लिए कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। प्रदेश हाई कोर्ट ने कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के दायर मानहानि के दो अलग-अलग मामलों में सूरत नेगी के खिलाफ मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं, अब इन दोनों मामलों की सुनवाई किन्नौर के सीजेएम कोर्ट में होगी, जिससे सूरत नेगी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता अमर चंद नेगी ने वीरवार को रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यह मामला वर्ष 2017 का है। उस समय भाजपा नेता सूरत नेगी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए मौजूदा कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी पर आपत्तिजनक बयान दिए थे। सूरत नेगी ने जगत सिंह नेगी के घर को कुतुबमीनार बताया था और उन्हें भ्रष्टाचारी कहा था। इस बयानबाजी के बाद, मंत्री जगत सिंह नेगी ने वर्ष 2017 में सीजेएम कोर्ट रिकांगपिओ में सूरत नेगी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि, वर्ष 2022 में सीजेएम कोर्ट ने इस मामले में सूरत नेगी को समन करने लायक नहीं माना था।

**हाईकोर्ट ने कैबिनेट मंत्री के आरोपों को बताया सही**

इसके बाद, मंत्री ने हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने उनके आरोपों को सही ठहराते हुए सीजेएम कोर्ट को आईपीसी की धारा 500 के तहत मानहानि का केस चलाने के आदेश दिए। 7 जुलाई 2025 को सूरत नेगी को इस मामले में सीजेएम कोर्ट में पेशी थी, लेकिन वह स्वयं उपस्थित नहीं हुए और अपने वकील को भेजा, अब कोर्ट ने उन्हें 18 अगस्त 2025 को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। दूसरा मामला वर्ष 2020 का है, जब सूरत नेगी ने एक बार फिर कैबिनेट मंत्री पर विधायक रहते हुए गलत तरीके से किन्नौर का दौरा कर टीए, डीए बनाने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिससे मंत्री नेगी की छवि को राजनीतिक तरीके से धूमिल करने का प्रयास किया गया।

**अब दोनों मामलों में बतौर आरोपी चलेंगे केस**

अमर चंद नेगी ने पुष्टि की कि अब इन दोनों मामलों में सूरत नेगी का केस बतौर आरोपी सीजेएम कोर्ट में चलेगा। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त को कैबिनेट मंत्री और उनके गवाहों की सीजेएम कोर्ट में गवाही होगी।

इस मामले में भी मंत्री ने सीजेएम कोर्ट रिकांगपिओ में मुकदमा दर्ज कराया था। सीजेएम कोर्ट ने 26 अप्रैल 2022 को इस मामले में भी सूरत नेगी को कोर्ट बुलाने लायक नहीं बताया। इसके बाद, नेगी ने दोबारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने इस मामले में भी आईपीसी की धारा 500 के तहत मानहानि का मामला दर्ज कर सीजेएम कोर्ट रिकांगपिओ को वापस भेजा है और नेगी के आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विनय कुमार आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 11 व 12 जुलाई को सिरमौर प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे गत्ताधार में जनता से मिलकर क्षेत्र का जायजा लेंगे।

### गुरु पूर्णिमा के महत्व की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कॉलेज कम अस्पताल कुमारहट्टी सोलन में गुरु पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी गई। विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. किरण कुमार, डॉ. मदन कोशिका, डॉ. विजय कुमार, डॉ. राजिंदर नेगी और सभी प्रशिक्षु डॉक्टरों की उपस्थिति में डॉ. सुरेश को सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप ने डॉ. सुरेश का तिलक अभिषेक कर उन्हें गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। इस दौरान प्रशिक्षु डॉक्टरों को गुरु पूर्णिमा के महत्व की जानकारी दी गई।

### मनीष ने डीसी को रोटरी क्लब के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रोटरी क्लब के नवनियुक्त प्रधान मनीष जैन अपनी नई टीम के साथ डीसी प्रियंका वर्मा से मिले। मनीष ने डीसी को रोटरी के बारे में बताया और सामाजिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। प्रियंका वर्मा ने रोटरी की नई टीम को शुभकामनाएं दीं व हर सहायता के लिए आश्वासन दिया। इस मौके पर सुरेंद्र सैनी, अशोक सिकंद, सचिन चावला, रमन चंग, दिलजित सिंह, अमन सभरवाल, आरिफ अब्बास व प्रधान मनीष जैन और सचिव भविष्य गौतम उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में प्रयोग की जाने वाली वर्दी दी

**संजय राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** निदेशालय महिला एवं बाल विकास के अधीन बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद में वीरवार को एक अनूठी पहल प्रारंभ की गई। इसमें आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को अभिभावकों की सहभागिता से ड्रेस कोड लागू करने का प्रयास किया गया। दीपक चौहान, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पच्छाद ने बताया कि उनका विभाग वर्ष 1975 से बच्चों को खेल-खेल द्वारा शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिए प्रयासरत है। इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने शुरू हो गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में लगने के लिए सहायिका की न्यूनतम शिक्षा 10+2 की गई है, ताकि कार्यकर्ता की अन्य विभागीय गतिविधियों में संलिप्तता होने के कारण सहायिका शाला पूर्व शिक्षा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहे, लेकिन विगत कुछ वर्षों से कुकुरमुत्तों की तरह निजी स्कूलों एवं किंडर गार्टन, प्ले स्कूलों के खुलने से आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व शिक्षा के बच्चों में लगातार गिरावट आई है। ऐसे निजी शिक्षण संस्थानों को प्रतिस्पर्धा देने के उद्देश्य से बाल विकास परियोजना पछाद के नैनटिककर -2 अधीन आंगनबाड़ी केंद्र गढ़शाया में पायलट आधार पर केंद्र में आने वाले 7 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में प्रयोग की जाने वाली वर्दी अभिभावकों की उपस्थिति में वितरित की गई। इसको पाकर बच्चे एवं अभिभावक प्रसन्न एवं उत्साहित हुए। इसका प्रयोग करने का उद्देश्य बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों में संख्या बढ़ाना है।

### सैनिक कीट के नियंत्रण के लिए समितियां गठित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले में मक्की की फसल में लगने वाले सैनिक कीट के संभावित नियंत्रण के लिए जिला व खंड स्तर पर नियंत्रण समिति का गठन किया गया है। यह जानकारी कृषि विभाग सोलन के उपनिदेशक डॉ. देव राज कश्यप ने दी। डॉ. देव राज कश्यप ने कहा कि यह नियंत्रण समिति किसानों को मक्की की फसल में लगने वाले सैनिक कीट की निगरानी एवं नियंत्रण में सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सोलन क्षेत्र के लिए जिला कृषि अधिकारी डॉ. अरुण कुमार के मोबाइल नंबर 94186-13213 तथा कंडाघाट के लिए कीट वैज्ञानिक डॉ. अनुराग शर्मा के मोबाइल नंबर 98170-55814 व 98179-55814 पर संपर्क किया जा सकता है। डॉ. देव राज कश्यप ने कहा कि खंड स्तरीय नियंत्रण समिति में सोलन क्षेत्र के लिए विषय विशेषज्ञ डॉ. जोगिंद्र पाल के मोबाइल नंबर 82197-70677 तथा कृषि विज्ञान अधिकारी डॉ. किरण कौशल के मोबाईल नंबर 70181-83384, कंडाघाट क्षेत्र के लिए विषय विशेषज्ञ डॉ. अंजलि के मोबाइल नंबर 89008-36205 पर संपर्क किया जा सकता है।

## गुरु पूर्णिमा पर श्री रेणुकाजी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी।** उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शुमार श्री रेणुकाजी में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा का भव्य निर्वहन हुआ। वीरवार को तीर्थ स्थल के सभी आश्रमों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरु चरणों में अपनी श्रद्धा और आस्था अर्पित की। इस अवसर पर कई अनुयायी हिमाचल ही नहीं, बल्कि बाहरी राज्यों से भी श्री रेणुकाजी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पावन रेणुका झील में आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना की। आदि उदासीन बड़ा अखाड़ा निर्वाण आश्रम में महंत रेनेंद्र मुनि महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने गुरु वंदना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान गुरु भक्ति का महत्व और जीवन में गुरु की भूमिका पर भी विशेष ज्ञानवर्धक विचार साझा किए गए।

# बिजली उपमंडल पनोग को मिला 25 लाख का भवन

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल प्रदेश के उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने तीन दिवसीय सिरमौर प्रवास के दौरान शिलाई विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी। उन्होंने लाधी क्षेत्र की पनोग पंचायत में 25 लाख की लागत से निर्मित 33 केवीए सब स्टेशन के लिए बने बिजली उपमंडल भवन का लोकार्पण किया।

पनोग पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि यह नया बिजली उपमंडल कार्यालय शिलाई विधानसभा के लाधी क्षेत्र सहित कुल 20 पंचायतों के लगभग सात हजार बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि पनोग में स्थापित 33 केवीए सब स्टेशन कांग्रेस सरकार की देन है, जिसने लाधी और हरिपुरधार क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान किया है। मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आरबीएस स्कीम के तहत सिरमौर के लिए लगभग 155 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

इस योजना से जिले में बिजली से वंचित क्षेत्रों और लो-वोल्टेज की समस्या का निराकरण होगा। इसके तहत, शिलाई विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग 175 नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे, जिसका लाभ शिलाई के साथ-साथ पांवटा साहिब और राजगढ़ के कुछ हिस्सों को मिलेगा।

## राजगढ़ के एनसीसी कैडेटों का नौणी कैंप में दबदबा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्रथम एनसीसी बटालियन सोलन द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का समापन गत दिवस बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में हुआ। इस शिविर में पीएमश्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़ के छात्रों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। विद्यालय के देवांश आर्य को सर्वश्रेष्ठ कैडेट के खिताब से सम्मानित किया गया, जबकि थल सेना कंपनी कैंप के लिए चुने गए तीनों कैडेट भी इसी विद्यालय से हैं। इन चयनित कैडेटों में गिरीश कुमार, अदिति शर्मा और वंशीता शामिल हैं। विद्यालय के एनसीसी प्रभारी सोहन सिंगटा ने बताया कि थल सेना कैंप के लिए सिर्फ तीन छात्रों का चयन होता है और इस बार सौभाग्य से तीनों स्थान आदर्श विद्यालय राजगढ़ के छात्रों ने प्राप्त किए हैं।

# मोटरसाइकिल की बैटरी टायर चोरी का आरोपी धरा

अनंत ज्ञान, अर्की

अर्की निवासी शंभू यादव ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह ब्लू स्टार स्कूल के समीप किराये के कमरे में अपने परिवार सहित रहता है।

इनके पास दो मोटरसाइकिल व एक छोटा हाथी है। 6 जुलाई को इन्होंने अपने छोटे हाथी व दोनों मोटरसाइकिल को किराये के कमरे के समीप खड़े किया था। 7 जुलाई को जब यह व उनका भाई काम पर जाने लगे, तो देखा कि मोटरसाइकिल की बैटरी व अगला टायर और छोटे हाथी की बैटरी मौजूद न थी, जिसे कोई नामालूम शख्स चोरी करके ले गया है। इस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के पंजीकृत होने के उपरांत पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए



आरोपियों की तलाश शुरू कर दी तथा तलाश के दौरान उक्त मामले में संलिप्त आरोपी धर्मेंद्र ठाकुर पुत्र सुरेश कुमार निवासी वार्ड नंबर-2 तहसील अर्की, जिला सोलन उम्र 35 वर्ष को 9 जुलाई को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी हुए सामान बेटरी व टायर को बरामद कर लिया गया है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है ।

# लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ मनाया वन महोत्सव

अनंत ज्ञान, अर्की

अर्की के लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम की थीम के तहत वन महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

झइस पहल का उद्देश्य छात्रों, उनके परिवारों और प्रकृति के बीच एक गहरा संबंध स्थापित करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पीएल गुप्ता द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित प्रत्येक स्काउट और गाइड को एक पौधा भेंट किया रहा। गुप्ता ने छात्रों से इन पौधों को अपने घरों में अपने परिवार के साथ लगाने व उनका पोषण करने का आग्रह किया, जिससे जिम्मेदारी और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना पैदा हो सके। एक पेड़ मां के नाम थीम द्वारा माताओं और पेड़ों दोनों के पोषण और जीवन देने वाले गुणों पर जोर दिया गया।

इस आयोजन ने पौधरोपण प्रयासों में पर्यावरणीय चेतना और सामुदायिक भागीदारी को सफलतापूर्वक प्रोत्साहित किया, जिससे लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों और कर्मचारियों पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा।


लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम की थीम के तहत वन महोत्सव मनाते हुए।

## मेडिकल बिलों के अदायगी की मांग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुख्य सलाहकार कमल ठाकुर ने की। बैठक में हाल ही में आई आपदा में लापता व बेघर हुए परिवार के सदस्यों के प्रति दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसोसिएशन ने बेघर हुए परिवार के सदस्यों को मदद करने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि एसोसिएशन ने बिजली बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया कि 1 जनवरी, 2016 के बाद के एरियर की अदायगी के साथ महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाए। इसके अलावा बिलासपुर डिवीजन के एक्सइएन से आग्रह किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मेडिकल बिल की अदायगी तुरंत की जाए। एसोसिएशन ने बिजली बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया कि वह सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान दें और उनकी समस्याओं का समाधान करें।

## आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन कुनिहार में टाइम टू फ्लाई कार्यक्रम आयोजित

# शुभम बेस्ट स्टूडेंट, पंकज व वंदना वालंटियर


आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन कुनिहार में विदाई पार्टी टाइम टू फ्लाई एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मिस्टर और मिस चुने प्रतिभागी।

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

**अर्की।** आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन कुनिहार में विदाई पार्टी टाइम टू फ्लाई एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज की प्रधानाचार्य किरण बाला ने की।

समारोह दीप प्रज्वलन और मंत्र उच्चारण से शुरू किया गया। कॉलेज प्रवक्ता जयपाल सिंह ने बताया कि समारोह को दो चरणों में विभाजित किया गया था। पहले चरण में बीएड प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दौरान मिस व मिस्टर फेयरवेल, मिस व मिस्टर पर्सनालिटी, मिस व मिस्टर रनरअप ने लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बीएड द्वितीय वर्ष के सभी प्रशिक्षुओं ने रैंप वॉक में भाग लिया।

प्रतियोगिता में तनीषा नेगी व हिमांशु को मिस व मिस्टर फेयरवेल चुना गया। रक्षंदा और अंकुश को मिस व मिस्टर पर्सनालिटी और कृतिका मिस व हर्ष मिस्टर रनरअप चुने। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया। आरती ने एकल नृत्य, आंचल और पंकज के युगल गीत व अंकिता व समूह द्वारा पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रधानाचार्य ने शैक्षिक व गैर-शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। इस दौरान पूरे सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर शुभम को बेस्ट स्टूडेंट्स बीएड प्रथम वर्ष से, बेस्ट वालंटियर पंकज व वंदना, बीएड द्वितीय वर्ष से गीतांजलि व हर्ष गौतम को चुना गया। प्रधानाचार्य ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अंकिता, शिवानी, राजन मंजू, पूजा, कल्पना, आशा, लवली सहित अन्य कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

# एचपीटीडीसी के 14 होटलों का संचालन निजी हाथों में देना तर्कसंगत नहीं : विवेक

अनंत ज्ञान, सोलन

- कहा- पर्यटन विभाग की 32 संपत्तियां खतरे में हैं
- रघुवीर सिंह बाली को अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश एचपीटीडीसी के होटलों को बेचने का नया फरमान गत सामने आया है, जो कि तर्कसंगत नहीं है।

इसमें प्रदेश के 14 प्रतिष्ठित होटल के संचालन व रखरखाव के नाम पर प्रस्ताव 28 जून की कैबिनेट में पास हो गया था। इसकी जानकारी को भी सार्वजनिक नहीं किया गया व प्रदेश की जनता से छुपाया गया और यह सीधे तौर पर हिमाचल प्रदेश में संवैधानिक संकट को दर्शाता है। शर्मा ने सवाल उठाया कि कैबिनेट ब्रीफिंग में इसकी जानकारी मीडिया को क्यों नहीं दी गई और अब एमडी टूरिज्म को कॉर्पोरेशन की बीओडी में प्रस्ताव पारित करने के लिए दबाव डाला जा रहा है, जबकि एचपीटीडीसी अपेक्स बॉडी है। स्वायत्तता प्राप्त संस्थान है सभी निर्णय लेने के लिए संवैधानिक तौर पर अधिकृत है, उस पर दबाव डालना गैर कानूनी है। यह आदेश उस समय और भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं, जब पूरा प्रदेश आपदा प्रभावित क्षेत्र की ओर देख रहा हो। मीडिया का ध्यान भी आपदा राहत की ओर है। ऐसे समय में सचिवालय से निकली आपदा एचपीटीडीसी पर आ गई है और यह प्रमाण पत्र कांग्रेस की अंतर्कलह का है, जिस पर रघुवीर सिंह बाली को अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए, अगर सब कुछ सामान्य है, तो पहले एचपीटीडीसी की गर्वनिंग बॉडी सरकार को प्रस्ताव भेजती। 22 नवंबर को एकल पीठ ने 18 होटल में से 9 होटलों को 31 मार्च, 2025 तक चलाने की अनुमति दी थी, लेकिन जिन 18 होटल को बंद करने का फरमान सरकार ने पूर्व में सुनाया था, यह 14 होटल उनसे अतिरिक्त हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग की 32 संपत्तियों खतरे में हैं।



**परेशानी** लोगों की बढ़ी समस्या, ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान निकालने की मांग

# अंबुजा कंपनी को जाने वाली सड़क पर हो रहा ट्रैफिक जाम

आशीष, अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में अदाणी समूह की अंबुजा कंपनी को जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या आए दिन बढ़ रही है।

कई दिनों से यह समस्या राहगीरों सहित ट्रक चालकों की परेशानी का सबब बन गई है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दाड़लाघाट अंबुजा चौक को पार करते हुए स्यार तक लगभग एक किलोमीटर नेशनल हाईवे-205 तक जाम पहुंच जाता है। लोगों में राम कृष्ण शर्मा, जीत राम बिट्ठू, नरेश शर्मा, जय देव ठाकुर आदि का कहना है कि कंपनी की सिक्योरिटी ट्रैफिक पर नियंत्रण रखती है, लेकिन वह इस समस्या का समाधान ठीक से नहीं कर पाते हैं। लोगों ने कहा कि कंपनी को इस समस्या का समाधान निकालने के लिए कुछ कदम उठाने चाहिए, जैसे कि ट्रकों को अलग से पार्किंग की व्यवस्था करना या ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सिक्योरिटी की व्यवस्था करना। उन्होंने कहा कि कंपनी में सीमेंट की गाड़ी लोड करने की व्यवस्था ठीक नहीं है, जिससे चालकों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है।


चालकों ने सुल्ली गेट में एकत्रित होकर जाम की समस्या को लेकर निकाला गुस्सा।

इससे उन्हें परेशानी होती है और उनकी गाड़ियों की बैटरी भी खराब हो रही है। कंपनी सीमेंट व क्लिंकर की डिमांड देती है और डिस्पेच पूरा करती है, लेकिन गाड़ियों को लोड करने में देरी होती है। गाड़ियों को लोड करने के लिए चालकों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे वे परेशान हो जाते हैं। चालकों को रात भर गाड़ियों में बार-बार सेल्फ लगाने से बैटरी पर भी फर्क पड़ता है, जिससे ट्रक ऑपरेटर्स को ज्यादा नुकसान हो रहा है। ऑपरेटर्स का कहना है कि गाड़ियों की बैटरी सेल्फ काफी चलती थी, वो अब पांच से छह महीनों में खत्म हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या के कारण उनके दैनिक जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वे अपने कामों पर समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं और उनके व्यवसाय पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मांग की है कि अंबुजा को जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान निकाला जाए। उधर,

> **डीएसपी** संदीप शर्मा का कहना है कि इस बारे में अंबुजा प्रबंधन को कहा जाएगा, अगर वह इस बारे में जल्द ही कार्रवाई नहीं करते हैं, तो जो भी उचित कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

चालक संघ के चालकों ने अपना गुस्सा सुल्ली गेट में एकत्रित होकर जाम की समस्या को लेकर निकाला। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या होने से चालकों को गाड़ी लोड करने में परेशानी हो रही है, जिससे उन्हें गाड़ियों में ही 3 से 4 दिन तक लाइनों में लगे रहने पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द होना चाहिए। स्थानीय लोगों और चालकों को उम्मीद है कि प्रशासन और कंपनी उनकी बात सुनेंगे और समस्या का समाधान करेंगे। दाड़लाघाट क्षेत्र में बार-बार ट्रैफिक जाम की स्थिति होने से सबसे बड़ी समस्या तब उत्पन्न होती है, जब किसी रोगी को ले जा रही एंबुलेंस ट्रैफिक जाम में फंस जाती है। इससे रोगी को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है।

## ददाहू में महिला समिति का अधिवेशन आयोजित

# बसों के बढ़ते किराये पर जताया विरोध, नई संघर्ष समिति गठित

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान



**नाहन।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का अधिवेशन ददाहू में संपन्न हुआ। इसमें सार्वजनिक परिवहन के किराये में वृद्धि के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया।

महिला समिति ने इसे आम जनता, खासकर ग्रामीण और मजदूर वर्ग पर अतिरिक्त बोझ बताया और सरकार से बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग की। अधिवेशन के दौरान एक नई महिला संघर्ष समिति का गठन भी किया गया। इसमें सुनीता शर्मा को अध्यक्ष, सीमा को सचिव, कमला को उपाध्यक्ष और पूनम, अनिता, सुनीता तथा संगीता को सह-सचिव नियुक्त किया गया। समिति में कुब्जा देवी, बसंती, मधुर चौधरी, रेणु, कमला, नीशा और कृष्णा जैसी कई सक्रिय सदस्य भी शामिल की गई हैं। समिति की पूर्व राज्य अध्यक्ष संतोष कपूर, जिला सचिव अमिता चौहान, कोषाध्यक्ष आशा शर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा और लोकल कमेटी अध्यक्ष कुब्जा देवी सहित अन्य पदाधिकारी भी अधिवेशन में मौजूद रहीं। उन्होंने मिलकर यह संकल्प लिया कि किराया बढ़ोतरी, महंगाई और अन्य जनहित मांगों को लेकर संघर्ष को गांव-गांव तक ले जाया जाएगा। महिला समिति ने कहा कि किराया वृद्धि आम आदमी के हितों पर सीधा हमला है। जनहस्ताक्षर अभियान के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाया जाएगा और यदि मांगें पूरी नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है। उन्होंने प्रदेश भर की महिलाओं से इस अभियान में भाग लेने का आह्वान किया।




# पंजाब में नशे के खिलाफ पुलिस तेज करेगी अभियान

## डीजी-एनसीबी अध्यक्ष के बीच हुई हाई लेवल मीटिंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब में नशे के खिलाफ छेड़े गए 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गुरुवार को पंजाब पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में एनसीबी के महानिदेशक (डीजी) अनुराग गर्ग और पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव व बड़े अधिकारियों ने भाग लिया।

**बोले मिलकर करेंगे रियल टाइम ऑपरेशन**

बैठक का उद्देश्य राज्य में ड्रग्स के नेटवर्क को तोड़ने के लिए वास्तविक समय की खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान, संयुक्त कार्रवाई और नार्को टेररिज्म व फाइनेंशियल टेररिज्म जैसी खतरनाक गतिविधियों पर शिकंजा कसने की रणनीति को साझा करना रहा।

बैठक में फैसले लिए कि पंजाब पुलिस और एनसीबी आपस में रीयल-टाइम इंटेलिजेंस शेयर करेंगी, ताकि ड्रग तस्करों की पहचान, ठिकानों और गतिविधियों की जानकारी तुरंत एक-दूसरे तक पहुंचे।

संयुक्त छापेमारी और ऑपरेशन किए जाएंगे, ताकि प्रदेश में सक्रिय छोटे-बड़े तस्करों और सप्लाई चेन को जड़ से खत्म किया जा सके। नार्को टेररिज्म, यानी नशे के जरिए आतंकवाद को फंडिंग देने वाले नेटवर्क पर विशेष फोकस किया जाएगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि पंजाब में ड्रग सिंडिकेट चलाने वाले जो बड़े मास्टरमाइंड विदेशों में बैठे हैं, उनके खिलाफ प्रत्यर्पण और देश निकाला की कार्रवाई को तेज किया जाएगा। डीजी एनसीबी अनुराग गर्ग ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार और एनसीबी की ओर से इस दिशा में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि इन गुनहगारों को भारत लाकर कानून के कटघरे में खड़ा किया जा सके।

## पानीपत में अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित एक दबोचा

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस टीम ने एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विजय नगर निवासी शिव भगत के रूप में हुई है। एंटी व्हीकल थेप्ट प्रभारी सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि टीम गश्त के दौरान उग्राखेड़ी की तरफ आने वाले रास्ते पर मौजूद थी। टीम को तभी सूचना मिली की एक युवक जिसके पास अवैध हथियार है। वह बाइक पर सवार होकर उग्राखेड़ी गांव से सनौली रोड की तरफ आएगा। पुलिस टीम ने उग्रा खेड़ी गांव से सनौली रोड पर आने वाले रास्ते पर नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात सामने से एक युवक बाइक पर आते हुए दिखाई दिया। युवक को नाके पर रोककर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान शिव भगत निवासी विजय नगर भौला चौक के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उसकी पेंट की जेब से 32 बौर का एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। देसी पिस्तौल की मैग्जीन निकालकर जांच की तो चार जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह इसे यूपी के सहारनपुर लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गुरुवार को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# मेयर ने प्रशासक से की चंडीगढ़ में भूमि पूलिंग नीति लागू करने की मांग



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने वीरवार को पंजाब राज भवन में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। उनके साथ एमसी पार्षद सतींद्र सिंह सिद्धू, बिमला दुबे, गुरचरणजीत सिंह, जीत सिंह बेहलेना और बल कृष्ण राणा भी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मेयर एवं पार्षदों ने प्रशासक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें चंडीगढ़ के लिए हरियाणा और दिल्ली की तर्ज पर भूमि पूलिंग नीति तैयार करने और लागू करने की मांग की गई। प्रतिनिधियों ने शहर पर बढ़ते शहरी दबाव और संगठित भूमि अधिग्रहण तंत्र की अनुपस्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भूमि पूलिंग नीति एक निष्पक्ष, पारदर्शी और सहभागी ढांचा प्रदान करेगी, जिससे जमीन मालिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे और सारंगपुर, धनास, मनीमाजरा, डडूमाजरा, मलोया तथा अन्य परिधीय गांवों में योजनाबद्ध शहरी विकास को गति मिलेगी।

चंडीगढ़ के लिए विशेष भूमि पूलिंग नीति का मसौदा तैयार करना, भूमि मालिकों, पंचायतों और किसान समूहों के साथ सार्वजनिक परामर्श, पुनर्वास, पारदर्शिता और न्यायसंगत भूखंड वितरण की व्यवस्था व समयबद्ध क्रियान्वयन की कार्य योजना प्रमुख मांगें शामिल थीं। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने आशा व्यक्त की कि प्रशासक इस प्रगतिशील प्रस्ताव को गंभीरता से लेंगे और चंडीगढ़ में समावेशी विकास व जिम्मेदार शहरी विस्तार सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएलओ व वोटर हेल्पलाइन ऐप के उपयोग पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चंडीगढ़ के कार्यालय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में 7 से 11 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारियों एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रियाओं के प्रबंधन में बीएलओएस की क्षमता और दक्षता को सुदृढ़ करना है। क्षेत्र के लगभग 650 बीएलओएस और बीएलओ पर्यवेक्षक इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है, जैसे मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूची का रख-रखाव, मतदाता डेटा का सत्यापन और मतदान केंद्र की सुगमता। प्रतिभागियों को मतदाता शिकायतों के समाधान तथा मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाने के तरीकों पर भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किया गया प्रशिक्षण मॉड्यूल सैद्धांतिक और व्यवहारिक दोनों प्रकार के सत्रों को सम्मिलित करता है। इसमें विशेष रूप से बीएलओ ऐप और वोटर हेल्पलाइन ऐप जैसे डिजिटल टूल्स के उपयोग पर बल दिया गया है। बीएलओ की निर्णय क्षमता को परखने और सुधारने के लिए यथार्थ-आधारित परिदृश्यों पर आधारित सिमुलेशन अभ्यास भी आयोजित किया गया है।

### कागज का पुनः उपयोग कर थैले बनाना सीखा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्लास्टिक को न कहने और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ ने 'प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़' अभियान के तहत शहर के स्कूलों में विशेष पांच दिवसीय कार्यशाला श्रृंखला शुरू की है। इस अभियान की पहली कार्यशाला गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर 38-बी में प्रसंचेतस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने पुराने अखबारों और कागज का पुनः उपयोग कर कागज के थैले बनाना सीखा। इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों ने जाना कि छोटे-छोटे कदम कैसे पर्यावरण की रक्षा में सहायक हो सकते हैं। नगर निगम और फाउंडेशन की टीम ने छात्रों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और खरीददारी के समय कागज, कपड़े या जूट के थैले अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागी छात्रों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए और उन्हें 'स्वच्छता चैंपियन' बनकर स्वच्छ और हरित जीवन का संदेश अपने दोस्तों और परिवारों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल के बारे में बोलते हुए नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने बताया कि यह कार्यशालाएं 16 जुलाई तक वर्ल्ड पेपर बैग-डे के अवसर पर चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएंगी।

# एमसी कमिश्नर ने सरकारी स्कूल का दौरा कर बच्चों से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने वीरवार को गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 23-ए का दौरा किया। उन्होंने स्कूल के बुनियादी ढांचे, उपलब्ध सुविधाओं और छात्रों की भागीदारी की समीक्षा की। स्कूल प्रिंसिपल रिपजोत कौर, शिक्षकों और छात्रों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

दौरे के दौरान कमिश्नर ने कक्षाओं में जाकर शिक्षकों और छात्रों से संवाद किया तथा पढ़ाई और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों को मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उपयोगी सुझाव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि वे एक उज्ज्वल और संतुलित भविष्य बना सकें।

उन्होंने स्कूल में उपलब्ध मल्टीमीडिया स्मार्ट क्लास रूम्स का भी निरीक्षण किया और शिक्षण में तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रशासन से अनुरोध किया कि वे आधुनिक शिक्षा प्रणाली को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए मल्टीमीडिया अवसंरचना को मजबूत करने की योजना बनाएं।

# आईआरसीटीसी ने शुरू की 'दक्षिण दर्शन यात्रा'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** देशभर में धार्मिक एवं तीर्थ पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से एक अनूठी तीर्थयात्रा पैकेज 'दक्षिण दर्शन यात्रा' शुरू की गई है। यह 13 दिन और 12 रात की यात्रा 28 जुलाई को पठानकोट से आरंभ होगी और श्रद्धालुओं को दक्षिण भारत के सात पवित्र स्थलों की यात्रा का आध्यात्मिक अवसर प्रदान करेगी, जिनमें रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी, मरकापुर और तिरुपति शामिल हैं। इस पैकेज में कन्फर्म ट्रेन टिकट, ट्रेन में एवं बाहर शाकाहारी भोजन, एसी/नॉन-एसी होटलों में ठहरने की व्यवस्था, स्थानीय परिवहन, गाइडेड ट्रांसफर, यात्रा बीमा, एक समर्पित टूर मैनेजर, सुरक्षा कर्मी तथा अन्य सुविधाएं शामिल हैं। यात्रा के लिए इकोनॉमी (स्लीपर क्लास), स्टैंडर्ड (थर्ड एसी) और कंफर्ट (सेकंड एसी) श्रेणियों में विभिन्न मूल्य विकल्प उपलब्ध हैं। पठानकोट, जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत जंक्शन, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा तथा ग्वालियर स्टेशनों से बोर्डिंग और डीबोर्डिंग की सुविधा उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी एवं बुकिंग के लिए श्रद्धालु *www.irctctourism.com* पर विजिट कर सकते हैं।

# सेवा केंद्र में अनुशासनहीनता पर एमसी कमिश्नर सख्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सेवा केंद्र, सेक्टर-25 में पार्षद कक्ष में चार एमसी कर्मचारियों द्वारा शराब पीने की घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने तत्काल संबंधित जूनियर इंजीनियर को तलब किया। वीरवार दोपहर वह व्यक्तिगत रूप से आयुक्त कार्यालय में उपस्थित हुआ और अपना पक्ष रखा। उसे निर्देश दिए गए हैं कि वह स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई एकतरफा रूप से शुरू की जाएगी।

अमित कुमार ने 9 जुलाई को सेक्टर-25 स्थित सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने चार कर्मचारियों को कार्यालय परिसर में शराब का सेवन करते हुए पाया। यह कृत्य सेवा नियमों और सरकारी कर्मचारियों से अपेक्षित आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन है।

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि संबंधित जूनियर इंजीनियर, जो सेवा केंद्र का प्रभारी है और प्रबंधन तथा देख-रेख का जिम्मेदार है, इस अनुशासनहीनता को रोकने में विफल रहा। उसकी यह निष्क्रियता घोर लापरवाही और कर्तव्य की उपेक्षा मानी गई है, जो एक पर्यवेक्षी पदाधिकारी से अपेक्षित मानकों के विरुद्ध है।

उन्होंने दोहराया कि सरकारी परिसरों में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए गए किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अफगानिस्तान में 6 साल की बच्ची की शादी

**एजेंसी, काबुल।** अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में 6 साल की एक बच्ची की शादी 45 साल के एक व्यक्ति से कर दी गई। अमेरिका स्थित एक अफगान आउटलेट की रिपोर्ट के मुताबिक शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद खुद तालिबान अधिकारी हैरान रह गए और बच्ची को उसके ससुराल ले जाने से रोक दिया। हालांकि, तालिबान अफसरों ने यह भी कहा कि जब वह 9 साल की हो जाएगी, तब उसे पति के घर भेजा जा सकता है। दूल्हे ने बच्ची के परिवार को पैसे देकर यह रिश्ता तय करवाया। शादी हेलमंद के मर्जा जिले में हुई। इसके बाद पुलिस ने बच्ची के पिता और दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अब तक किसी पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### 1998 के कोयंबटूर बम धमाके का आरोपी अरेस्ट

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में वार्षिक रथयात्रा के दौरान भगदड़ मामले की जांच के दौरान जन सुनवाई हो रही है। बता दें कि भगदड़ में तीन लोगों की मौत हुई थी, जबकि 50 अन्य घायल हुए थे। बीते 29 जून को हुई इस दुखद घटना की प्रशासनिक जांच का जिम्मा विकास आयुक्त अनु गर्ग को सौंपा गया है। भगदड़ कैसे हुई और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? राज्य सरकार ने उन्हें इन बिंदुओं पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। बुधवार को जन सुनवाई में सत्रह व्यक्ति/संगठन शामिल हुए। सभी लोगों ने अपने बयान दर्ज कराए। ऐसी ही सुनवाई वीरवार दोपहर तीन बजे से पुरी के विशेष सर्किट हाउस में होगी। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने ब्राजील पर लगाया 50 फीसदी टैरिफ

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीरवार को ब्राजील से आयात होने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसे लेकर उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक लेटर शेयर किया। इसमें उन्होंने ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति और अपने दोस्त जायर बोल्सोनारो के खिलाफ चल रहे मुकदमे की निंदा की। ट्रंप ने कहा कि बोल्सोनारो के खिलाफ चल रहा मुकदमा ब्राजील के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी है, यह एक तरह विच हंट (बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाना) है। बोल्सोनारो पर 8 जनवरी, 2023 को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में हुए दंगों के लिए कथित रूप से तख्तापलट की कोशिश का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

### मलेशिया में पुलिस का हेलिकॉप्टर नदी में गिरा

**एजेंसी, कुआलालंपुर।** मलेशिया के जोहोर राज्य में एक पुलिस हेलिकॉप्टर आपात लैंडिंग के दौरान सीधे नदी में जा गिरा। यह हादसा सुंगाई पुलाई इलाके में हुआ। उस वक्त हेलिकॉप्टर नियमित सैन्य अभ्यास में शामिल था। हेलिकॉप्टर में सवार पांचों क्रू मेंबर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी घायल अफसरों को जोहोर बारू के सुल्ताना अमीना अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलेशिया की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा है कि हादसे की जांच एयर एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो करेगा। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# दिल्ली-एनसीआर में आफत की बारिश, घरों में घुस गया पानी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में बीते करीब 14 घंटे से तेज बारिश जारी है। बुधवार शाम हुई बारिश के बाद से ही दिल्ली और गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। कई इलाकों में लोग तक पानी में डूब गए। घरों में पानी भर गया है। वहीं, उत्तराखंड में बारिश के चलते कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है।

दिल्ली और गुरुग्राम में वीरवार को बारिश का अलर्ट है। बुधवार शाम हुई तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया।

गुरुग्राम सेक्टर 6 में शीतला माता मंदिर के पास गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। लोग तक पानी में डूब गए। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे के नरसिंहपुर के नजदीक सर्विस लेन पर 2 फुट तक पानी जमा हो गया। दिल्ली और गुरुग्राम में आज भी बारिश का अलर्ट है। (अनंत ज्ञान)

## वडोदरा हादसा: 4 और शव बरामद

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात में वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद महिसागर नदी से 15 शव निकाले जा चुके हैं। वीरवार को 4 शव मिले, जबकि 13 बुधवार को ही बरामद हो चुके थे। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। अभी भी 4 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश जारी है। महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था। चलते ट्रैफिक के बीच पुल टूट जाने से दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा नदी में गिर गया था। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया था। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। इसके टूटने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड से सौराष्ट्र पहुंचना मुश्किल हो गया है। अब इसके लिए अहमदाबाद होकर जाना होगा। (अनंत ज्ञान)

# खामेनेई के सलाहकार ने ट्रंप को दी ड्रोन हमले की धमकी

**एजेंसी, तेहरान**





ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी। लारीजानी ने एक टीवी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। वहीं, ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते। बता दें कि अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। (अनंत ज्ञान)

### 'लारीजानी का बयान क्राउड फंडिंग से जुड़ा'

**लारीजानी** के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में ब्लड पैक्ट नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। यह अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है, जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है।

## यमन में भारतीय नर्स के फांसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट वीरवार को यमन में मौत की सजा पाई केरल की नर्स निमिषा प्रिया मामले की सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है। याचिका में केंद्र सरकार को राजनयिक दखल करने का निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच इस मामले पर अब 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को फांसी दी जाएगी। पिछले साल यमन के राष्ट्रपति राशद अल-अलीमी ने उनकी मौत की सजा को मंजूरी दी थी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत सरकार मामले पर नजर रखे हुए है और यमन के अधिकारियों और निमिषा के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है। निमिषा 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है।

निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना पर चलेगा मुकदमा



**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध मामले में आरोप तय किया है। हसीना के अलावा देश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी मामून को सह आरोपी बनाया गया है। दरअसल, बांग्लादेश में 5 जून, 2024 को बांग्लादेश हाईकोर्ट ने जॉब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। इसके बाद छात्र हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस हिंसा के दौरान लगभग 1,400 नागरिक मारे गए थे, जिसके लिए शेख हसीना को जिम्मेदार ठहराया गया है। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलों से किया हमला

## यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की रूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**एजेंसी, कीव**



रूस ने वीरवार सुबह यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलों से हमला किया। इन हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। पिछले एक हफ्ते में रूस ने यूक्रेन पर तीसरी बार हमला किया है।

कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि मलबे से कई इमारतों, गैरेज और एक पेट्रोल स्टेशन में आग लग गई। यह हमला रूस के हाल के बड़े हमलों में से एक है, जिसने यूक्रेन की हवाई रक्षा पर दबाव बढ़ा दिया है। जेलेंस्की रोम में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, जहां रूस पर नए प्रतिबंधों पर चर्चा होगी। (अनंत ज्ञान)

### हैदराबाद में मिलावटी ताड़ी पीने से 4 लोगों की मौत, 37 बीमार

**एजेंसी, हैदराबाद।** हैदराबाद में मिलावटी ताड़ी पीने से एक के बाद एक लोगों की तबीयत बिगड़ने की घटनाएं सामने आई हैं। अब तक इस मामले में 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। शुरुआती जांच में शक जताया गया है कि ताड़ी में मिलावट की गई थी। पुलिस ने चार संदिग्ध मौतों का केस दर्ज किया है और पूरी घटना की जांच के लिए सबूत जुटाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल गिरफ्तार

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ चल रहे विद्रोह (बगावत) के मुकदमे में बड़ा मोड़ आया है। यून को सैन्य शासन लागू करने की नाकाम कोशिश के आरोप में तड़के गिरफ्तार किया गया, जिसके कुछ ही घंटों बाद वीरवार को उनकी सुनवाई होनी थी। लेकिन पहली बार वे कोर्ट में पेश नहीं हुए। उनके वकीलों ने उनकी गैरहाजिरी की वजह स्वास्थ्य कारणों को बताया है। (अनंत ज्ञान)

## गिरावट — आईटी और दूरसंचार शेयरों में कमजोरी के कारण शेयर बाजार में गिरावट

# सेंसेक्स 345.80 व निफ्टी 120.85 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स 83,190.28 और निफ्टी 25,355.25 के स्तर पर हुआ बंद**

आईटी और दूरसंचार शेयरों में कमजोरी के कारण वीरवार को भारतीय बाजारों में बिकवाली का दौर रहा। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी वीरवार को भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 83,190.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 401.11 अंक या 0.48 प्रतिशत गिरकर 83,134.97 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120.85 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 25,355.25 पर बंद हुआ।

वहीं, एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार अधिकतर ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

### सोना 250 रुपए महंगा, चांदी स्थिर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** निवेशकों और स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी ने सोने की मांग को बढ़ा दिया। वीरवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 250 रुपए बढ़कर 98,670 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपए बढ़कर 98,200 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं, सफेद धातु चांदी का भाव 1,04,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईपीएल टिकट घोटाले में हैदराबाद क्रिकेट एसो. के अध्यक्ष जगनमोहन गिरफ्तार

**एजेंसी, हैदराबाद।** हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अध्यक्ष ए जगन मोहन राव और चार अन्य लोगों को तेलंगाना सीआईडी ने 2025 आईपीएल सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा उन पर और अन्य पर लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जगन मोहन राव, कोषाध्यक्ष सी श्रीनिवास राव, सीईओ सुनील कांते, महासचिव राजेंद्र यादव और उनकी पत्नी जी कविता सहित एचसीए के पदाधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इससे पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सनराइजर्स हैदराबाद की उस याचिका की जांच के आदेश दिए थे, जिसमें एचसीए द्वारा बार-बार की जा रही 'ब्लैकमेलिंग रणनीति' को रोकने के लिए क्रिकेट संचालन संस्थाओं के हस्तक्षेप की मांग की गई थी। हालांकि राज्य इकाई ने फ्रेंचाइजी द्वारा लगाए गए ऐसे सभी आरोपों से इनकार किया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) संचालन परिषद को लिखे पत्र में सनराइजर्स हैदराबाद ने आरोप लगाया कि एचसीए फ्रेंचाइजी को मानार्थ टिकट (फ्री पास) के लिए 'धमकी' दे रहा है। (अनंत ज्ञान)



### आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों के लिए चुने तीन स्थान

**एजेंसी, दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले साल (2026) 12 जून से इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैचों की मेजबानी के लिए तीन स्थलों का चयन किया है जिसमें कार्डिफ के सोफिया गार्डंस और डर्बी काउंटी मैदान भी शामिल हैं। तीसरा स्थल लॉफबोरो विश्वविद्यालय है जो इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नेशनल क्रिकेट परफोरमेंस सेंटर का मुख्यालय है। आईसीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि अभ्यास मैचों का कार्यक्रम उचित समय पर घोषित किया जाएगा। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन तीनों स्थानों का क्रिकेट इतिहास समृद्ध रहा है और इन्होंने महिला क्रिकेट को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंग्लैंड और वेल्स में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप में 12 टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में सात स्थानों पर कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जिसका फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। सभी मैच इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच इंग्लैंड मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 12 जून को होगा। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। (अनंत ज्ञान)

### मिताली पारुलकर का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मताली पारुलकर किसी अभिनेत्री से कम नहीं हैं। वह न केवल एक बिजनेस वूमेन हैं, बल्कि एक पेशेवर बेकर भी हैं।



**भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच** | **पहला दिन** | रेड्डी ने 2 और जडेजा ने लिया एक विकेट

# लॉर्ड्स में इंग्लैंड के बल्लेबाज हुए हावी

**एजेंसी, लंदन**

भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने आए इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाजी जैक क्रॉली और बेन डकेट ने कुछ ही देर पारी को संभाला और बेन डकेट 40 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच करवाया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए ओली पोप ने जैक क्रॉली का साथ दिया, लेकिन क्रॉली भी 43 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें भी नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच करवाया। उसके बाद ओली पोप भी 104 गेंदों पर 44 रन बनाकर चलते बने। उन्हें रवींद्र जडेजा ने ध्रुव जुरेल के हाथों कैद करवाया। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 51 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 160 रन बना लिए थे। जो रूट 115 गेंदों में 56 रन बनाकर खेल रहे थे और उनका साथ हैरी ब्रूक दे रहे थे। (अनंत ज्ञान)



रन लेते इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और पोप।

# लॉर्ड्स के एमसीसी म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग

**एजेंसी, लंदन**



भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले लॉर्ड्स के फेमस मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) म्यूजियम में क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक खास पेंटिंग का उद्घाटन किया गया।

यह पेंटिंग आर्टिस्ट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाई है, जो एक फोटो के आधार पर तैयार की गई है। यह फोटो उन्होंने सचिन के घर पर करीब 18 साल पहले ली थी। यह पेंटिंग इस साल के अंत तक एमसीसी म्यूजियम में रहेगी, इसके बाद इसे लॉर्ड्स के ऐतिहासिक पवेलियन में लगाया जाएगा।

**18 साल पुरानी फोटो से बनी पेंटिंग सचिन बोले-मेरे लिए यह सम्मान का पल**

तेंदुलकर ने इस अवसर पर कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। 1983 में जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता था, तब मैंने पहली बार लॉर्ड्स को देखा था। मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा था और वहीं से मेरी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। आज जब मेरी पेंटिंग लॉर्ड्स के पवेलियन में लगी है, तो लगता है कि मेरी यात्रा अब पूरी हो गई है। अपने करियर को याद करता हूं तो चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह पल बेहद खास है। इस पेंटिंग की खास बात यह है कि यह फुल-लेंथ नहीं है, जैसा कि पहले की पेंटिंग्स थीं, बल्कि यह सचिन के सिर्फ सिर और कंधों पर बनी हैं। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड में वैभव की दीवानी हुईं 2 लड़कियां

**एजेंसी, वॉर्सेस्टर**

**छह घंटे की यात्रा कर पहुंचीं मिलने**



महज 14 साल की उम्र में भारत के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी दुनियाभर में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फिलहाल वह इंग्लैंड दौरे पर यूथ सीरीज के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा हैं, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती जा रही है। इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ इस बल्लेबाज ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। आईपीएल 2025 में अपने पहले सीजन में भी सबसे तेज शतक (भारतीय) लगाकर इस बल्लेबाज ने सुर्खियां बटोरी थीं। हालांकि, अब वह सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि ग्लोबल स्टार बन गए हैं और इसका प्रमाण यह है कि इंग्लैंड दौरे पर दो फैन लड़कियां छह घंटे कार से यात्रा कर उनसे मिलने के लिए पहुंचीं। आईपीएल में वैभव की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने इसकी तस्वीर साझा की है।

राजस्थान रॉयल्स के ट्वीट के मुताबिक, आन्या और रिवा नाम की ये दो लड़कियां सिर्फ वैभव का झलक पाने और उनके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए छह घंटे ड्राइव कर वॉर्सेस्टर पहुंचीं। दोनों ही लड़कियों ने राजस्थान रॉयल्स की जर्सी पहन रखी थी। राजस्थान ने इसकी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''यह सबूत है कि हमारे फैंस सर्वश्रेष्ठ हैं।'' राजस्थान ने लिखा कि दोनों ही लड़कियों के लिए दिन यादगार रहा। (अनंत ज्ञान)

# गावस्कर ने टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से की पंत की तुलना

**एजेंसी, लंदन**



महान महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर वीरवार को अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने ऋषभ पंत की तुलना टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से की है।

गावस्कर ने कहा कि अल्काराज और पंत के बीच काफी समानता है और दोनों शोमैन हैं और अपने-अपने खेल में अप्रत्याशित हैं। अल्काराज विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं, जहां उनका सामना टेलर फ्रिट्ज से होगा। दूसरी ओर, पंत इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वह इंग्लैंड में एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बने। विंबलडन में अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों के बारे में बोलते हुए, गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि हर बार जब मैं इंग्लैंड में होता हूं, तो मैं विंबलडन जाता हूं, लेकिन अगर भारत इंग्लैंड के दौरे पर नहीं होता है या नहीं खेल रहा होता है तो मैं शायद ही लॉर्ड्स जाता हूं। इसलिए हां, कोई कह सकता है कि मैं लॉर्ड्स जाने से ज्यादा विंबलडन देखने जाता हूं। मैं जोकोविच को जीतते हुए देखना चाहूंगा, क्योंकि यह उनका 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब होगा। किसी ने भी कभी 25 मेजर नहीं जीते हैं, इसलिए यह शानदार होगा। मेरा दिल जोकोविच कहता है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा दिमाग अल्काराज कहता है। (अनंत ज्ञान)

# नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, लंदन**



नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया।

इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है। जोकोविच ने कहा, ''मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इस समय यानिक को हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।''

इस बीच महिला एकल में इगा स्वियाटेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक फाइनल में जगह बनाने के लिए गैर-वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से भिड़ेंगी जिन्होंने सातवीं वरीय मीरा एंड्रीवा को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराया।

### टी-20 वर्ल्डकप में क्वालीफाई करने से इटली एक जीत दूर

**एजेंसी, ।** इटली 2026 20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से एक जीत दूर है। आईसीसी मेंस 20 वर्ल्ड कप यूरोप रीजनल फाइनल में इटली ने स्कॉटलैंड को 12 रन से हराया। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और कनाडा पहले ही पहुंच चुके हैं। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा लेंगी, ऐसे में 7 टीमों की जगह खाली है। इटली अब प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर है और अगर वे शुक्रवार (11 जून) को नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी मुकाबला जीत लेते हैं, तो वर्ल्ड कप में उनका स्थान पक्का हो जाएगा। अगर उन्हें इस मैच में करीबी हार भी मिलती है और जर्सी या स्कॉटलैंड अपना मैच बड़े अंतर से नहीं जीतते, तो इटली फिर भी क्वालिफाई कर जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया

**एजेंसी, आइंडहोवन**



भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था। उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया।

इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, ''आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।'' आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

# रियाल मैड्रिड को करारी शिकस्त देकर पीएसजी क्लब विश्व कप के फाइनल में

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)**



चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा।

रुइज ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

अपना पहला यूरोपीय खिताब जीतने के बाद पीएसजी अब रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए मैदान पर कदम रखेगा। पीएसजी की रियाल मैड्रिड पर इस बड़ी जीत ने चैंपियंस लीग के फाइनल की याद भी ताजा कर दी। उसने तब इंटर मिलान को 5-0 से हराया था। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** | हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने खत्म किया 19 साल का सूखा

# भारत ने इंग्लैंड को हराकर पहली बार जीती टी20 सीरीज

**एजेंसी, मैनचेस्टर**


मैच जीतने के बाद खुशी मनाती जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष।

भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 सीरीज में हारती रही थी।

बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया।

इसके बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, ''हमें बहुत खुशी है कि हम यहां सीरीज जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस सीरीज में प्रदर्शन किया, उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला।''

पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरुआत में ही दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने पावरप्ले के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। चोटिल नैट साइवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रही टैमी ब्यूमोंट ने 16 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 20 रन बनाकर पलटवार किया, लेकिन राधा ने उनको लंबी पारी नहीं खेलने दी। इसके पांच गेंद बाद चरणी ने एलिस कैप्सी को पगबाधा आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 93 रन हो गया।

बल्लेबाजी में भारत ने अच्छी शुरुआत की। शेफाली ने आत्मविश्वास के साथ शॉर्ट पिच गेंद का सामना किया और छह चौके लगाए। मंधाना ने भी पांच चौके जड़कर उनका साथ दिया। इन दोनों के आउट होने के बाद जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 24) और हरमनप्रीत कौर (26) ने आठवें से 14वें ओवर के बीच बिना बाउंड्री के पारी को संभाला और आखिरकार भारत को जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

### हम आगे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं: राधा



**अपनी** स्पिन गेंदबाजी से भारत की इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने कहा कि टीम कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध थी। राधा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''इस बार का विश्वास और समर्पण वाकई अलग है। मुझे पहले के बारे में तो नहीं पता, लेकिन इस बार टीम का माहौल बहुत शानदार है और हम आगे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं।'' हालांकि, टीम को अभी भी कुछ क्षेत्रों में सुधार करना है, लेकिन वह हर हाल में दबदबा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।